

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 22 सितंबर 2025 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-1 ■ वर्ष -41 ■ अंक-176 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 23 सितंबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


# पीएम मोदी ने अरुणाचल को दिया 5100 करोड़ का तोहफा



**नई दिल्ली,22 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 5,125 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की है। इनमें शि-योमी जिले में दो प्रमुख पनबिजली परियोजनाओं और तवांग में एक सम्मेलन केंद्र शामिल हैं। उद्घाटन के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अब अरुणाचल देश का पावर सेंटर बनने वाला है। पीएम मोदी ने कहा कि जिन परियोजनाओं की शुरुआत की गई वे डबल इंजन सरकार के दोहरे लाभ का उदाहरण हैं। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि जिन इलाकों को वह पिछड़ा कहकर छोड़ देती थी, आज उनका ही विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट के आठ राज्य हमारे लिए अष्टलक्ष्मी है। तवांग मठ से नामसाई पैगोडा तक अरुणाचल प्रदेश शांति और सद्भाव की भूमि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद 70 से अधिक बार पूर्वोत्तर का दौरा किया है, केंद्र में कांग्रेस सरकार के दौरान इस क्षेत्र की अनदेखी की गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश को पिछले 10 साल में केंद्र से एक लाख करोड़ रुपये मिले, जो कांग्रेस शासन के दौरान मिले धन से 16 गुना ज़्यादा हैं। मुझे पता था कि दिल्ली में बैठकर पूर्वोत्तर का विकास नहीं हो सकता, इसलिए मंत्रियों और अधिकारियों को कई बार इस क्षेत्र में भेजा। पीएम मोदी ने कहा, जहां काम करना मुश्किल होता था, उन्हें कांग्रेस पिछड़ा कहकर भूल जाती थी। ऐसा करके कांग्रेस अपनी नाकामियों को छिपा ले जाती थी। यही कारण है कि लोगों का निरंतर पलायन हुआ। हमारी सरकार ने इस अप्रोच को बदल दिया। जिनको कांग्रेस पिछड़ा जिला कहती थी, हमने उन्हें ऐस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट बनाया और विकास को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने कहा, बॉर्डर के जिन गांवों को कांग्रेस लास्ट विलेज कहती थी, उन्हें हमने फर्स्ट विलेज मांगा। उन गांवों में विकास की नई रफ्तार है। बाइब्रेंट विलेज की सफलता ने लोगों का जीवन आसान बनाया है। अरुणाचल प्रदेश के गांवों में भी बिजली और इंटरनेट की सुविधाएं पहुंची हैं। पहले बॉर्डर से शहरों की ओर पलायन होता था लेकिन अब बॉर्डर के गांव टूरिजम के नए केंद्र बन गए हैं। जैसे-जैसे नए इलाकों में कनेक्टिविटी बढ़ रही है, वैसे-वैसे यहां टूरिजम बढ़ रहा है। बीते दशक में यहां टूरिस्ट की संख्या में दो गुनी वृद्धि हुई है। अरुणाचल का सामर्थ्य कल्चर से जुड़े टूरिजम से भी ज्यादा है। प्रधानमंत्री ने कहा, दुनिया में कनसर्ट टूरिजम की भी बाढ़ आ रही है। तवांग में बनने जा रहा आधुनिक कन्वेंशन सेंटर अरुणाचल के टूरिजम में एक नया आयाम जोड़ेगा। इसे वाइब्रेंट विलेज अभियान से भी बहुत मदद मिलेगी। यह अभियान मील का पत्थर शाबित हो रहा है। आज दिल्ली और ईटानगर दोनों जगह बीजेपी सरकार है। केंद्र और राज्य दोनों की ऊर्जा विकास में लग रही है। कांग्रेस पर करारा हमला बोलेते हुए पीएम मोदी ने कहा, महंगाई बढ़ रही थी, चारों ओर घोटाले हो रहे थे और तब भी कांग्रेस सरकार टैक्स का बोझ बढ़ाती जा रही थी। उस समय दो लाख की कमाई पर भी इनकम टैक्स चुकाना पड़ता था। उस समय की सरकार बच्चों की टॉफी पर भी 20 पर्सेंट से ज्यादा टैक्स लेती थी। तब मैंने कहा था कि मैं आपकी कमाई और बचत दोनों को बढ़ाने का काम करूंगा। बीते सालों हमने 12 लाख तक की आय पर इनकम टैक्स जीरो कर दिया और आज से जीएसटी को भी हमने सिर्फ दो स्लैब तक सीमित कर दिया है। 5 फीसदी और 18 फीसदी। बहुत सारी चीजें टैक्स फ्री हो गई हैं। आप आराम से अब अपना नया घर बना सकते हैं। मोटरबाइक खरीदना है, बाहर खाने-पीने जाना है, घूमने जाना है, यह सब पहले से सस्ता हो गया।

## ऑपरेशन सिंदूर कभी भी हो सकता है शुरु: राजनाथ



**नई दिल्ली.22 सितंबर।** भारत की ओर से ऑपरेशन सिंदूर का दूसरा या तीसरा चरण कभी भी शुरू हो सकता है। यदि पाकिस्तान ने आतंकी हमले कराने या फिर घुसपैठिये भेजने की हिमाकत की तो भारत दोबारा ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने से हिचकेगा नहीं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मोरक्को में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी PoK को लेकर भी बड़ी बात कही। राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर एक दिन भारत का हिस्सा बनेगा और इसके लिए जंग की भी जरूरत नहीं है। राजनाथ सिंह ने कहा कि यदि पाकिस्तानी आतंकियों ने फिर कोई हमला किया तो हम ऑपरेशन सिंदूर तत्काल शुरू करेंगे। राजनाथ सिंह ने यह बताने से इनकार कर दिया कि ऑपरेशन सिंदूर में कितने पाकिस्तानी आतंकी ढेर किए गए थे। उन्होंने कहा कि यदि हमने आंकड़ा बताया तो लोग खुशी से नाचने लगेंगे। उन्होंने कहा कि एक दिन पीओके भारत का हिस्सा होगा और उसके लिए जंग की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी तैयारी का स्तर यह है कि पहलगाम आतंकी हमले के अगले ही दिन एक मीटिंग बुलाई गई थी। इस मीटिंग में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, रक्षा सचिव, तीनों सेनाओं के प्रमुख और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ मौजूद थे। इस दौरान मैंने पूछा कि क्या अभी जंग छिड़ जाए तो हम उसके लिए तैयार हैं। इस पर सभी सेना प्रमुखों ने कहा कि हम एकदम तैयार हैं। किसी भी वक्त जंग शुरू की जा सकती है। डिफेंस मिनिस्टर ने कहा कि इसके बाद मैं अगले दिन पीएम नरेंद्र मोदी से मिला। उन्होंने मीटिंग के दौरान तीन सेनाओं को अधिकृत किया कि वे जैसा चाहें ऐक्शन ले सकते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि इसके बाद क्या हुआ, यह हम जानते ही हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान के अंदर 100 किलोमीटर तक घुसकर आतंकी ठिकानों को तबाह किया। इसके अलावा जैश-ए-मोहम्मद के ही एक आतंकी सरगना ने माना कि इन हमलों में मसूद अजहर का परिवार ही मारा गया। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच अंतर यह है कि वे धर्म देखकर हमले करते हैं, लेकिन हमारी तरफ से ऐसा नहीं किया जाता।

## नान घोटाला मामला: ईडी ने रिटायर्ड आईएएस आलोक शुक्ला को किया गिरफ्तार

**रायपुर,22 सितंबर।** बहुचर्चित नान (नागरिक आपूर्ति निगम) घोटाले मामले में पूर्व मुख्य सचिव और रिटायर्ड आईएएस अधिकारी आलोक शुक्ला आज तीसरी बार ईडी की विशेष कोर्ट में सरेंडर के लिए पहुंचे। जहां सरेंडर आवेदन स्वीकार होने के बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा की भी जल्द गिरफ्तारी होने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को ईडी रिमांड पर सौंपेगी। ईडी ने कोर्ट में 28 दिन का रिमांड आवेदन भी दायर किया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के मुताबिक इस मामले में पूरी कार्रवाई विधिवत तरीके से होगी।



बहुचर्चित नान घोटाला केस में डॉ. शुक्ला और अनिल टुटेजा को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिल चुकी थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच जस्टिस सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक, दोनों अधिकारियों को पहले दो हफ्ते ईडी की कस्टडी में रहना होगा। उसके बाद दो हफ्ते न्यायिक हिरासत में रहना होगा। इसके बाद ही उन्हें जमानत मिल सकेगी। अदालत ने यह भी कहा कि आरोपियों ने 2015 में दर्ज नान घोटाला मामले और ईडी की जांच को प्रभावित करने की कोशिश की थी। सुप्रीम कोर्ट से जमानत याचिका के खारिज होने के दूसरे ही दिन यानी 18 सितंबर को ईडी की टीम ने डॉ. आलोक शुक्ला के भिलाई के तालपुरी स्थित घर में दबिश दी थी। उस दौरान डॉ. आलोक शुक्ला ईडी की स्पेशल कोर्ट में सरेंडर करने पहुंचे, लेकिन कोर्ट ने उन्हें सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अपलोड नहीं होने का हवाला देते हुए सरेंडर करने से रोक दिया था।

## तेजस में अब लगेगा फ्रांस का इंजन?

**नई दिल्ली,22 सितंबर।** तेजस मार्क 2 फाइटर जेट के लिए पूरी तरह मेड इन इंडिया इंजन बनाने की पेशकश कर रहे हैं। यानी की अब अमेरिकी जीईएफ इंजन के कॉन्ट्रैक्ट पर सबसे बड़ा खतरा मंडराने लगा है। यही वो चाल है जिसने अमेरिका को सकते में डाल दिया है और फ्रांस को गुपचुप तरीके से बड़ी वापसी का मौका दे दिया है। डोनाल्ड ट्रंप बार बार कहते हैं कि आई हैग गॉट ऑल द काड्र्स यानी सारे पत्ते मेरे पास हैं। लेकिन अब दुनिया भी देख रही है कि भारत ने भी अपना असली ट्रंप कार्ड खेल दिया है। खबर ये है कि भारत फ्रांस की साफरन कंपनी के उस ऑफर पर गंभीरता से विचार करना शुरू कर दिया है, जिसमें वो तेजस मार्क 2 फाइटर जेट के लिए पूरी तरह मेड इन इंडिया इंजन बनाने की पेशकश कर रहे हैं। यानी की अब अमेरिकी जीईएफ इंजन के कॉन्ट्रैक्ट पर सबसे बड़ा खतरा मंडराने लगा है। यही वो चाल है जिसने अमेरिका को सकते में डाल दिया है और फ्रांस को गुपचुप तरीके से बड़ी वापसी का मौका दे दिया है। आपको बता दें कि फ्रेंच एयरोस्पेस जाइंट साफरन ने भारत सरकार और हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को ऑफर दिया है कि तेजस मार्क 2 के लिए वे एक बिल्कुल नया इंजन बनाएंगे। जिसकी पूरी मैन्युफैक्चरिंग इंडिया में होगी। सिर्फ इतना ही नहीं साफरन ने साफ कहा कि वे टेक्नोलॉजी ट्रांसफर भी देंगे। यानी इंजन की पूरी कोर टेक्नोलॉजी भारत को मिल सकती है। वो टेक्नोलॉजी जिसे अमेरिका आज तक किसी को आसानी से नहीं दे सकता है। आपको बता दें कि साफरान पहले से ही भारत के साथ काम कर रहा है। डीआरडीओ-जीटीआरई के साथ मिलकर 120 केएन का अगली पीढ़ी का इंजन विकसित करने का प्रोजेक्ट चल रहा है। मीडिया रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि यह 80% प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ GE F414 इंजनों के सह-उत्पादन के लिए 2023 में हस्ताक्षरित मौजूदा समझौता ज्ञापन को रद्द करने का संकेत नहीं है.

## ऑपरेशन सिंदूर की मिसाइल डल झील में मिली, सुरक्षा बलों ने जांच के लिए भेजा

**श्रीनगर,22 सितंबर।** मलबे को नजदीकी पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है, जहाँ उन्हें आगे की जाँच और आवश्यक कार्रवाई के लिए रखा गया है। 10 मई को, श्रीनगर में ज़ोरदार धमाकों की आवाज़ सुनाई दी थी जब एक मिसाइल जैसी वस्तु श्रीनगर के एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण, डल झील की गहराई में गिरी थी। अधिकारियों ने बताया था कि जब यह वस्तु गिरी तो झील की सतह से धुआँ उठ रहा था। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल डल लेक से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान फटा शैल का अवशेष मिला है। झील संरक्षण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एलसीएमए) की टीमों ने जलाशय की सफाई के दौरान इन गोले के अवशेषों की खोज की। मलबे को नजदीकी



पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है, जहाँ उन्हें आगे की जाँच और आवश्यक कार्रवाई के लिए रखा गया है। 10 मई को, श्रीनगर में ज़ोरदार धमाकों की आवाज़ सुनाई दी थी जब एक मिसाइल जैसी वस्तु श्रीनगर के एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण, डल झील की गहराई में गिरी थी। अधिकारियों ने बताया था कि जब यह वस्तु गिरी तो झील की सतह से धुआँ उठ रहा था। बाद में सुरक्षा बलों ने मलबा निकाला। उसी दिन, शहर के बाहरी इलाके लासजान से एक और संदिग्ध वस्तु बरामद की गई। 10 मई को श्रीनगर में कई विस्फोट हुए। ये घटनाएँ ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा थीं। पहलगाम आतंकी हमले, जिसमें 26 लोग मारे गए थे, के जवाब में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। इसके बाद, भारत ने आतंकी ढाँचों और पाकिस्तानी हवाई अड्डों पर लक्षित हमले किए, जबकि पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइल हमलों से जवाबी कार्रवाई की, जिन्हें भारतीय सशस्त्र बलों ने नाकाम कर दिया।

## पाकिस्तानी सेना का गजब कारनामा !

**करांची,22 सितंबर।** पड़ोसी देश पाकिस्तान की वायु सेना ने अपने ही देश के लोगों पर कहर बरपाया है। सोमवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पाकिस्तानी वायु सेना के हवाई हमलों में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 30 लोग मारे गए हैं। यह घटना तड़के करीब 2 बजे हुई जब पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने तिराह घाटी स्थित मत्रे दारा गाँव पर आठ बम गिरा दिए, जिससे गांव और आसपास के इलाके में भारी तबाही मच गई। ये LS-6 कैटगरी के विनाशकारी बम थे, जो चीनी JF-17 लड़ाकू विमानों से गिराए गए थे। मारे गए सभी लोग नागरिक हैं। इस हमले पर अभी तक पाकिस्तानी सरकार की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आ सका है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बमबारी में 20 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। स्थानीय निवासियों के मुताबिक, जब गांव के लोग सो रहे थे, तभी तेज धमाकों से उनकी नींद खुली। बमबारी इतनी भयानक थी कि गांव का बड़ा हिस्सा तबाह हो गया है।

स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट में घटनास्थल की विचलित करने वाली तस्वीरों और वीडियो में बच्चों समेत कई लोगों के शव वहीं पड़े दिखाई दे रहे हैं। बचाव दल मलबे के नीचे शवों की तलाश में लगे हुए हैं। इससे मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। खैबर पख्तूनख्वा में पहले भी कई आतंकवाद-रोधी अभियान चलाए जा चुके हैं, जिनमें इस क्षेत्र से कई नागरिकों की मौत की खबरें आई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि कई लोग लापता बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश मलबों में की जा रही है। यह घटना पाकिस्तान के अंदरूनी हालात और कलह को भी उजागर कर रही है। खैबर पख्तुनख्वा इलाका लंबे समय से अशांत रहा है, जहां पाक सरकार की नहीं चल पाती है।

**जनवरी से अगस्त के बीच प्रांत में 605 आतंकी घटनाएं**-खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में इससे पहले भी कई आतंकवाद विरोधी अभियान चलाए गए हैं, और इस क्षेत्र से कई नागरिकों की मौत की खबरें पहले भी आई हैं। खैबर पख्तूनख्वा की पुलिस के मुताबिक, इस साल जनवरी से अगस्त के बीच प्रांत में 605 आतंकी घटनाएं हुई हैं, जिनमें कम से कम 138 नागरिक और 79 पाकिस्तानी पुलिसकर्मी मारे गए। अकेले अगस्त में 129 घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें छह पाकिस्तानी सेना और अर्धसैनिक संघीय कांस्टेबुलरी कर्मियों की हत्या भी शामिल थे।ये इलाका आतंकी गतिविधियों का केंद्र रहा है। संभव है कि उन्हीं आतंकी ठिकानों पर पाक सेना ने बम गिराकर कार्रवाई की हो।

## तिहाड़ जेल से अफजल गुरु और मकबूल भट्ट की कब्रें हटाने की मांग

**दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल**

**नई दिल्ली,22 सितंबर।** दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर मांग की गई है कि तिहाड़ जेल में मौजूद आतंकियों अफजल गुरु और मकबूल भट्ट के कब्रों को हटाया जाए. याचिका विश्व वैदिक सनातन संघ नामक संस्था ने दायर किया है. याचिका में मांग की गई है कि तिहाड़ जेल में बनी अफजल गुरु और मकबूल भट्ट की कब्रे हटाई जाएं. याचिका में कहा गया है कि जेल परिसर में इन कब्रों का मौजूद होना और उनका बनाए रखना अवैध और असंवैधानिक है. याचिका में कहा गया है कि इन कब्रों के होने से तिहाड़ जेल कथित तौर पर कट्टरपंथी तीर्थ स्थल बन गया है. याचिका में कहा गया है कि यह दिल्ली प्रिजन रुल्स के प्रावधानों के खिलाफ है. दिल्ली प्रिजन रुल्स के मुताबिक फांसी की सजा पाए कैदियों के शवों का निपटारा इस प्रकार से करना है कि किसी भी तरह से आतंकवाद का महिमामंडन हो और जेल में अनुशासन बना रहे. तिहाड़ जेल में कुछ लोग इन कट्टरपंथी आतंकियों की कब्रों की इबादत करने के लिए एकत्र होते हैं. याचिका में मांग की गई है कि इन कब्रों को स्थानांतरित किया जाए और अगर किसी वजह से इन कब्रों को जेल से हटाना संभव न हो तो उनकी अस्थियों को किसी गुप्त स्थान पर स्थानांतरित कर दिया जाए. इसका उद्देश्य सिर्फ शवों का स्थानांतरण नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि इन कब्रों के जरिये आतंकवाद का महिमामंडन न हो और जेल परिसर का दुरुपयोग नहीं हो. बता दें कि अफजल गुरु को 2001 में संसद पर हुए हमलों के मामले में फरवरी 2013 में फांसी दी गई थी, जबकि मकबूल भट्ट को भारत विरोधी आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के मामले में फरवरी 1984 में फांसी दी गई थी. मकबूल भट्ट जेकेएलएफ का सह-संस्थापक था.

## माता जहां सालों से विराजित होती रहीं हैं, इस साल भी वहीं विराजेंगी: गृह मंत्री

**कवर्धा,22 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा में बीते दिन दुर्गा माता पंडाल को लेकर दो समुदाय के बीच जमकर विवाद हुआ. इस मामले में गृह मंत्री विजय शर्मा मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रशासन ने दोनों पक्षों से बैठकर बातचीत की है. कुछ लोगों द्वारा व्यवस्था तोड़कर पंडाल को हटाने की कोशिश की गई थी, लेकिन शासन ने निर्णय लिया है कि माता वही विराजेंगी, जहां पहले विराजती थीं. यह स्थल पिछले कई वर्षों से माता के पूजन का केंद्र रहा है.

दरअसल, कामठी गांव के जब शिव मंदिर परिसर में दुर्गा माता की मूर्ति स्थापना को लेकर हिंदू समाज और गोंडवाना समाज के बीच कई बार विवाद खड़ा हो चुका है. इस साल भी पंडाल लगाने को लेकर दोनों समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई. गोंडवाना पार्टी के समर्थकों ने पंडाल उखाड़कर फेंक दिया और मंदिर की बाउंड्रीवाल पर ताला जड़ दिया, जिसके बाद दुर्गा समिति के लोग विरोध में जुटे, और पुलिस के साथ झूमाझटकी हो गई, जिसमें कई लोग घायल हो गए.

**विवाद की जड़**-प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कलेक्टर, एसपी और अन्य अधिकारियों की अगुवाई में भारी पुलिस बल तैनात किया. कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आश्वासन दिया कि परंपरा के अनुसार दुर्गा स्थापना की जाएगी, जबकि एसपी धर्मेंद्र छवई ने हिंदू समाज को यह भरोसा दिलाया कि किसी को इस धार्मिक आयोजन को रोकने नहीं दिया जाएगा. यह विवाद पहले भी हुआ था, क्योंकि गोंडवाना पार्टी समर्थक इसे अपनी जमीन मानते हैं, जबकि हिंदू समाज का कहना है कि सालों से यहां धार्मिक आयोजन होते आ रहे हैं.



**नक्सलियों के पत्र पर गृहमंत्री विजय शर्मा का बयान**-गृह मंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों के द्वारा भेजे गए पत्र पर प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा, "मायावादियों द्वारा भेजे गए पत्र के बाद एक और पत्र आया. उनकी पुरानी परंपरा से हम वाकिफ हैं. नक्सलियों से अपील है कि सिविलियन किलिंग बंद करें." विजय शर्मा ने यह भी कहा कि जहां-जहां आईडी बिछाए गए हैं, वहां से नक्सली उठाए जाएं या फिर किसी नजदीकी कैंप में सूचना भेजें. "जनता, जानवर और जवानों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए आईडी खत्म होनी चाहिए," उन्होंने कहा. डिप्टी सीएम ने यह भी कहा कि अगर नक्सली ऐसा कदम उठाते हैं, तो उनकी विश्वसनीयता बढ़ेगी.

**नए GST रिफॉर्म पर गृहमंत्री विजय शर्मा का बयान**-उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जीएसटी के नए रिफॉर्म पर बात की. उन्होंने बताया कि अब 5 और 18 प्रतिशत के टैक्स स्लैब लागू हो गए हैं, जिससे देश में एक बड़ा परिवर्तन आया है. जीएसटी के जरिए टैक्स पेयर की संख्या में वृद्धि हुई है. पहले जहां 65 लाख टैक्स पेयर थे, अब उनकी संख्या 1 करोड़ 50 लाख हो गई है. उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण अंचल में दुकानदारों से संवाद कर जीएसटी के बारे में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा. प्रधानमंत्री के द्वारा स्वदेशी अपनाने की अपील की गई है और इसके तहत 22 से 27 सितंबर तक अभियान चलाया जाएगा.

**डायल 112 वाहन चालकों को 2 महीने से वेतन नहीं मिला**-डायल 112 के वाहन चालकों को पिछले दो महीनों से वेतन नहीं मिला है. इस मुद्दे पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्लेसमेंट एजेंसी ने चालकों को वेतन नहीं दिया है. उन्होंने संबंधित विभाग को आदेश दिया है कि वे कंपनी से बातचीत कर इस समस्या का समाधान करें.

## संक्षेप

### जवानों ने किया 2 नक्सलियों को ढेर

**नारायणपुर,22सितंबर।** महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमावर्ती अबूझमाड़ क्षेत्र में जारी पुलिस नक्सल मुठभेड़ में जवानों ने 2 नक्सलियों को मार गिराया है. क्षेत्र में सर्चिंग के दौरान जवानों ने AK-47 और अन्य हथियारों समेत दोनों के शव बरामद कर लिए गए हैं. साथ ही मौके से नक्सल सामग्री और विस्फोटक भी बरामद किए गए हैं. मारे गए नक्सलियो की संख्या बढ़ने की संभावना है. जानकारी के मुताबिक, सुरक्षा बल के जवानों ने माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर सर्च अभियान चलाया. अबूझमाड़ के जंगलों में सर्चिंग के दौरान सुबह से नक्सलियों और सुरक्षबल के जवानों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई जो अब तक जारी है. अबतक की कार्रवाई में जवानों ने 2 पुरुष माओवादी को ढेर कर सफलता हासिल की है. मुठभेड़ में ढेर नक्सली का शव और हथियार बरामद कर लिया गया है.

### खेत से लौट रहे ग्रामीण को हाथी ने सूंड से उठाकर पटका, मौके पर ही मौत

कोरबा. खेत में काम कर घर लौट रहे ग्रामीण का सामना लोनर हाथी से हो गया. वह भागकर सुरक्षित स्थान तक पहुंचता, इससे पहले दंतैल ने सूंड से पकड़कर ग्रामीण को जमीन पर पटक दिया. जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना कटघोरा वनमंडल के पसान वन परिक्षेत्र अंतर्गत तनेरा ग्राम के गोरिल्ला डांड़ की है. जानकरी के मुताबिक, धन सिंह गोंड़ 45 वर्ष परिवार सहित निवास करता था. धनसिंह रविवार दोपहर करीब 2.30 बजे खेत के समीप जंगल से जलाऊ लकड़ी लेकर घर लौट रहा था. इसी दौरान उसका सामना लोनर हाथी से हो गया. धन सिंह दंतैल से अपनी जान बचाकर भाग रहा था. वह सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की कोशिश कर रहा था, लेकिन इससे पहले ही दंतैल ने उसे सूंड से पकड़कर जमीन पर पटक दिया. इससे उसकी मौत हो गई. पसान रेंजर मनीष सिंह ने बताया कि हमला करने वाले हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा गया है. ग्रामीणों से घटनाक्रम की जानकारी ली गई. आगे की कार्यवाही करते हुए ग्रामीणों को हाथी से दूर रहने की समझाइश दी गई है. वन विभाग की ओर से नियमों के मुताबिक, पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपए की तत्काल सहायता राशि दी गई है. वहीं हाथी के दहशत में गुजर-बसर कर रहे ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि प्रशासन ने जल्द कदम नहीं उठाए तो वे गांव छोड़ने के लिए मजबूर होंगे.

### अहमदाबाद विमान हादसे पर सुको का डीजीसीए को नोटिस

**नई दिल्ली,22 सितंबर।** सुप्रीम कोर्ट ने अहमदाबाद में 12 जून को हुए एयर इंडिया विमान हादसे की स्वतंत्र, निष्पक्ष और समयबद्ध जाँच की माँग वाली एक जनहित याचिका (PIL) पर केंद्र और अन्य संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया। विमान दुर्घटना जाँच ब्यूरो (AAIB) के निष्कर्षों पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए, शीर्ष अदालत ने पायलट की गलती के वृत्तांत को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और केंद्र व अन्य से जवाब माँगा। एनजीओ ने आगे दावा किया है कि प्रारंभिक जाँच के दौरान कई महत्वपूर्ण पहलुओं की अनदेखी की गई, जिनमें ईंधन स्विच की खराबी, विद्युत दोष, रैम एयर टर्बाइन (आरएटी) का संचालन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक विसंगतियाँ शामिल हैं। याचिका में उठाई गई एक और बड़ी चिंता कथित हितों के टकराव की है - जाँच दल में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अधिकारी शामिल हैं, जिस पर स्वयं विमानन सुरक्षा में लापरवाही के आरोप हैं। एनजीओ ने ज़ोर देकर कहा कि जाँच पूरी तरह से पारदर्शी होनी चाहिए और अदालत द्वारा इसकी निगरानी की जानी चाहिए।

## एक नजर

### प्रतिबंधित दवा सहित तीन गिरफ्तार



**भिलाई, 22 सितंबर।** भिलाई पुलिस ने एक बड़े ड्रग्स नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए गैंग के सरगना वैभव खंडेलवाल के तीन डिस्ट्रीब्यूटर को भी गिरफ्तार किया है आरोपियों के कब्जे से प्रतिबंधित टैबलेट्स जब्त की गई है प्रतिबंधित दवा सप्लाई करने वाली इडियामार्ट कंपनी को नोटिस जारी किया है स्मृति नगर चौकी पुलिस ने बताया कि 16 सितंबर का मामला है जब पुलिस ने आरोपी वैभव खंडेलवाल को बड़ी मात्रा में नशीली दवाओं के साथ पकड़ा था पूछताछ के दौरान उसने अन्य साथियों के नाम का खुलासा किया उसके सहयोगी (डिस्ट्रब्यूटर) कुणाल यादव, कसु सिंह राजपूत और अब्दुल अलीम को पोटिया रोड स्थित एक रेस्टोरेंट के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी में आरोपी हुडको निवासी कुणाल यादव से। स्ट्रीप (10 गोली), वासु सिंह राजपूत से 2 स्ट्रीप (20 गोली) और अब्दुल अलीम से 15 नशीली गोली बरामद किया गया। बरामद दवाओं को मौके पर सीलबंद कर आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत गिरफ्तार किया गया पुलिस ने तीनों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है ।

### हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 22 सितंबर।** भिलाई कुम्हारी थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 4 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ गिरफ्तार किया है उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है कुम्हारी प्रभारी योगेश्वर वर्मा ने बताया शंकर नगर निवासी संदेही लवप्रीत सिंह उर्फ करण द्वारा हेरोइन की विक्री करने ग्राहक तलाशने की सूवना मिली थी कुम्हारी थाने टीम के साथ अहिवारा रोड स्थित बताए गए स्थान पर दबिश दी। संदेही को हिरासत में लिया गया उसकी तलाशी लेने पर 4 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई बरामद मादक पदार्थ को जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 (ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की।

### रिटायर कर्मी से 86 हजार की ठगी

**भिलाई, 22 सितंबर।** भिलाई स्मृति नगर चौकी अतंर्गत बैंक की रिटायर्ड कर्मी के खाते से 86 हजार रुपए से ज्यादा रकम की ठगी का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 318 (4) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर जांच में लिया है स्मृति नगर चौकी पुलिस ने बताया कि स्मृति नगर निवासी मंजरी मनोज मेने ने रिपोर्ट दर्ज कराई प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि वह जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग से सेवानिवृत है एक्सीस बैंक की नेहरू नगर ब्रांच में उसका बचत खाता है मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आया। कॉल रिसीव करने पर खुद को एक्सिस बैंक का कर्मी होने की जानकारी दी कहा कि उसे खाते की केवाईसी अपडटे करने बैंक शाखा आना होगा इसके बाद उसके खाता संबंधी जानकारी दी इस पर उसे आरोपी की बातों पर विश्वास हो गया केवाईसी अपडेट करने के लिए ओटीपी मांगने लगा मोबाइल पर मैसेज आने पर उसने ओटीपी बता दिया इसके तुरंत बाद उसके खाते से एक मुश्त 86 हजार 421 रुपए की रकम निकल गई।

इस पर उसने तुरंत अपने पति को जानकारी दी इसके बाद दोनों नेहरू नगर स्थित बैंक शाखा पहुंचे।

वहां से जानकारी मिली कि उनके खाते से रकम कोटेक महिंद्रा बैंक के ओमप्रकाश दास नाम के खातेधारक के अकाउंट में रकम गई है इसके बाद सायबर हेल्प लाइन नंबर कंपलेन रजिस्टर्ड करा दी ।

# नवरात्रि पर श्रद्धा और उत्साह का संगम, माँ दुर्गा के जयकारों से गूंजा शहर

**भिलाई, 22 सितम्बर।** नौ दिनों तक चलने वाले शक्ति की उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्रि आज से उत्साह और श्रद्धा के साथ प्रारम्भ हो गया है। आज प्रथम दिवस माँ के प्रथम रूप शैलपुत्री की विशेष आराधना की जा रही है। दुर्ग-भिलाई के मंदिरों, पंडालों और गरबा स्थलों पर माँ दुर्गा के विविध रूपों एवं आकर्षक झांकियों की स्थापना की गयी है। नौ दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में सुबह से देर रात तक धार्मिक कार्यक्रमों और सांस्कृतिक आयोजनों का सिलसिला जारी है। दुर्गा मंदिर की माता जी श्रीमती धर्मवती शुक्ला ने बताया कि ज्योतिष गणना के हिसाब से इस बार नवरात्रि का पर्व दस दिनों का होगा।

### आकर्षक सजावट और भव्य पंडाल

भिलाई के विभिन्न सेक्टरों, वार्डों और कॉलोनियों में इस बार नवरात्रि पंडालों की सजावट ने लोगों का मन मोह लिया है। जगह-जगह स्थापित दुर्गा प्रतिमाएं अद्भुत



शिल्प और रंग-बिरंगे फूलों की सजावट के साथ भक्तों को आकर्षित कर रही हैं। सेक्टर-6, सेक्टर-10, सुपेला, पावर हाउस, चरोदा और सिविक सेंटर में भव्य पंडालों को आकर्षक लाइटिंग और थीम आधारित डेकोरेशन से सजाया गया है। सेक्टर-7 में आकर्षक झांकी का निर्माण किया गया है।

### माँ बम्लेश्वरी दर्शन के लिए जाने वाले पदयात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था

डोंगरगढ़ स्थित माँ बम्लेश्वरी मंदिर में नवरात्रि के दौरान पदयात्री श्रद्धालुओं के लिए स्वयं सेवी संगठनों ने विशेष इंतजाम किए हैं। दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए रेलवे की ओर से विशेष ट्रेनें, अतिरिक्त ठहराव और सुरक्षा व्यवस्था की गई है। भिलाई से भी बड़ी संख्या में पदयात्री प्रत्येक नवरात्रि को माँ के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जाते हैं।

### स्वच्छता और सुरक्षा पर विशेष ध्यान

नगर निगम भिलाई ने नवरात्रि के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मंदिरों और पंडालों के आसपास सफाई, पेयजल और रोशनी की विशेष व्यवस्था की है। पुलिस प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन और यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल की तैनाती की है।

### धार्मिक उत्साह में सामाजिक संदेश

कई समितियों ने नवरात्रि महोत्सव को केवल धार्मिक पर्व तक सीमित न रखते हुए स्वच्छता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण जैसे सामाजिक संदेशों को भी शामिल किया है। पंडालों में बैनर और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। भिलाई का पूरा शहर इन दिनों माँ दुर्गा की भक्ति, गरबा की ताल और भव्य सजावट से सजा हुआ है। श्रद्धालु माताजी की आराधना में लीन हैं और नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए तैयार हैं।

# नवरात्रि के पहले दिन से जीएसटी में छूट, बाजारों में बढ़ेगी रौनक

**भिलाई, 22 सितंबर।** पितृ पक्ष की समाप्ति के साथ ही आज से नवरात्रि महापर्व का शुभारंभ हो गया है। इसी दिन से केंद्र सरकार द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में किए गए व्यापक संशोधन भी लागू हो गए हैं।

नए प्रावधानों के तहत अनेक वस्तुओं पर टैक्स में महत्वपूर्ण छूट दी गई है, जिसके चलते रोजमर्रा के सामानों के दामों में कमी देखने को मिल रही है। त्योहारी सीजन में नवरात्रि के बाद दशहरा, दीपावली और छठ महापर्व आने वाले हैं। इन अवसरों पर लोग बड़ी मात्रा में खरीदारी करते हैं। व्यापारियों का मानना है कि जीएसटी दरों में कमी से इस बार बाजार में ग्राहकी और अधिक बढ़ेगी। संशोधित जीएसटी स्लैब में पहले के 12 और 28 प्रतिशत कर को घटाकर क्रमशः 5 और 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इसका सीधा असर लगभग 400 वस्तुओं की कीमतों पर पड़ेगा। इसमें शैम्पू, साबुन, इलेक्ट्रॉनिक्स, एसी, मोटर कार जैसी वस्तुएं शामिल हैं। वहीं पनीर, दूध और ब्रेड जैसी आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। ग्राहकों को जहां इस बदलाव से राहत मिली है, वहीं कारोबारियों में भी उत्साह का माहौल है। व्यापारी संगठन इसे त्योहारी सीजन के लिए सकारात्मक संकेत मान रहे हैं।

### नवरात्रि मेले के लिए डोंगरगढ़ आने-जाने वाली ट्रेनों में विशेष सुविधा

**भिलाई, 22 सितम्बर।** नवरात्रि पर्व पर माँ बम्लेश्वरी मंदिर, डोंगरगढ़ में लगने वाले वार्षिक मेले (22 सितम्बर से 01 अक्टूबर) के दौरान दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। इस अवधि में ट्रेनों का अस्थायी ठहराव, स्पेशल ट्रेनें और कुछ गाड़ियों का विस्तार किया जाएगा। रेलवे के अनुसार की गई प्रमुख व्यवस्थाएँ इस प्रकार हैं– गोंदिया-दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेंजर (68742/68741) को रायपुर तक विस्तारित किया जाएगा। रायपुर-डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर (68729/68730) का रेस्टोरेशन कर इसे गोंदिया तक बढ़ाया जाएगा। डोंगरगढ़-दुर्ग-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल (06886/06885) नवरात्रि अवधि में विशेष रूप से चलाई जाएगी। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा से पहले ट्रेनों की समय सारणी की जानकारी अवश्य प्राप्त करें, ताकि मेले के दौरान उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# देवेंद्र यादव ने सुनीं जनता की समस्याएं, त्वरित समाधान का दिया भरोसा



**भिलाई, 22 सितम्बर।** भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक देवेंद्र यादव ने रविवार को अपने सेक्टर-5 स्थित विधायक निवास में क्षेत्रवासियों से भेंट-मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सुबह से ही बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और युवा अपनी-अपनी समस्या लेकर पहुँचे।

पूरे दिन विधायक निवास पर लोगों का आना-जाना लगा रहा। नागरिकों ने विधायक के समक्ष मुख्यतः पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य और सफाई व्यवस्था से संबंधित मुद्दे उठाए। इसके अलावा कई लोगों ने व्यक्तिगत परेशानियाँ भी बताईं और समाधान की उम्मीद जताई। विधायक यादव ने प्रत्येक नागरिक की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करना उनकी पहली प्राथमिकता है और किसी भी समस्या के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक ने क्षेत्र के बड़े-बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ समाज निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जनता से सीधा संवाद ही जनप्रतिनिधि को अपनी जिम्मेदारियाँ निभाने की सच्ची दिशा देता है। जनता से सीधे जुड़ने और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनने की विधायक की इस पहल की उपस्थित नागरिकों ने सहजता और संवेदनशीलता के लिए सराहना की। मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस कप्तान ने तीन सहायक उप निरीक्षकों को स्टार लगा कर उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की



**कवर्धा, 22 सितंबर।** पुलिस महानिदेशक, नया रायपुर (छत्तीसगढ़) के आदेशानुसार जारी योग्यता सूची वर्ष 2025 के अंतर्गत जिला कबीरधाम के तीन सहायक उप निरीक्षकों का उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है, जिसमें (1) सहायक उप निरीक्षक श्रीमती उमा उपाध्याय थाना सहसपुर लोहारा(2) सहायक उप निरीक्षक रघुवंश लाल पाटिल थाना पांडातराई (3) सहायक उप निरीक्षक श इसराइल खान अजाक थाना कवर्धा।जिन्हें दिनांक 20 सितंबर 2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कबीरधाम में पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र सिंह द्वारा पदोन्नत अधिकारी के एक कंधे पर स्टार लगाया गया तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र बघेल द्वारा दूसरे कंधे पर स्टार लगाकर उन्हें सहायक उप निरीक्षक के पद से उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान कर नई जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नत अधिकारी को मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि - ÷पदोन्नति केवल पद और दायित्व की वृद्धि नहीं, बल्कि यह कर्तव्यों के प्रति समर्पण और कार्यकुशलता की स्वीकृति है। आशा है कि पदोन्नत तीनों ही अधिकारी अपने अनुभव, निष्ठा और मेहनत से विभाग की गरिमा को और ऊँचाई प्रदान करेंगे।÷

इस अवसर पर उपस्थित उप पुलिस अधीक्षक श्री संजय ध्रुव, उप पुलिस अधीक्षक श्री आशीष शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार चंद्राकर, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली श्री लाल जी सिंह व कार्यालयीन अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर पदोन्नति की बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

# दुर्गा मंदिर में दीप प्रज्वलित कर नगर की खुशहाली की प्रार्थना की



**जामुल।** शारदीय क्वांर नवरात्रि पर्व के अवसर पर वार्ड 4 नंदिनी रोड स्थित दुर्गा मंदिर में जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर ने दीप प्रज्वलित कर माँ दुर्गा से जामुल नगर की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मंदिर के संचालक एवं पूर्व पालिका उपाध्यक्ष मेघनाथ साहू और कामिन साहू द्वारा हर वर्ष की तरह सेवा भाव से नवरात्र उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें नगर के अनेक श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर बंटी गुप्ता, गिरधारी लाल साहू, जगदीश देवांगन, विष्णु सिन्हा, तुलसी साहू, जीवन साहू, डी.आर. ठाकुर, राम किशुन पटेल, संतोष कन्नौजे, टेकलाल लिल्हारे, आजुराम साहू, ओमप्रकाश साहू, मनीष साहू, पिंटू साहू, गोविंद दहिया, पवन दहिया, पंडित कमल महराज, शेषु सिंह, नारायण गौतम, प्रह्लाद जंघेल, प्रमोद गुप्ता, गुलज़ार साहू, गुलशन साहू, कोमल देवांगन, अजय गौतम, तोपलाल साहू, गोपाल साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूजा-अर्चना का कार्य मुख्य पुजारी पंडित संजय शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ तथा मुख्य पंडा गंगाधर साहू ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

# नवरात्रि में मंदिर एवं दुर्गा पंडाल के आसपास नहीं बिकेगा अंडा,बिरयानी : चंद्रप्रकाश

**कवर्धा, 22 सितंबर।** नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने क्वांर नवरात्रि को लेकर शहर के अलग-अलग स्थानों पर अंडा, बिरयानी जैसे दुकानो का व्यवसाय कर रहे व्यवसायियों के साथ एक बैठक आयोजित की। नवरात्रि के पावन अवसर पर कवर्धा नगर की सांस्कृतिक एवं धार्मिक भावनाओं की महत्ता को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका व व्यापारियों ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि नवरात्रि पर्व के अवसर पर मंदिर क्षेत्र के आसपास दुकानें बंद रखने एवं निर्धारित स्थल में दुकान संचालित करने निर्णय लिया गया।नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने आज अंडा बिरयानी की दुकान लगाने वाले व्यवसासियों के साथ बैठक कर नवरात्रि पर्व में व्यवसाय संचालन को लेकर चर्चा की। कवर्धा के लोग



नवरात्रि के नौ दिनों को पूर्ण पवित्रता और आस्था के साथ मनाते हैं इस हेतु आज उन्होनें बैठक में बताया कि नवरात्रि पर्व हमारे कवर्धा शहर की आत्मा है। धर्म नगरी तथा देवभूमि के रूप में प्रसिद्ध कवर्धा माँ विंध्यवासिनी, माँ महामाया, माँ दंतेश्वरी और माँ सिंहवाहिनी व अन्य देवी-देवताओं का साक्षात वास है। उन्होनें बैठक में कहा कि नगर के सभी नागरिक माँ दुर्गा के नौ रूपों के दर्शन सात्विक वातावरण में कर सकें और पूरे नगर का माहौल श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण बना रहे। नगर पालिका द्वारा अस्थायी तौर पर अंडा, बिरयानी व अन्य मांसाहारी दुकान लगाये जाने हेतु स्थल उपलब्ध कराया जायेगा। जहां अपने दुकान पूरे नवरात्रि तक लगा सकते है।

व्यापारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के इस निर्णय का स्वागत करते हुए इस पवित्र त्यौहार की गरिमा को ध्यान में रखते हेतु अंडा बिरयानी की दुकान नवरात्रि पर्व में मंदिर क्षेत्र के आसपास नही लगाने का आश्वासन दिया। सभी उपस्थित व्यवसायियों ने कहा कि नवरात्रि पर्व पर दुकान लगाये जाने हेतु नगर पालिका द्वारा अस्थायी तौर पर निर्धारित स्थल पर ही दुकान लगाया जायेगा। इस निर्णय से कवर्धा नगर की धार्मिक गरिमा सामाजिक सौहार्द और आस्था की रक्षा हो सकेगी। नवरात्रि के दौरान नगर का वातावरण भक्ति और श्रद्धा से पूर्ण रहेगा। भक्तजन निश्चिंत होकर मंदिर दर्शन एवं पूजा-अर्चना में सम्मिलित हो सकेंगे।बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापति रिंकेश वैष्णव, पार्षद संजीव कुर्रे, हरीश साहू, अनिल साहू, व्यापारीगण में अजमल खान, अल्ताफ खान, जगदीश चौरसिया, मुकेश ठाकुर, ललित साहू, शिवा साहू, नारायण साहू, कार्तिक मण्डल, मुकेश यादव, गोकुल यादव, कैलाश यादव, मेघनाथ यादव, बृजलाल देवांगन, सोनू साहू, अमित सिन्हा, सफेल्लुदीन उपस्थित थे।

# गुरु तेगबहादुर शहीदी पर्व पर ऐतिहासिक नगर कीर्तन का किया गया स्वागत

**भिलाई, 22 सितम्बर।** शहीदां दे सरताज धन-धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में निकला ऐतिहासिक नगर कीर्तन रविवार को छत्तीसगढ़ पहुँचा। यह नगर कीर्तन असम के पावन गुरुद्वारा साहिब, धुबरी से प्रारंभ होकर सुबह लगभग 10ः15 बजे भिलाई के कुम्हारी टोल प्लाजा पहुँचा, जहाँ छत्तीसगढ़ सिख पंचायत भिलाई और यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में संगत सहित गुरु घर की हाजिरी भरते हुए हर्षोल्लास से स्वागत किया गया। नगर कीर्तन तत्पश्चात चरोदा, खुर्सीपार, पावर हाउस, सुपेला घड़ी चौक और नेहरू नगर चौक से होते हुए दुर्ग पहुँचा। प्रत्येक पड़ाव पर संगत ने गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूप के दर्शन किए और लगभग 10-10 मिनट तक नाम सिमरन व कीर्तन की रसधारा में शामिल



होकर अपनी श्रद्धा अर्पित की। यूथ सिख सेवा समिति भिलाई ने सभी संगत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल सिख इतिहास के त्याग और बलिदान की अमर गाथा को स्मरण कराता है, बल्कि समाज को भाईचारे, मानवता और एकता का संदेश भी देता है। इस अवसर पर यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह, महासचिव जसवंत सिंह सैनी, सचिव हरपाल सिंह, हरजिंदर सिंह, यशदीप सिंह, सोम सिंह सहित समिति के अन्य पदाधिकारी व सदस्य सक्रिय रहे। कार्यक्रम में सिख पंचायत के अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल, वाइस चेयरमैन गुरमीत सिंह गांधी, पलविंदर सिंह रंधावा, हरभजन सिंह चहल, गुरमीत सिंह चहल, इंद्रपाल सिंह सैनी, अरविंदर सिंह खुराना, सिकंदर सिंह, जसवीर सिंह सैनी, बलदेव सिंह, बीबी कुलवंत कौर, सतवंत सिंह, अवतार सिंह, इंद्रजीत सिंह चावला, हरपाल सिंह हैप्पी, सरबजीत सिंह सैनी, रणजीत सिंह नाहर, कुलदीप सिंह, सुच्चा सिंह दाना, त्रिलोचन सिंह, गुरदेव सिंह, स्वर्ण सिंह कोक, बलजिंदर सिंह कलेर, बलविंदर सिंह, पुष्प सिंह, सेवा सिंह, अमरजीत सिंह, जसवंत सिंह, सौदागर सिंह, सुखविंदर सिंह, हरमिंदर सिंह, हीरा सिंह, बलकार सिंह, गुरनाम सिंह सहित सिख समाज के अनेक वरिष्ठजन एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। नगर कीर्तन के दौरान संगत ने वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह के नारों के साथ गुरु साहिब के बलिदान को नमन किया और उनकी शिक्षाओं को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

### जर्जर मकान मकान को गिराने के दौरान बड़ा हादसा टला

**दुर्ग,22 सितम्बर।** दुर्ग नगर पालिक निगम क्षेत्र के गंजपारा इलाके में शनिवार को एक लापरवाही बड़ी दुर्घटना में हादसा टलते-टलते बचा।बता दे कि ये हादसा वार्ड क्रमांक 36 पार्षद प्रतिभा सुरेश गुप्ता के निवास के आगे की है।सूचना मिलते ही महापौर अलका बाघमार ने एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नीलेश अग्रवाल,रंजीता पाटिल,सावित्री दमाहे, प्रतिभा सुरेश गुप्ता,कार्यपालन अभियन्ता दिनेश नेताम,भवन अधिकारी गिरीश दिवान के साथ दुर्घटना स्थल का जायजा लिया।बता दे कि यहां करीब चार मंजिला एक जर्जर भवन की दीवार तोड़ने के दौरान ढहकर पूरी गली में जा गिरी। गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई, लेकिन सामने की इमारत की दुकान पर मलबा गिरने से नुकसान हुआ और आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।मकान संबंधी जानकारी के अनुसार, वर्ष 2023 में भवन मालिक ने नगर निगम से पुराने भवन को तोड़ने की अनुमति प्राप्त की थी। मगर उस समय इसे ध्वस्त नहीं किया गया। बाद में भवन को बेच दिया गया और अगस्त 2025 से नए मकान मालिक द्वारा तोड़फोड़ का कार्य शुरू किया गया।स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार ने बिना उचित सुरक्षा और तकनीकी प्रबंधों के कार्य को प्रारंभ कर दिया, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। महापौर अलका बाघमार ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार चाहे भवन मालिक हो या फिर ठेकेदार, सभी पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# पुलगांव मुक्तिधाम परिसर में 31.49 लाख रुपए से बना शेड व प्रतीक्षालय लोकार्पित

**दुर्ग,22 सितम्बर।** नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 55 पुलगांव मुक्तिधाम परिसर में आज एक महत्वपूर्ण लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत लगभग 31.49 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित शेड एवं प्रतीक्षालय का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, महापौर श्रीमती अलका बाघमार और सभापति श्याम शर्मा ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।मुक्तिधाम में नव निर्मित शेड और प्रतीक्षालय नागरिकों के लिए बेहतर सुविधा और आरामदायक व्यवस्था उपलब्ध कराएंगे। बारिश, धूप या अन्य मौसम में श्रद्धांजलि सभा के दौरान लोगों को अब परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। साथ ही परिसर को रंगरोगन और सौंदर्यीकरण से आकर्षक और साफ-सुथरा रूप दिया गया है।लोकार्पण अवसर पर कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि निगम क्षेत्र के हर वार्ड में विकास कार्य लगातार किए जा रहे हैं, ताकि आमजन को मूलभूत सुविधाएं सहज रूप से मिल सकें। उन्होंने कहा कि मुक्तिधाम समाज का एक महत्वपूर्ण स्थल है, यहाँ पर नागरिकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखना जरूरी है।महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने अपने संबोधन में कहा कि निगम प्रशासन लगातार नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शहर के अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी इसी तरह के विकास कार्य किए जाएंगे।सभापति श्याम शर्मा ने कहा कि यह निर्माण कार्य नागरिकों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुँचाने वाला है। इससे न केवल लोगों को सुविधा होगी, बल्कि यह क्षेत्र की बेहतर छवि और समग्र विकास में योगदान देगा।कार्यक्रम में आयुक्त सुमित अग्रवाल, एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, काशीराम कोसरे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, मनीष साहू, लीलाधर पाल, नीलेश अग्रवाल, कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, संजय अग्रवाल, साजन जोसफ, पार्षद अश्वनी निषाद, श्रीमती सविता साहू,पूर्व पार्षद दिनेश देवांगन, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, उपअभियंता पंकज साहू सहित क्षेत्र के अनेक सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण गौशाला में दुर्लभमति माताजी ने गौ सेवा की सराहना की

**भिलाई, 22 सितम्बर।** श्री कृष्ण गौशाला जीव रक्षा केंद्र छतागढ़ में रविवार को दुर्ग नगर गौरव प. पू. 105 दुर्लभमति माताजी ने पधारकर गोवंश को आशीर्वाद दिया और गौशाला में चल रहे जीव दया एवं गौ सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मंदिर दर्शन से भी बड़ा पुण्य कार्य गौ माता की सेवा है। हर व्यक्ति को अपने मांगलिक अवसरों और पुण्यतिथि पर गौ सेवा के लिए यथाशक्ति सहयोग करना चाहिए। सुबह 6 बजे श्री सुमति नाथ दिगंबर जैन मंदिर, दुर्ग से सैकड़ों महिला-पुरुष, आदर्शबहू मंडल और नवयुवक श्रीफल जैन ध्वज लेकर अहिंसा परमो धर्म और भगवान श्रीकृष्ण की जय के जयकारों के साथ पैदल यात्रा करते हुए गौशाला पहुँचे। ग्राम छतागढ़ स्थित गौशाला में पहुँचने पर भक्तों ने पूज्य माताजी का पद प्रक्षालन और श्रीफल अर्पण कर भव्य स्वागत किया। माताजी ने गौशाला का अवलोकन कर कसाईखाने से बचाए गए गोवंशों, घायल एवं दुर्घटनाग्रस्त गायों के स्वास्थ्य लाभ की मंगल कामना की। उन्होंने सभी गोवंशों को णमोकार मंत्र का पाठ पढ़ाते हुए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर भक्तों ने गोवंशों को हरा चारा, रोटी, फल,



सब्जियां, गुड़ और चना अर्पित किया। गौशाला में बनने वाले 4.5 करोड़ की लागत के आधुनिक आईसीयू केंद्र और जैविक खाद निर्माण की व्यवस्था को देखकर माताजी ने संतोष जताया और भरपूर आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि यह गौशाला मात्र सेवा केंद्र नहीं, बल्कि ÷जीव दया केंद्र÷ है, जहाँ हर व्यक्ति का सहयोग समाज और स्वयं के जीवन में सुख-शांति लाता है। कार्यक्रम में श्री कृष्ण गौशाला के अध्यक्ष कांतिलाल जैन, उपाध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, सचिव प्रकाश नाहटा, प्रदीप जैन बाकलीवाल, राकेश संचेती, गिरीश सिंगरौल सहित जैन समाज, सिंधी समाज एवं राधा कृष्ण मंडल के अनेक सदस्य उपस्थित थे। गौशाला को इसके पूर्व छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दो बार सम्मानित किया जा चुका है। माताजी के आगमन और आशीर्वाद से उपस्थित गौ भक्तों में गौ सेवा के प्रति नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ।

# मिथ्यात्व व अज्ञानता के कारण ही हम अनंत काल से दुख भोगते आ रहे हैं : मुनि वीरभद्र

**राजनांदगांव 22 सितंबर।** श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने आज यहां कहा कि मिथ्यात्व एवं अज्ञानता के कारण ही हम अनंत काल से दुख भोगते आ रहे हैं। हमारी अज्ञानता की वजह से ही हमें वस्तुस्थिति का ज्ञान नहीं हो पाता और हम आत्मज्ञान प्राप्त नहीं कर पाते।मिथ्यात्व एवं अज्ञानता जब तक दूर नहीं होगी तब तक हम सुखी नहीं हो पाएंगे।

जैन बगीचे के उपाश्रय भवन में आज मुनि वीरभद्र (विराग) ज़ी ने कहा कि अज्ञानता के कारण एक स्मेल इस धरती पर फैला हुआ है जिसकी वजह से देवों के देव यहां नहीं आते। इस स्थिति से निपटने के लिए हमें ज्ञान का दीप जलाना होगा।



मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा कितने भी डॉक्टर दिखा लो मृत्यु तो आनी है, इसलिए आत्मा के डॉक्टर की शरण में जाइए। आत्मा का एकमात्र श्रेष्ठ डॉक्टर प्रभु ही है। उनके शरण में जाने से लाभ ही लाभ मिलेगा। अनंत काल का सुख भगवान की शरण में ही है। कि यहां के डॉक्टर इलाज करेंगे तो यह गारंटी नहीं है कि वह रोग फिर से ना आए किंतु भगवान के पास जाने से यह गारंटी है कि एक बार जो रोग गया फिर वह लौट के नहीं आएगा। बस हमें उन पर भरोसा करना होगा। मुनि ने कहा कि जब तक मिथ्यात्व को नहीं मारेंगे तब तक ज्ञान नहीं आएगा और जैसे-जैसे ज्ञान आते जाएगा मिथ्यात्व भी खत्म होता जाएगा। उन्होंने कहा कि सब परिवर्तनशील है, कोई स्थाई नहीं है। इसी तरह दुख और सुख भी स्थाई नहीं है।

मुनि वीरभद्र(विराग) ने कहा कि अपने अंदर जैसी उदारता चाहिए वैसी नहीं है। हम अपने ऐशो-आराम के लिए सब कुछ करते हैं लेकिन साधार्मिक के लिए कुछ करने से हम झिझकते हैं। उन्होंने कहा कि मन में उदारता लाइए और साधार्मिक की भी मदद कीजिए। हमें हमारे पुरुषार्थ के अनुसार ही फल मिलेगा। उन्होंने कहा कि अभी भी मौका है परमात्मा भक्ति पाने और आत्म कल्याण करने का। पता नहीं यह भव दोबारा मिले या ना मिले। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

## एक नजर

### जिले में अब तक 758.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार, 22 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 21 सितम्बर 2025 तक 758.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा तहसील सुहेला में 962.7 मिमी. एवं सबसे कम वर्षा सोनाखान तहसील में 632.7 मिलीमीटर हुई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील पलारी में 808.2 मिमी, टुण्डरा 858.6 मिमी, भाटापारा 786मिमी, सिमगा 704.8 मिमी, सोनाखान 632.7 मिमी, लवन 738.1 मिमी, कसडोल 640.6, सुहेला962.7 मिमी एवं बलौदाबाजार 693.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 6825.4 मिमी अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 758.4 मिमी है। 21 सितम्बर 2025 को कुल 50.7 मिलीमीटर दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 5.6मि.मी.है। तहसीलवार में बलौदाबाजार 22मिमी, लवन 16.3मिमी, कसडोल 9 मिमी, पलारी 3.4 मिमी, भाटापारा, सिमगा, सुहेला, टुण्डरा व सोनाखान में शून्य मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

### बाढ़ से निपटने का अभ्यास कई जगह 25 सितंबर को

**बलौदाबाजार, 22 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार राष्ट्रीय अपादा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार बाढ़ बचाव प्रशिक्षण हेतु जिला स्तर पर काल्पनिक अभ्यास 25 सितम्बर 2025 को किया जाएगा। यह अभ्यास बालसमुंद जलाशय पलारी एवं जिला अस्पताल परिसर स्थित मातृ शिशु अस्पताल में प्रातः 9 बजे से होगा। सफलतापूर्वक मॉक एक्सरसाइज सम्पन्न कराने हेतु कलेक्टर दीपक सोनी के द्वारा नोडल अधिकारी, ऑब्जर्वर, अनुभाग एवं तहसीलों के लिए इंसिडेंट कमांडर की नियुक्ति कर दी गई है। इसके साथ ही सभी संबधित विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। जिला स्तरीय मॉक एक्सरसाइज हेतु अपर कलेक्टर अवध राम टंडन को नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह को ऑब्जर्वर बनाया गया है। अनुभाग स्तर पर एसडीएम एवं तहसील स्तर पर तहसीलदार इंसिडेंट कमांडर होंगे।

### मोटर पंप चोरी करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजनांदगांव, 22 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी ने 12 सितम्बर को अपने निजी कृषि भूमि में सिंचाई कार्य हेतु 2 एचपी विद्युत मोटर पंप ठाकूरटोला नहर नाली में लगाया था, जिसे 17 सितम्बर को सुबह 7 बजे खेत देखने गया तो मोटर पंप नही था, आसपास खोजबीन किये परंतु नही मिला कोई अज्ञात चोर मोटर पंप कीमती 10, 000/- रूपये को चोरी कर ले गया है, कि प्रार्थी के रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया, मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन भा0पू0से0 के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सोमनी उप निरीक्षक प्रमोद श्रीवास्तव द्वारा थाना सोमनी पुलिस का टीम गठित कर आरोपी पता तलाश दौरान मुखबीर एवं तकनीकी सहयोग से संदेही विक्की साहू निवासी ग्राम सुंदरा को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर बताया कि दिनांक 16.09.2025 को अपने निजी काम कर सोमनी से बस से आते समय ग्राम मनकी अशोक लिलैण्ड शो-रूम के पास नहरनाली में लगे विद्युत मोटर पंप को देखा था जिसे चोरी करने की योजना बनाया और 17 सितम्बर को सुबह करीबन 05:00 बजे अपने घर से पैदल ग्राम मनकी अशोक लिलैण्ड शो-रूम के पास जाकर नहरनाली में लगे विद्युत मोटर को चोरी कर ले जाना बताया, चोरी की गयी विद्युत मोटर पंप को आरोपी विक्की साहू से विधिवत जप्त कर आरोपी विक्की साहू पिता मनेज साहू उम्र 25 साल निवासी ग्राम सुंदरा पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सोमनी उनि प्रमोद श्रीवास्तव, प्र0आर0 डूलेश्वर साहू, हेमंत अनंत, आर0 लीलाराम साहू, आर0, गुलाब चंद्राकर, जी0 शंकर राव, मोहम्मद सहबाज सिद्धिकी का महत्वपूर्ण एवं सराहनीय योगदान रहा।

# डोंगरगढ़ क्वांर नवरात्रि मेला में सुरक्षा के लिए 1000 से अधिक पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

- **पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग के निर्देशन में क्वांर नवरात्रि पर्व डोंगरगढ़ मेला ड्यूटी में तैनात जवानों को ब्रीफ कर किया गया ड्यूटी वितरण**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**राजनांदगांव, 22 सितम्बर।** मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ क्वांर नवरात्रि का पर्व मनाया जायेगा। इस दौरान डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी के दर्शन हेतु श्रद्धालुगण लाखों की संख्या में आने की संभावना है। इस दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं सम्पूर्ण नवरात्रि पर्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अलग-अलग जिलों का बल बुलाया गया है जिसमें पुलिस जिला बल, सीएएफ होम गार्ड, यातायात पुलिस शामिल हैं। सम्पूर्ण मेला व्यवस्था को 4 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें लगभग 1 से अधिक पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों का ड्यूटी लगाया गया है, जिसे क्षीरपानी परिसर में गायत्री सिंह, सेनानी 7वीं वाहिनी छसबल भिलाई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एमएमसी देवचरण पटेल द्वारा मेला ड्यूटी पर लगे बल को ब्रीफकर ड्यूटी वितरण किया गया। यातायात पुलिस द्वारा अंजोरा बाईपास से रामदरबार, सुकुलदैहान, मुसरा होते हुए डोंगरगढ़ तक पैदल यात्रियों के लिए जगह-जगह बैरिकेट व पुलिस जवान तैनात किया गया है। उपर मां बम्लेश्वरी मंदिर से निचे मां बम्लेश्वरी मंदिर तक पुलिस जवानों को तैनात किया गया है ताकि दर्शनार्थियों को किसी प्रकार का परेशानियों का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर गायत्री सिंह, सेनानी 7वीं वाहिनी छसबल भिलाई, अति पु अधी (ऑप्स) राज मुकेश ठाकुर, राहुल देव शर्मा, अति पु अधी राज , देवचरण पटेल, अति पु अधी एमएमसी, चिराग जैन, सहायक पुलिस अधीक्षक मोहला-मानपुर, गोपीचंद मेश्राम, उपुअ रामानुजगंज, आशीष बंछोर, अति पु अधी अंतागढ़ कांकेर, तनुप्रिया ठाकुर, उ पु अ अजाक राजनांदगांव, दिलीप सिसोदिया, पु अ अ डोंगरगांव, प्रशांत सिंह पैकरा, उ पु अ एमएमसी, रमेश चंद्रा, उ पु अ केसीजी, संतोष झारिया, सहायक सेनानी, 3रीं वाहिनी, छसबल अमलेश्वर, संदीप मारे, सहायक सेनानी, प्रथम वाहिनीं, छसबल भिलाई, सुश्री उषा सोंधिया, उप पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा, अजय शंकर त्रिपाठी, उप पुलिस अधीक्षक, महासमुंद, नरेन्द्र पुजारी, उप पुलिस अधीक्षक, सूरजपुर, भरत लाल ध्रुव, सहायक सेनानी, 8वीं वाहिनी, छसबल राजनांदगांव, भोगीलाल भोई, सहायक सेनानी, 8वीं वाहिनी, छसबल राजनांदगांव, मनोज कुमार गुप्त, सहायक सेनानी, 17वीं वाहिनी, छसबल कबीरधाम, हरविंदर सिंह, उप पुलिस अधीक्षक, मुंगेली, विवेक शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक, बिलासपुर, राजेश झा, उप पुलिस अधीक्षक, बेमेतरा अशीष कुंजाम पु अ अ डोंगरगढ़ एवं जिले एवं अन्य जिले से आये अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।

**ये रहेगी व्यवस्था**

- अगले 9 दिन तक अंजोरा बाईपास से डोंगरगढ़ मेला स्थल तक संभालेंगे ट्रैफिक सुरक्षा व्यवस्था।
- डोंगरगढ़ मेला दर्शनार्थियों के सुरक्षा व्यवस्थ में 20 चारपहिया वाहन पेट्रोलिंग, 15 मोटरसायकल पेट्रोलिंग पार्टी, 15 पैदल पेट्रोलिंग पार्टी तैनात।
- मेला ड्यूटी के दौरान यातायात व्यवस्था में कुल 300 बल तैनात।
- डोंगरगढ़ में यात्रियों के लिए 10 जगह पार्किंग की व्यवस्था की गई है।
- नीचे मंदिर से उपर मंदिर तक एवं विभिन्न चौक चौराहों में फिक्स पिकेट बल तैनात किया गया है।
- यात्रियों को सुचारू रूप से दर्शन कराने एवं सुरक्षा प्रदान करने हेतु - 1- ऊपर मंदिर गर्भगृह, 2- रोपवे नीचे एवं ऊपर, 3- ऊपर मंदिर से नीचे तक सीढ़ी में सुरक्षा व्यवस्था, 4- क्षीरपानी में प्रवेश द्वारा से ड्रापगेट एवं रोपवे तक, 5- गोताखोर पार्टी, 6- बुढादेव मंदिर सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ क्षीरपानी में पुलिस कन्ट्रोल रूम बनाया गया है।

## जिलाबदर आरोपी को शहर में घूमते पाये जाने पर भेजा गया जेल

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**राजनांदगांव, 22 सितम्बर।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय वैशाली जैन (भापुसे) के पर्यवेक्षण में जिले मे अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाष, और सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने वालो के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है अभियान कार्यवाही मे आज दिनांक 21.09.2025 को पेट्रोलिंग दौरान ग्राम गठुला में चौकी प्रभारी द्वारा श्रीमान जिला दंण्डाधिकारी महोदय के द्वारा जिला बदर किये गये आरोपी कोमल यादव पिता स्व. परसराम यादव उम्र 36 साल साकिन गठुला चौकी चिखली के घुमते पाये जाने पर अभिरक्षा मे लेकर धारा छ.ग. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्यवाही करते हुये गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चन्द्र मरई, आर0 मनोज जैन, गोपाल पैकरा, जयराम निषाद, मिर्जा असलम बैग, आदित्य सोलंकी एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

## ग्राम नवागांव सोनाखान में मवेशियों की तस्करी के मामले में फरार दो आरोपी किए गए गिरफ्तार

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**नवागांव, 22 सितम्बर।** चौकी सोनाखान पुलिस द्वारा ग्राम नवागांव सोनाखान के पास एक माजदा वाहन एवं 407 वाहन को पकड़ा गया। दोनों वाहनों से कुल 21 नग मवेशी (भैंसा-भैंस) बरामद किया गया, जो कि दोनों वाहनों में ठूंस-ठूंस कर बिना पानी एवं चारा के भरा गया था। कि प्रकरण में अपराध क्रमांक 585/2025 धारा पशुओं के प्रति क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(घ), छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10, 11 एवं 111 बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। साथ ही प्रकरण में 03 आरोपियों को हिरासत में लिया गया। आरोपियों से विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें पता चला कि मवेशियों को दोनों वाहनों में भरकर आरोपियों द्वारा बटोराबाजार उड़ीसा ले जाया जा रहा था।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में चौकी सोनाखान पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा था। कि प्रकरण में पूर्व में गिरफ्तार तीनों आरोपियों से पूछताछ, परिस्थितिजन्य एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में फरार 02 अन्य आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों के साथ मिलकर मवेशियों को माजदा और 407 वाहन में भरकर उड़ीसा राज्य ले जाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपियों को आज दिनांक 21.09.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

आरोपियों के नाम दीपक पाटले उर्फ टिंगू उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम मल्हार थाना मस्तूरी जिला बिलासपुर भागवत कश्यप उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम जेवरा थाना मुलमुला जिला जांजगीर चांपा है।

# नमो मैराथन से दिया गया नशामुक्ति का संदेश

### नशे से दूर रहने लिया गया संकल्प, नशामुक्त हुए 5 लोगों को किया गया सम्मानित, नशामुक्त कराने पर मिलेगा 11 हजार रुपये इनाम

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**




**बलौदाबाजार, 22 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष एवं सेवा पखवाड़ा के अवसर पर रविवार को नमो मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन में कलेक्टर दीपक सोनी, नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं स्कूली बच्चों ने दौड़ लगाकर नशामुक्ति का सन्देश दिये। इस दौरान उपस्थितों को नशामुक्ति का संकल्प दिलाया गया।

नमो मैराथन बलौदाबाजार स्थित अम्बेडकर चौक से प्रातः 7 बजे प्रारम्भ हुआ। कलेक्टर दीपक सोनी एवं नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने हरी झंडी दिखाकर धावकों को रवाना किये। मेराथन दौड़ अम्बेडकर चौक से प्रारम्भ होकर संगी मितान नाशमुक्ति केंद्र में सम्पन्न हुआ। नशामुक्ति केंद्र में रहकर उपचार व काउंसिलिंग के पश्चात् स्वास्थ हुए 5 युवाओं को शाल -श्रीफल देकर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि नमो मैराथन का उद्देश्य नशा मुक्ति का सन्देश गांव -गांव तक पहुंचाना है।शासन की मंशानुरूप जिले को नशामुक्त बनाने जिला प्रशासन प्रयासरत है। उन्होने बताया कि पिछले वर्ष शुरू हुए संगी मितान नशामुक्ति केंद्र का सकारात्मक परिणाम आ रहे है। एक वर्ष में 115 लोगों को नशा मुक्त किया गया है। नाशमुक्ति केंद्र का विस्तार करते हुए भाटापारा में भी शुरू कोयन जाएगा।

गरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि नशे के विरुद्ध सबको एकजुट होना होगा। इस तरह के आयोजन से लोगों को एक सन्देश जाता है। वर्तमान में युवाओं में नशे की लत एक गंभीर समस्या है। हम सभी को यह संकल्प लेना होगा कि युवाओं को नशे के चंगुल से बचाना है।

नशामुक्त करने पर मिलेगा पुरस्कार - इस दौरान कलेक्टर सोनी एवं नगर पालिका अध्यक्ष जैन ने संगी मितान नशामुक्ति केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने केंद्र में भर्ती युवाओं से पूछताछ की और उन्हें नशे से दूर रहने की समझाईश दी। उन्होंने नाशमुक्ति केंद्र से नशामुक्त हुए युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए अपने आस -पास के कम से कम 5 लोगों को नशामुक्त करने पर 11 हजार रुपये पुरस्कार स्वरुप प्रदान करने की बात कही।कलेक्टर ने बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा को ऑब्जरवेशन सेंटर के रुप में शुरू करने कहा जिसमें नशामुक्ति केंद्र में उपचार के बाद कुछ दिन वहां निगरानी में रखा जाएगा।

### छुरिया प्रवास के दौरान शासकीय कॉलेज का निरीक्षण कर

# कलेक्टर ने विद्यार्थियों से छात्रवृत्ति योजना की जानकारी दी

- **कलेक्टर ने बी.कॉम प्रथम वर्ष की छात्राएं सुमित्रा और संतोषी से बातचीत कर व्यवस्था की जानकारी ली**
- **स्कालरशिप योजना से पात्र छात्राओं को मिलेगा 30 हजार रूपए वार्षिक मिलेंगे**

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**राजनांदगांव 22 सितम्बर।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने छुरिया प्रवास के दौरान शासकीय महाविद्यालय छुरिया का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप योजना के लिए महाविद्यालय में अभी तक प्राप्त आवेदनों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्रथम वर्ष में प्रवेशित विद्यार्थियों को अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप योजना के संबंध में जानकारी देने कहा। इसके लिए छात्राओं को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों से शीघ्र आवेदन आमंत्रित कर योजना से लाभान्वित करने कहा। उन्होंने महाविद्यालय में पात्रता रखने वाले छात्राओं का निःशुल्क ऑनलाईन आवेदन करने के लिए नोडल अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बी.कॉम प्रथम वर्ष की छात्राएं सुमित्रा और संतोषी से बातचीत कर अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप योजना की जानकारी दी और शीघ्र आवेदन करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि ऑनलाईन आवेदन 30 सितम्बर तक कर सकते हैं। इस योजना के तहत छात्राओं को 30 हजार रूपए वार्षिक स्कॉलरशिप मिलेगा। जिससे छात्राओं को उच्च शिक्षा की पढ़ाई करने में मदद मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि जो छात्राएं शैक्षणिक सत्र 2025-26 में स्नातक के प्रथम वर्ष अथवा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में देश के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में प्रवेश लेंगी, उन्हें छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा। योजना का लाभ लेने के लिए वेबसाइट httpsÑ//azim-premjifoundation.org/what-we-do/education/azim-pre-mji-scholarship/ पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लगेगा। साथ हीए क्यूआर कोड स्कैन कर भी आवेदन किया जा सकता है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं को नियमित विद्यार्थी के रूप में शासकीय विद्यालयों से उत्तीर्ण किया। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नियमित विद्यार्थी के रूप में किसी महाविद्यालय या विश्वविद्यालय के प्रथम वर्ष डिग्री व डिप्लोमा में प्रवेश लिया हो। महाविद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों का परीक्षा पाठ्यक्रम 2 से 5 वर्ष का हो। कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करने के पश्चात केवल प्रथम डिग्री व डिप्लोमा के पाठ्यक्रम में ही पात्र होंगे।

## समाचार संक्षेप

### चेम्बर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्री की तिल्दा नेवरा इकाई का शपथ ग्रहण



**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**तिल्दा-नेवरा, 22 सितम्बर।** ऊर्जावान प्रदेशअध्यक्ष सतीश थौरानी ने तिल्दा प्रमुख संदीप खूबचंदानी व उनकी टीम की शपथ दिलाई व अपने अध्यक्षीय उदबोधन में व्यापारियों कल की समस्याओं तुरंत हल करने की बात कही वही टेक्स सरलीकरण के लिए केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण से दिल्ली में हुई लम्बी मुलाकात व चर्चा कर छत्तीसगढ़ के व्यापारियों की आवाज दिल्ली तक पहुचाई व अपनी मांगों को सफलता पूर्वक मनवाकर व्यापारी भाइयो की आवाज बुलंद की वही कार्यक्रम मुख्य अतिथि लाभचंद बाफ्ना प्रदेश अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ/पूर्व विधायक ने अपने उदबोधन में व्यापारी हितों की रक्षा व व्यापार में टैक्स की सरलता व जीएसटी कम होने की जानकारी दी।

वाइस चेयरमैन सीए चेतन तारवानी ने व्यापारियों को भयमुक्त व्यापार करने का मंत्र दिया चेतन तारवानी जो जीएसटी नियमों के ज्ञाता है। जीएसटी की सूक्ष्मतम जानकारी दी व सभी को आश्वासन दिया कि चेम्बर सदैव व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। कार्यकारी अध्यक्ष द्वय राजेश वासवानी व जसप्रीत सलूजा ने भी अपने उदबोधन से युवा व्यापारी वर्ग में नई ऊर्जा का संचार किया। प्रदेश अध्यक्ष महिला चेम्बर डॉ इला गुप्ता ने व्यापार जगत में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया।

### कोहका कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया वेलकम पार्टी का आयोजन



**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**तिल्दा-नेवरा, 22 सितम्बर।** कोहका कॉलेज में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत हेतु सोमवार को भव्य वेल्कॉम पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनिल अग्रवाल (जिला महामंत्री, रायपुर ग्रामीण), राम पंजवानी (जिला उपाध्यक्ष, रायपुर ग्रामीण), रानी सौरभ जैन (पार्षद, वार्ड क्रमांक 21), संतोष यदु पार्षद, तथा मनोज निषाद शेखर यदु उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करण यदु ने की।

समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, नाटक जैसी आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का माहौल रहा।इस अवसर पर पार्षद रानी सौरभ जैन ने सभी विद्यार्थियों को स्टेशनरी सामग्री (पेन व कॉपी-किताबें) प्रदान कर छात्रहित की मिसाल पेश की। विद्यार्थियों ने इसे एक प्रेरणादायक कदम बताया। कार्यक्रम के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और सभी ने सामूहिक भोज का आनंद लिया। यह वेल्कॉम पार्टी विद्यार्थीयों के लिए यादगार पल साबित हुआ।

### राजस्व मंत्री ने मोहतरा में अहाता निर्माण का किया भूमिपूजन



**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**बलौदाबाजार, 22 सितम्बर।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने रविवार को विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम मोहतारा में शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में अहाता निर्माण एवं अतिरिक्त क़क्ष निर्माण का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन साहु, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद उपाध्यक्ष सुमन वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने कहा कि स्कूलों में प्रार्थना शेड सहित आवश्यकता अनुसार अहाता निर्माण एवं अतिरिक्त क़क्ष का निर्माण किया जा रहा है। हमारी सरकार शिक्षा व्यवसथा को सुदृढ़ करने के लिए अनेक कदम उठा रही है। स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता के साथ ही सुविधाओं में विस्तार, खेल को बढ़ावा देने का काम कर रही है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रदेश को अग्रणी बनाने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने भी सम्बोधित किया।

### सेवा पखवाड़ाः बरपानी में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**बलौदाबाजार, 22 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशीलर के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा अंतर्गत शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरपानी में वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों में पर्यावरणीय चेतना का विकास करना और वृक्षारोपण एवं स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर सरपंच एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। साथ ही सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्यार्थियों को सेवा पखवाड़ा की महत्ता से अवगत कराते हुए वृक्षों के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया गया।इसके साथ ही स्वच्छता अभियान भी चलाया गया जिसके अंतर्गत विद्यालय परिसर की सफाई की गई।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर चित्रकला और रंगोली के माध्यम से अपनी रचनात्मकता प्रस्तुत की। कार्यक्रम में प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारी सुश्री रुपेश्वरी दीवान, प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारी डब्बू साहू, उपवन क्षेत्रपाल बाबूलाल साहू सहित विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# सम्मान करने पर सम्मान मिलता है

राजनीति सहित हर क्षेत्र में सम्मान करने पर ही सम्मान मिलता है। जो लोगों का जितना सम्मान करता है, उसे उतना ही सम्मान मिलता है। जो दिल से लोगों का सम्मान करता है,उसका सम्मान लोग दिल से करते हैं। जो लोगों को चोर समझता है, लोग उसे भी चोर समझते हैं। जो लोगों को देवता समझता है, उसे लोग भी देवता समझते हैं। पीएम मोदी देश के ऐसे ही नेता है, वह सबका सम्मान करते हैं इसलिए लोग भी उनका सम्मान करते हैं, पीएम मोदी कोई भी अवसर हो लोगों को यह एहसास दिलाते रहते हैं कि आप लोग मेरे लिए सम्माननीय हैं,इसलिए जब भी देश के लोगों को मौका मिलता है, वह भी यह जताने से नहीं चूकते हैं कि उनके लिए पीएम मोदी सम्माननीय हैं। पीएम मोदी हर मौके का कैसे फायदा उठाया जा सकता है, इस बात को बखूबी जानते हैं। पिछले दिनों जीएसटी सुधार किया गया तो यह तय करना था कि इसे कब से लागू करना है। पीएम मोदी चाहते तो इसे किसी भी दिन शुरू कर सकते थे लेकिन उन्होंने इसके लिए नवरात्रि का पहला दिन चुना। नवरात्रि में मातृशक्ति की पूजा होती है,पीएम मोदी मातृशक्ति का बहुत सम्मान करते है,इसलिए उन्होंने देश की मातृशक्ति का सम्मान करते हुए नवरात्रि के दिन से जीएसटी की छूट देना तय किया। नवरात्रि में महिलाएं ही खर्च करती है, इसलिए महिलाओं को संदेश दिया कि यह खर्च करने का अवसर आपके लिए है, यह बचत उत्सव है तो आपके लिए हैं। इससे पहले पीएम मोदी ने बजट में 12 लाख की आय को करमुक्त कर लोगों के पैसे बचाए थे,पीएम मोदी जानते हैं कि देश में उपभोग को तब ही बढ़ावा दिया जा सकता है, जब लोगों के पास पैसे बचें। लोगों के पास पैसे बचेंगे तो ही वह खर्च करेंगे। त्यौहार का समय खर्च को होता है, लोग खुलकर खर्च करते है,इससे उपभोग बढ़ता, उत्पादन बढ़ता है, अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने नागरिक देवो भवः कहा है तो यह देश के भीतर-बाहर सभी लोगों को संदेश है कि देश सबका समान रूप से सम्मान करता है,जो देश के बाहर है,वह संकट में हैं,परेशान है तो वह जब चाहे देश आ सकते हैं,देश उनका स्वागत करता है,उनका देश में देवता की तरह सम्मान है।

## राशिफल

मेष राशि, कारोबार में आर्थिक लाभ मिलेगा
मेष राशि के लिए आज सोमवार का दिन अनुकूल रहेगा। आपका मन आज धर्म कर्म और भक्ति में लगेगा। आप मंदिर अथवा किसी धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। पड़ोसियों से आपको आज सहयोग मिलेगा। कारोबार में आज आपको आर्थिक लाभ मिलेगा। आप आज बिजनेस को विस्तार दे सकते हैं। सरकारी काम में आपको आज सफलता मिलेगी। संतान से संबंधित किसी चिंता का समाधान होगा। आर्थिक मामलों में आज दिन खर्चीला रहेगा।

वृषभ राशि, मन प्रसन्न होगा पुण्य कार्य में भाग लेंगे
आज का दिन वृषभ राशि के लिए शुभ रहेगा। आप आज परिवार से सहयोग पाएंगे। दिन आपका प्रसन्नता से बीतेगा। रुके हुए काम आपके आज बनेगे। वैवाहिक जीवन में आज जीवनसाथी के साथ आपका तालमेल बना रहेगा। आपके घर में आज किसी धार्मिक कार्य का आयोजन हो सकता है। किसी पड़ोसी अथवा मित्र से आपको सहयोग मिलेगा। शाम का समय खर्चीला होगा। कुछ पारिवारिक जरूरतों और पुण्य कर्यो पर भी आप धन खर्च कर सकते है। छात्र आज शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। आज आप अपने लिए कुछ जरूरी खरीदारी भी कर सकते हैं।

मिथुन राशि,कहीं से धन आगमन का रास्ता साफ होगा
मिथुन राशि के जातको के लिए आज सप्ताह का पहला दिन व्यस्तता भरा रहेगा। दिन भर आपके ऊपर आज काम का दबाव बना रहेगा। आपको आज अपने कई जरूरी अटके काम भी निपटाने होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको आज सहकर्मियों और सहयोगियों से पूरा सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देने की जरूरत है। आज आपको मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा और कहीं से धन आगमन का रास्ता साफ होगा। आपका मन आज धर्म कर्म के काम मे भी लगेगा।

कर्क राशि, आज सुखद समाचार प्राप्त होंगे
कर्क राशि के लोगों के लिए आज का दिन सुखद दिखाई दे रहा है और भाग्य में वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं। आज कोई प्रॉपर्टी संबंधी डील में आपको सफलता मिलने का योग बना है। संतान पक्ष से आपको आज सुखद समाचार प्राप्त होंगे। परिवार में आज आपके प्रेम और धर्म कर्म का माहौल रहेगा। आप आज लंबे समय से रुके हुए काम को पूरा कर पाएंगे। मित्रो के साथ आज आप आज की शाम मनोरंजक बिताएंगे। आज भाग्य 84% आपके पक्ष में रहेगा। आपको आज दुर्गा चालीसा का पाठ करना चाहिए, किसी कन्या को फल देना चाहिए।

सिंह राशि,बदलाव आपके लिए अच्छा साबित होगा
सिंह राशि के लोगों के लिए आज सोमवार का दिन सुखकारक रहेगा। पारिवारिक जीवन मे आपको आज जीवनसाथी और विशेष रूप से पिता से सहयोग मिलेगा। आपको आज किसी काम अल्प प्रयास से सफलता मिलने का योग बना है। आज व्यावसायिक स्थान में बदलाव आपके लिए अच्छा साबित होगा। व्यवसाय में किसी निकट सहयोगी के प्रति सच्ची निष्ठा और मधुर वाणी रखने से आप लोगों का दिल जीत सकते हैं। जिन लोगों को काम का संबंध विदेश अथवा तकनीकी क्षेत्र से जुड़ा हुआ है उनको आज कामयाबी मिलने का योग बना हुआ है। परिवार के साथ किसी धार्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

कन्या राशि,बुद्धि और अनुभव का लाभ ले पाएंगे
कन्या राशि के लोगों के लिए आज सोमवार का दिन शुभ रहने वाला है। आपको आज कार्यक्षेत्र में बुद्धि और अनुभव का साथ मिलेगा आपको आज अधिकारी वर्ग से सम्मान और प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आज आपका दिन अनुकूल बीतेगा। शिक्षा के क्षेत्र मे आज कन्या राशि के जातक अच्छा प्रदर्शन करेगे। बिजनेस करने वाले जातकों के लिए भी आज का दिन लाभदायक रहेगा। आप आज अपने कारोबार व्यापार को विस्तार भी दे सकते हैं। आपके लिए सलाह है कि कोई भी निर्णय लेने से पहले सभी पक्ष पर विचार जरूर कर लें।

तुला राशि,सामाजिक कार्यों में बढ़कर भाग लेंगे
तुला राशि के लोगों के लिए आज नवरात्रि का पहला दिन सामाजिक कार्यों में आगे बढ़कर लाभ पाने वाला रहेगा। आपका दिन आज सुखद बीतेगा आर्थिक मामलों में आज आपको भाग्य का साथ मिलेगा। वैवाहिक जीवन के मामले मे भी आज का दिन आपके पक्ष में रहेगा। किसी करीबी दोस्त से भी आपको आज सहयोग मिलेगा। लव लाइफ मे आज आप प्रेमी के साथ रोमांटिक समय बिता पाएंगे। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का संयोग बन सकता है। आपको पड़ोसियों और दोस्तों से सहयोग मिलेगा। कारोबारी जातको को लाभ मिलेगा लेकिन कुछ तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

वृश्चिक राशि,जिम्मेदारियों को पूरा करने में सफल होंगे।
वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज घर और कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए अधिक परिश्रम करना होगा। आपको आज जीवनसाथी के साथ धर्म कर्म के काम में भाग लेने का मौका मिलेगा। आपके मन में आज संतुष्टि का भाव रहेगा। अपने काम को बेहतर बनाने में आज आपको सहकर्मियों से भी सहयोग मिलेगा। आप आज घर परिवार में जीवनसाथी से सहयोग पाएंगे। दिन आपका आज आनंद में बीतेगा। आप आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। आर्थिक लाभ भी आपको आज अप्रत्याशित रूप से प्राप्त होगा।

धनु राशि के लोगो के लिए आज का दिन लाभदायक होगा।
आपका मन आज धर्म कर्म के काम में लगेगा। शुभ ग्रह योग के कारण आपको बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति हो सकती है। आपके कई रुके हुए काम आज शुरू हो सकते है। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों से आपको आज सहयोग मिलेगा। धन प्राप्ति के साथ ही आज धन में बरकत का भी योग बना है। कोई अच्छी डील मिलने के कारण आप आज अपने के लिए कुछ शौक की चीजों की खरीदारी कर सकते हैं। मित्रों और पड़ोसियों से आपको आज सहयोग मिलेगा।

मकर राशि,मेहनत और सूझबूझ का लाभ पाएंगे

मकर राशि के जातको के लिए आज का दिन व्यस्तता में बीतने वाला है। शाम का समय आपका आज धर्म कर्म के काम में बीतेगा। मन में प्रसन्नता के साथ साथ खुशी की अनुभूति होगी। व्यावसायिक क्षेत्र में आज आपको अपनी मेहनत और सूझबूझ का लाभ मिलेगा। आप आज अपने कार्यक्षेत्र का परिश्रम का पूर्ण प्रतिफल पाएंगे। विरोधियों और शत्रुओं से आपको आज सतर्क रहना चाहिए। पिता और घर के वरिष्ठ सदस्यों से आपको आज सहयोग मिलेगा। आप आज किसी की मदद करके भी पुण्य लाभ हासिल कर पाएंगे।

कुंभ राशि,भाग्य में वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं
कुंभ राशि के लोगों के लिए आज नवरात्रि का पहला दिन माता शैलपुत्री की कृपा से लाभदायक रहने वाला है। आज भाग्य में वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं। धन, कर्म और यश में वृद्धि होगी। शत्रु चिंता का शमन होगा और मजबूत विरोधियों की उपस्थिति में भी आपको आज विजय प्राप्त होगी। सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। किसी अटके काम के पूरा होने से उत्साह में वृद्धि होगी। आज के दिन आपके वैवाहिक सुख में भी वृद्धि होगी। किसी शुभ काम में भाग लेकर आप पुण्य लाभ पाएंगे।

मीन राशि,मनोकामना आपकी पूरी होगी
मीन राशि के जातको के लिए आज का दिन सुख समृद्धि में वृद्धि करने वाला रहेगा। आपकी कोई मनोकामना आज पूरी होगी जिससे आपका मन आनंदित होगा। घर परिवार मे आज किसी मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी और किसी धार्मिक यात्रा का संयोग बन सकता है। शाम का समय आपका परिवार के साथ मनोरंजक बीतेगा। आप आज वैवाहिक जीवन में जीवनसाथी से सहयोग पाएंगे। माता से आपको स्नेह और सहयोग मिलेगा।

# अमेरिकी आत्मघाती वीजा बंदिशें, भारत के लिए नये अवसर

ललित गर्ग



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया भर के पेशेवरों, खासकर भारतीयों के सपनों पर एक नई काली छाया डाल दी है, उनके सपनों को चकनाचूर कर दिया है एवं एक बड़ा संकट खड़ा दिया है। 21 सितंबर की रात 12 बजे के बाद अमेरिका में प्रवेश करने वालों को एच1बी वीज़ा प्राप्त करने के लिए लगभग एक लाख डॉलर यानी करीब 88 लाख रुपये सालाना शुल्क देना होगा। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा, प्रतिभा-प्रवास और अमेरिका-भारत संबंधों पर गहरा प्रभाव डालने वाला कदम है। अमेरिका के इस कदम के बाद भारत को अपनी आत्म-निर्भरता, स्वदेशी भावना एवं देश की प्रतिभाओं का देश में ही उपयोग को बल देना होगा। भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होने के साथ अवसरों की भूमि बन रहा है। इसलिये अमेरिका के निर्णय से ज्यादा परेशान होने की बजाय इसको सकारात्मक दृष्टि से लेने की जरूरत है।

निश्चित ही अमेरिका दशकों से अवसरों की भूमि माना जाता रहा है। यहां आने का सपना रखने वालों के लिए एच1बी वीज़ा एक सुनहरा टिकट एवं उन्नत जीवन का आधार रहा है। हर साल हजारों भारतीय इंजीनियर, डॉक्टर, वैज्ञानिक और तकनीकी विशेषज्ञ इस वीज़ा के माध्यम से अमेरिका जाकर अपने सपनों को साकार करते रहे हैं। सिलिकॉन वैली की चमक और वहां भारतीय प्रतिभाओं का वर्चस्व इसका जीता-जागता प्रमाण है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम और फेसबुक जैसी दिग्गज कंपनियों में उच्च तकनीकी पदों पर भारतीय मूल के लोगों की उपस्थिति सर्वाधिक है। भारतीय आईटी पेशेवरों के बिना अमेरिकी तकनीकी जगत की कल्पना करना कठिन है। एच-1 बी वीजा की फीस में अप्रत्याशित वृद्धि का फैसला भारतीय आइटी कंपनियों के साथ अमेरिकी हितों को भी चोट पहुंचाने वाला है। इनमें आइटी सेक्टर से इतर क्षेत्र की कंपनियां भी हैं। इसका प्रमाण यह है कि उनके फैसले की आलोचना अनेक अमेरिकी ही कर रहे हैं। यदि ट्रंप यह सोच रहे हैं कि एच-1बी वीजा धारकों की फीस एक हजार डालर से एक लाख डालर सालाना करने से भारतीय और अमेरिकी कंपनियां अमेरिका के युवाओं को नौकरी देने के लिए बाध्य हो जाएंगी तो यह उनकी भूल है, क्योंकि इन कंपनियों को जैसे और जितने सक्षम युवा पेशेवर चाहिए, वे अमेरिका में हैं ही नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति यह भी भूल रहे हैं कि अमेरिका के आर्थिक विकास में अप्रवासियों विशेषतः भारतीय प्रतिभाओं का सर्वाधिक योगदान है और यह केवल पेशेवर लोगों का ही नहीं, बल्कि कामगारों का भी है।

भले ही ट्रंप प्रशासन का यह आदेश उनकी "अमेरिका फर्स्ट" नीति की अगली कड़ी है। उनका तर्क है कि विदेशी पेशेवर सस्ते श्रम के रूप में




अमेरिकी नागरिकों की नौकरियां छीन रहे हैं। शुल्क इतना अधिक करके वे चाहते हैं कि केवल वही विदेशी पेशेवर अमेरिका आएं, जो न केवल उच्च योग्यता रखते हों बल्कि भारी शुल्क अदा करने की क्षमता भी रखते हों। लेकिन यह कदम अमेरिका के लिये ही आर्थिक दृष्टि से आत्मघाती साबित हो सकता है, क्योंकि अमेरिकी कंपनियों को उच्च कौशल वाले पेशेवरों की भारी ज़रूरत है और भारतीय आईटी पेशेवरों की कमी वहां सीधे तौर पर नवाचार और प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करेगी। ट्रंप के फैसले को आपदा नहीं, बल्कि अवसर के रूप में देखना चाहिए। पहले भारतीय प्रतिभा अमेरिका की ओर बहती थी, अब यह प्रवाह कनाडा, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर की ओर मुड़ सकता है। छात्र और युवा पेशेवर पहले से ही अमेरिकी वीज़ा नीतियों को लेकर असमंजस में रहते थे। अब यह आदेश उनके आत्मविश्वास और योजनाओं को और झकझोर देगा। हालांकि एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि कई युवा भारत में ही स्टार्टअप्स, शोध और नई तकनीक के क्षेत्रों में काम करने की ओर आकर्षित होंगे। भारत पर इस नीति का असर केवल युवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापक सामाजिक-आर्थिक असर डाल सकता है। भारतीय आईटी कंपनियां जैसे इन्फोसिस, टीसीएस, विप्रो आदि अमेरिका में बड़े पैमाने पर कार्यरत हैं। एच1बी वीज़ा पर निर्भरता ज्यादा होने के कारण उनका खर्च बढ़ेगा और प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी। भारतीय पेशेवर हर साल अरबों डॉलर भारत भेजते हैं, वीज़ा बाधाओं से यह प्रवाह घटेगा। हजारों भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा लेकर वहीं काम करने का सपना देखते हैं। अब शुल्क की बाधा उनके लिए अमेरिका को कम आकर्षक बनाएगी। साथ ही भारत में ही वैश्विक स्तर के शोध और नवाचार केंद्र विकसित करने की संभावना भी बढ़ेगी।

अमेरिका और भारत के संबंध बीते दो दशकों में आर्थिक, रणनीतिक और तकनीकी सहयोग की नई ऊँचाइयों पर पहुंचे हैं। अमेरिका ने भारत को रणनीतिक साझेदार माना है। रक्षा, व्यापार और तकनीक में गहरे संबंध बने हैं और भारतीय प्रवासी अमेरिकी राजनीति और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन ट्रंप के निर्णय से यह संदेश गया है कि अमेरिका भारत को साझेदार तो मानता है, लेकिन जब घरेलू राजनीति का दबाव आता है तो साझेदारी पीछे छूट जाती है। भारत-अमेरिका संबंधों का आधार लोगों से लोगों का संपर्क रहा है।

यदि भारतीय पेशेवर अमेरिका में कम होते हैं तो यह आधार कमजोर होगा। इन जटिल से जटिलतर होती स्थितियों में भारतीय कंपनियों को देश में ही अपना कारोबार बढ़ाने के जतन करने चाहिए, क्योंकि आने वाले समय में ट्रंप कुछ और ऐसे कदम भारतीय हितों को आहत करने वाले उठा सकते हैं। उन्होंने भले ही टैरिफ के मामले में लचीला रवैया अपनाते हुए भारत से शीघ्र व्यापार समझौता होने की संभावना जताई हो, लेकिन वे अब भी भारतीय हितों के विपरीत काम करते दिख रहे हैं। वे केवल यही दबाव नहीं बना रहे कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करे, बल्कि उन्होंने ईरान के चाबहार बंदरगाह में भारत के लिए मुसीबत खड़ी करने का काम किया है। ट्रंप अपने फैसलों को इस रूप में रेखांकित कर रहे हैं कि उनसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पंख लग जाएंगे, लेकिन आठ माह का उनका कार्यकाल उनकी नाकामी ही बयान कर रहा है।

चौंकाने वाले फैसले लेना भले ही ट्रंप की आदत हो, लेकिन सेवा क्षेत्र में पहली बार अपनी संरक्षणवादी नीति के दर्शन करा, वह भूल रहे हैं कि अमेरिका को बनाने में अप्रवासियों की बड़ी भूमिका रही है। सिलिकॉन वैली के करीब एक-तिहाई टेक-कर्मचारी भारतीय मूल के हैं। फॉर्च्यून 500 की लगभग डेढ़ दर्जन कंपनियों में शीर्ष पर भारतीय बैठे हैं, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था के इंजन भी हैं। 2024 में 72 यूनिकॉर्न स्टार्टअप भारतीय मूल के लोगों के थे, जिनका कुल मूल्य करीब 195 अरब डॉलर आंका गया था। इन कंपनियों में अमेरिकी भी काम करते हैं। अमेरिकी आबादी में बमुश्किल डेढ़ फीसदी होने के बावजूद भारतीय पांच से छह फीसदी कर अदा करते हैं। नैसकॉम का यह कहना उचित ही है कि एच-1बी वीजा जैसे फैसलों का नकारात्मक असर अमेरिका में नवाचार के माहौल और रोजगार आधारित अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

दुनिया के अन्य देशों की नीतियों से तुलना की जाए तो कनाडा प्रवासी पेशेवरों और छात्रों को आकर्षित करने के लिए वीज़ा और स्थायी निवास की नीतियों को सरल बना रहा है। जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया तकनीकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए रेड कार्पेट बिछा रहे हैं, जबकि अमेरिका उल्टा रास्ता चुन रहा है जो दीर्घकाल में उसे वैश्विक प्रतिभा की कमी की ओर धकेल सकता है। भारत के लिए यह अवसर है कि वह प्रतिभाओं के पलायन को रोकने के लिए अपनी नीतियों और बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाए। शिक्षा, शोध और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देकर भारत अमेरिका के विकल्प के रूप में उभर सकता है। अमेरिका के लिए यह कदम उसके उस आदर्श को धूमिल करेगा जिसके अनुसार वह इमिग्रेशन की भूमि कहलाता है और उसकी वैश्विक नेतृत्व क्षमता को कमजोर करेगा। रवींद्रनाथ टैगोर की ये पंक्तियाँ यहां सार्थक लगती हैं-"स्वतंत्रता वह है, जहां ज्ञान निर्भय होता है और दुनिया सीमाओं से विभाजित नहीं होती।" अमेरिका की यह दीवार प्रतिभा की उड़ान को थाम नहीं पाएगी। भारतीय युवाओं को अब अपने ही देश को अवसरों की भूमि में बदलना होगा।

# नवरात्रि: आत्म-खोज, शक्ति और नारी-सम्मान का पर्व

हृदय मोहन



नवरात्रि शब्द संस्कृत से लिया गया है – नव अर्थात नौ और रात्रि अर्थात रातें। ये नौ दिन माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना के लिए समर्पित हैं। ये स्वरूप हैं – शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघण्टा, कूष्माण्डा, स्कन्दमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री। मान्यता है कि माँ दुर्गा देवी लक्ष्मी, पार्वती और सरस्वती – इस त्रिदेवी का संगम हैं। इस प्रकार नवरात्रि केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि नारी-शक्ति के सम्मान और जीवन की प्रेरणाओं को पुनः खोजने का अवसर है।

नौ रूप, नौ सीखें

शैलपुत्रीः आत्मबल और दृढ़ता

देवी शैलपुत्री हमें प्रकृति, साहस और आत्मबल की याद दिलाती हैं। वे हमें आंतरिक शक्ति को पहचानने, साहस जुटाने और अपने लक्ष्यों के प्रति दृढ़ रहने की प्रेरणा देती हैं।

ब्रह्मचारिणीः संकल्प और सकारात्मकता

देवी ब्रह्मचारिणी समर्पण, साधना और धैर्य की प्रतिमा हैं। वे हमें नकारात्मकता से मुक्त करती हैं और जीवन की कठिन परिस्थितियों में दृढ़ निश्चय और आत्मविश्वास बनाए रखने की शिक्षा देती हैं।

चंद्रघंटाः ज्ञान और अनुभव

देवी चंद्रघंटा ज्ञान और सीख का प्रतीक हैं। सीखना जीवन भर चलने वाली प्रक्रिया है और इससे ही विजय और सफलता संभव है।

कूष्माण्डाः धर्म और विवेक

देवी कूष्माण्डा ब्रह्मांड की ऊर्जा का स्रोत हैं। वे सृजन, धर्म और न्याय का प्रतिनिधित्व करती हैं। वे सिखाती हैं कि अन्याय का प्रतिरोध करें। वे हमें अंधकार मिटाकर सही मार्ग पर चलने की शिक्षा देती हैं।

स्कंदमाताः आत्म-नियंत्रण और अनुशासन

देवी स्कंदमाता भक्तों को मोक्ष, शक्ति और ज्ञान प्रदान करती हैं। वे संयम और आत्म-नियंत्रण का संदेश देती हैं। नवरात्रि में किया जाने वाला व्रत हमें आत्म-अनुशासन और इंद्रियों पर नियंत्रण का अभ्यास कराता है।

कात्यायनीः साहस और जुनून

देवी कात्यायनी शक्ति और साहस की प्रतीक हैं। वे हमें बुराइयों से लड़ने और जीवन की चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा देती



हैं। वे प्रेरित करती हैं कि कठिनाइयों से लड़कर सकारात्मकता फैलाएँ।

कालरात्रिः शांति और शुद्धि

देवी कालरात्रि अंधकार का विनाश करती हैं। वे हमें अपने मन से लालच, क्रोध, ईर्ष्या, अहंकार जैसी तमस और नकारात्मक भावनाओं को निकालकर प्रेम, सहयोग और क्षमा जैसे गुणों को अपनाने का संदेश देती हैं।

महागौरीः सहयोग और सेवा

देवी महागौरी करुणा और सहयोग की देवी हैं। वे भक्तों की इच्छाएं पूर्ण करती हैं। वे हमें दूसरों की मदद करने, सही सलाह देने और निर्णय लेने में सहयोग करने की प्रेरणा देती हैं।

सिद्धिदात्रीः दान और करुणा

देवी सिद्धिदात्री सिद्धि और पूर्णता की दात्री हैं। उनका संदेश है कि दूसरों की मदद करें, चाहे वह भौतिक हो, भावनात्मक हो या आध्यात्मिक। वे बताती हैं कि देना ही सच्चा सुख है।

त्रिदेवियों का संदेश - तीन चरणों की साधना

नवरात्रि की साधना को तीन चरणों में बाँटा गया हैः

पहले तीन दिन – माँ दुर्गा (शक्ति) की उपासना से हम नकारात्मकता और बुराइयों को नष्ट करते हैं।

अगले तीन दिन – माँ लक्ष्मी (धन) की आराधना से सकारात्मक दृष्टिकोण, समृद्धि और उत्साह प्राप्त करते हैं।

अंतिम तीन दिन – माँ सरस्वती (ज्ञान) की पूजा से बुद्धि और विवेक का आशीर्वाद पाते हैं।

नारी सम्मानः सबसे बड़ा संदेश

नवरात्रि का समापन 'कन्या पूजन' से होता है। इसमें नौ छोटी कन्याओं को दुर्गा के नौ रूप मानकर पूजित किया जाता है। यह परंपरा भारतीय संस्कृति में नारी के सम्मान का प्रतीक है। शास्त्रों में भी कहा गया है – "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता" अर्थात जहाँ नारी का सम्मान होता है, वहाँ देवत्व का वास होता है।

दुर्भाग्य से, आज भी समाज में नारी को समान दर्जा नहीं मिल पाया है। आधुनिक समाज में महिला-भ्रूण हत्या, लैंगिक भेदभाव और उत्पीड़न जैसी समस्याएँ अभी भी मौजूद हैं। आज आवश्यकता है कि नारी-सम्मान केवल नवरात्रि तक सीमित न रहे, बल्कि जीवन के हर दिन दिखाई दे। शिक्षा, समान अवसर, सशक्तिकरण और स्वतंत्रता ही वास्तविक नारी-मुक्ति का आधार हैं और इन्हें सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

आधुनिक संदर्भ में नवरात्रि

हम 'कलियुग' में जी रहे हैं जहाँ अपराध, अविश्वास और असहिष्णुता बढ़ती जा रही है। ऐसे समय में नवरात्रि हमें आंतरिक शक्ति, धैर्य और विश्वास की सीख देती है और सकारात्मकता अपनाने का संदेश देती है। जीवन कठिन हो सकता है, परंतु माँ दुर्गा की प्रेरणा हमें टूटने से बचाती है और आगे बढ़ने का हौसला देती है।

यह पर्व हमें अपने "सक्सेस पेंटागन" पर काम करने की भी याद दिलाता है – ज्ञान बढ़ाना, दृष्टिकोण सकारात्मक रखना, कौशल निखारना, अच्छे संस्कार विकसित करना और जीवन की योजनाएँ प्रभावी बनाना।

**निष्कर्ष**–माँ दुर्गा का संदेश है – विनाश और सृजन साथ-साथ चलते हैं। अंत केवल नई शुरुआत का संकेत है। नवरात्रि हमें यह सिखाती है कि अच्छा इंसान बनना, भलाई करना, प्रेम, दया, करुणा तथा सहयोग को अपनाना ही सच्ची साधना है।

# पेरिमेनोपॉज में क्यों बेकाबू होती है क्रेविंग

WHO के मुताबिक महिलाओं में 45 से 55 साल की उम्र मेनोपॉज की होती है। वहीं मेनोपॉज से पहले के पड़ाव को पेरिमेनोपॉज कहा जाता है। कई मामलों में पेरिमेनोपॉज 4 से 8 साल तक चलता है। इस दौरान महिलाओं के हार्मोनल बदलाव काफी तेज हो जाते हैं। जैसे-जैसे महिलाएं 40 की उम्र के आगे जाने लगती हैं, वैसे-वैसे उनके शरीर में भी बदलाव शुरू हो जाते हैं। उम्र के इस पड़ाव पर महिलाएं मेनोपॉज की तरफ बढ़ने लगती हैं। WHO के मुताबिक महिलाओं में 45 से 55 साल की उम्र मेनोपॉज की होती है। वहीं मेनोपॉज से पहले के पड़ाव को पेरिमेनोपॉज कहा जाता है। कई मामलों में पेरिमेनोपॉज 4 से 8 साल तक चलता है। इस दौरान महिलाओं के हार्मोनल बदलाव काफी तेज हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में चिड़चिड़ापन, वजाइना में सूखापन, थकान, हॉट फ्लैशस और सोने में दिक्कत आदि की समस्या होने लगती है। कई महिलाओं को पेरिमेनोपॉज के इस पड़ाव में बहुत ज्यादा क्रेविंग भी होने लगती है। कई बार एक ही चीज बार-बार खाने की इच्छा होने लगती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि महिलाओं में इस तरह के लक्षण क्यों होते हैं और इसको कैसे मैनेज किया जा सकता है।

**क्यों होती है क्रेविंग**–हार्मोनल असंतुलन-पेरिमेनोपॉज में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन हार्मोन का लेवल कम और ज्यादा होता रहता है। अगर एस्ट्रोजन में कमी आने लगती है, तो सेरोटोनिन का लेवल गिर जाता है। इससे मीठा खाने की क्रेविंग और मूड स्विंग्स होता है।

**स्ट्रेस**–इस दौर में महिलाओं को चिंता, बहुत ज्यादा चिड़चिड़ापन और डिप्रेशन देखने को मिलता है। इससे बचने के लिए महिलाएं मिठाई, चॉकलेट या तली भुनी चीजों को खाना पसंद करती हैं। इन फूड्स से महिलाओं को बहुत आराम मिलता है।

**नींद में कमी**–पेरिमेनोपॉज में नींद न आना और हॉट फ्लैशेज होना बहुत आम बात है। जब महिलाओं की नींद नहीं पूरी होती है, तो उनमें घ्रलिन हार्मोन बढ़ने लगता है। यह हार्मोन भूख बढ़ाने का काम करता है और उसके उलट लेप्टिन हार्मोन कम होने लगता है। बता दें कि लेप्टिन हार्मोन पेट भरे होने का संकेत देता है और जब यह हार्मोन कम होने लगता है, तो महिलाओं की क्रेविंग बढ़ जाती है।

**एनर्जी में कमी होना**–इस दौर में महिलाओं का मेटाबॉलिज्म कम होने लगता है। जिस कारण महिलाओं को एनर्जी की कमी महसूस होती है। ऐसे में एनर्जी बढ़ाने के लिए दिमाग कार्बोहाइड्रेट और शुगर खाने की तलब होने लगती है। इस कारण महिलाएं खाने के लेकर क्रेविंग महसूस करने लगती हैं।

**मेनोपॉज के शुरुआती संकेत**

मूड स्विंग्स
नींद की समस्या
थकान और ध्यान न लगना
पीरियड्स का अनियमित होना
हॉट फ्लैशेज और नाइट स्वेट्स
ऐसे कंट्रोल करें क्रेविंग

**हेल्दी डाइट**–

महिलाओं को अपनी डाइट में फाइबर, प्रोटीन और हेल्दी फैट्स जरूर शामिल करना चाहिए। इसके अलावा फल, सब्जियां, दाल, नट्स, साबुत अनाज और बीज आदि शामिल करें। इससे आपका पेट लंबे समय तक भरा रहता है और क्रेविंग भी कम होती है।

## सू- दोकू क्र.178

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र 177 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

## एक नजर

### आईटीआई में अतिथि व्याख्याता पद पर भर्ती के लिए 25 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**जगदलपुर, 22 सितम्बर ।** जिला बस्तर नोडल अंतर्गत संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में स्वीकृत प्रशिक्षण अधिकारी के रिक्त पदों पर प्रशिक्षण सत्र 2025-2026 के लिये मेहमान प्रवक्ता हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन निर्धारित प्रारूप में स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डाक अथवा स्वयं उपस्थिति के माध्यम से कार्यालय प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भानपुरी जिला-बस्तर (छ.ग.) 494224 में आवेदन जमा कर सकते हैं। इन्सटूमेन्ट मैकेनिक, वुड वर्क टेक्नीशियन और बेम्बू वर्क (बांस शिल्प) के एक एक पदों की भर्ती हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 25 सितम्बर को सायं 5 बजे तक है। उक्त रिक्त पदों हेतु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता, अनुभव इत्यादि की जानकारी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर एवं भानपुरी के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

### नशामुक्त भारत के थीम पर आयोजित मैराथन दौड़ में उत्साह से शामिल हुए लोग

**मोहला 22 सितंबर ।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देशन में नशामुक्त जिला और नशामुक्त भारत अभियान के तहत आज 03 किलोमीटर की मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ प्रातः 8 बजे जिला मुख्यालय के फव्वारा चौक से कुंजमटोला तक आयोजित की गई। दौड़ के पूर्व लोक कलाकारों ने नशामुक्ति पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह उपस्थित रही। उन्होंने प्रतिभागियों को नशामुक्त रहने की शपथ दिलाई एवं हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत की। मैराथन में स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों, पुलिस, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट/गाइड के स्वयंसेवकों सहित आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर, अपर कलेक्टर श्री जी आर मरकाम, डिप्टी कलेक्टर श्री डी आर ध्रुव, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एफआर कोसरिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक और मोहला के शासकीय व निजी विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएँ भी उपस्थित रही।

### पुलिस ने दबिश देकर क्लब खाली कराया




**भिलाई,22 सितंबर।** भिलाई रविवार की दरमियानी रात 12:15 बजे अपनी टीम के साथ जुनवानी स्थित सूर्या मॉल के लिस्टोमेनिया क्लब एंड किचन में दबिश दी पुलिस के पहुंचते ही अंदर हड़कंप मच गया महफिल में शराब परोसी जा रही थी और कई युवक-युवतियां नशे में झूम रहे थे पुलिस को देखते ही कई लड़कियां और युवक पिछले दरवाजे से भागने लगे पुलिस ने क्लब को 15 मिनट में खाली कराया और मैनेजर समेत कर्मचारियों को नोटिस देकर छोड़ा क्या है मामला नियम के मुताबिक क्लब रात 11 बजे तक बंद होना चाहिए, लेकिन यहां आधी रात बाद भी शराब और नशे का खेल जारी था क्लब का दरवाजा बंद कर भीतर पार्टी चल रही थी इससे पहले भी यहां से 52 पेटी शराब जब्त हो चुकी है और कलेक्टर के आदेश पर बंद कराया गया था लेकिन संचालन फिर से धड़ल्ले से शुरू कर दिया गया लाइसेंस का खेल और अवैध कारोबार क्लब का संचालन बिलासपुर निवासी अजय सिंह कर रहा है, जिसने लाइसेंस को पार्टनर के नाम किराए पर दिया है। जानकार बताते हैं कि शराब परोसने का लाइसेंस किराए पर देना पूरी तरह अवैध है। यहां तक कि क्लब में एक सिगरेट 400 रुपए तक में बेची जाती है यूथ किस दिशा में जा रहा है क्लब के बाहर नो-पार्किंग में कारों की लंबी कतार इस बात का सबूत थी कि दुर्ग, भिलाई, रायपुर और राजनांदगांव तक के युवा यहां मौज-मस्ती के लिए जुटते हैं। सवाल यह है कि युवा आखिर किस दिशा में बढ़ रहे हैं? देर रात तक नशे और मौज-मस्ती में डूबे ये युवा अपने भविष्य को अंधकार में धकेल रहे हैं। समाज और परिवार की जिम्मेदारियों से मुंह मोड़कर यह पीढ़ी नशे की गिरफ्त में फंसती जा रही है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन राठौर ने बताया कि क्लब की वीडियोग्राफी कराई गई है निर्धारित समय से अधिक देर तक संचालन करने के मामले में नोटिस जारी किया गया है जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी स्मृति नगर चौकी क्षेत्र मामले है

# पेरपा से गुमियापाल कच्ची सड़क ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत

**तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**बचेली, 22 सितंबर।** पेरपा मोड़ से गुमियापाल की ओर जाने वाली सड़क कच्ची है और यह सड़क गड्ढो और कीचड़ से खस्ताहाल है. सड़क पर समतलीकरण नहीं किया गया है, जिससे जगह-जगह पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं. ग्रमीण स्कूली बच्चे और शिक्षक अक्सर चोटिल होते रहते हैं.दो महीने पहले इस सड़क से मरीज को लेकर आ रही एंबुलेंस गड्ढों में फस गई थी जिसे ट्रैक्टर के माध्यम से निकल गया और मरीज को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया गया उस के बाद भी पी डब्लू डी विभग और ठेकेदार द्वारा सड़क की मरमत तक नही किया गया है

छत्तीसगढ़ के दन्तेवाड़ा जिले के ग्राम



पेरपा से ग्राम गुमियापाल तक जाने वाली कच्ची सड़क ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन चुकी है. यह सड़क अब आवागमन का माध्यम कम और समस्या का कारण ज्यादा बन गई है. सड़क की हालत इतनी खराब है कि आम दिनों में भी चलना मुश्किल होता है, जबकि गर्मी में उड़ती धूल और बारिश में भरा पानी और कीचड़ लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा दोनों के लिए खतरा बन जाता है. अब ग्रामीणों ने इस सड़क की मरमत और सड़क निर्माण कार्य मे तेजी लाने की मांग को लेकर सुशासन तिहार में आवेदन प्रस्तुत किया है और पक्की सड़क की मांग तेज कर दी है इस सड़क की मरमत मांग की है.लेकिन ग्रमीणों की मांग अब तक पूरी नही हुई हैइस सड़क पर अभी तक ठेकेदार के द्वारा मरमत की कोई व्यवस्था नहीं की गई है. गड्ढो और कीचड़ से ग्रमीण को स्कूली बच्चों को शिक्षक और स्वस्थ कर्मियों को काफी परेशानी होती है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका और अधिक बढ़ जाती है. स्थानीय लोगों के अनुसार, यह मार्ग ग्रामीणों की जीवनरेखा है लेकिन इसे लेकर न ही किसी जनप्रतिनिधि ने गंभीरता दिखाई और न ही प्रशासन ने कोई ठोस कदम उठाया।

# छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की रजत जयंती पर विविध खेल प्रतियोगिताएं आयोजित,विजता किए गए पुरस्कृत

**रायपुर, 22 सितम्बर ।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की रजत जयंती समारोह श्रृंखला के अंतर्गत 20 एवं 21 सितम्बर को स्टाफ क्लब हाउस में कर्मचारियों हेतु खेल महोत्सव का आयोजन किया गया।इसका शुभारंभ मुख्य न्यायाधीश श्री न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने किया। महोत्सव में बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, जिनमें महिला और पुरुष वर्ग के सिंगल्स एवं डबल्स मुकाबले शामिल रहे।प्रतियोगिता में बैडमिंटन (पुरुष सिंगल्स) में योगेश कुमार यादव विजेता एवं प्रकाश कुमार उपविजेता बने। महिला सिंगल्स में यामिनी



पाटनवार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि लिलि सिंह राजपूत उपविजेता रहीं। टेबल टेनिस (पुरुष) में उमेश कुमार साहू और (महिला) में अंजना सेन विजेता रहे। शतरंज (पुरुष) में किशन कुमार मरकाम तथा (महिला) में रितू सिंह ठाकुर प्रथम स्थान पर रहे। कैरम (पुरुष) में विक्रम सिंह चौहान और (महिला) में ज्योति साहू विजेता बने।समापन अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने विजेताओं एवं उपविजेताओं को पदक और पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल जीवन में हंसी, उल्लास एवं आपसी सौहार्द बढ़ाने के साथ ही तनाव मुक्ति और मानसिक ताजगी का महत्वपूर्ण साधन हैं।उल्लेखनीय है कि रजत जयंती समारोह की श्रृंखला में पूर्व में अधिवक्ताओं एवं न्यायिक अधिकारियों हेतु वाद-विवाद प्रतियोगिता और न्यायाधीशगण एवं अधिवक्ताओं के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का भी आयोजन किया जा चुका है।इस अवसर पर न्यायाधीशगण श्रीमती रजनी दूबे, श्री नरेन्द्र कुमार व्यास, श्री नरेश कुमार चन्द्रवंशी, श्री राकेश मोहन पाण्डेय, श्री रविन्द्र कुमार अग्रवाल, श्री अरविन्द वर्मा एवं श्री विभू दत्त गुरू सहित रजिस्ट्रार जनरल, अधिकारीगण, कर्मचारी एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

### सिधौली में 27 को रंगमंच भवन का शिलान्यास

**अंवरी।** कुरूद विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलौटी में रंग मंच भवन के शीला न्यास कार्यक्रम 27 सितम्बर दिन शनिवार को दोपहर 3:00 बजे पुराना बाजार चौक ग्राम सिलौटी में रखा गया है जिसमे माननीय श्री भूपेश बघेल जी पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन अखिल भारतीय महासचिव दिल्ली एवं प्रभारी कांग्रेस कमेटी पंजाब ,श्री दीपक बैज जी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी एवं पूर्व सांसद बस्तर ,श्रीमती फूलों देवी नेताम राज्य सभा सांसद ,श्री मलकीत गैदु छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी प्रभारी महामंत्री, श्री धनेंद्र साहू जी पूर्व मंत्री पूर्व पीसीसी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अभनपुर, श्री अरुण वोरा जी पूर्व विधायकश्रीमती अंबिका मरकाम विधायक सिहावा, गृह ग्राम सिलौटी में दिग्गज कांग्रेसी नेता कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

# सुकमा में खुले दो नए सुरक्षा कैंप,नक्सल उन्मूलन अभियान में आएगी तेजी



**सुकमा,22 सितंबर।** सरकार ने मार्च 2026 तक नक्लसवाद खत्म करने का लक्ष्य रखा है. नक्सल उन्मूलन अभियान में तेजी लाने और ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाने बस्तर में नए सुरक्षा कैंप खोले जा रहे हैं. सुकमा जिले के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम ÷पालागुड़ा एवं गुंडराजगुडेम' 'में भी पुलिस प्रशासन ने दो नए सुरक्षा कैंप स्थापित किया है. छत्तीसगढ़ शासन के ''नियद नेल्ला नार'' योजना से क्षेत्र के ग्रामीणों को लाभान्वित करने उद्देश्य से यह कैंप खोला गया है. बता दें कि 2024 से अब तक सुकमा जिले में सुरक्षा बलों ने कुल 18 नए कैंपों की स्थापना की हैभारी मानसून के दौरान एवं कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद सुरक्षा बलों ने सभी चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए माओवादियों के कोर जोन क्षेत्र में लगातार एक साथ दोनों ग्रामों में कैंप स्थापित किया है. इससे सिलेगर - एल्मागुंडा एक्सिस सीधा कनेक्ट होगा. सुरक्षा कैंप की स्थापना से क्षेत्र में सुरक्षा वातावरण सुदृढ़ होगा. ग्रामीणों को विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से सीधे लाभान्वित होने का अवसर प्राप्त होगा. यह कदम माओवादियों के विरुद्ध एक बड़ी रणनीतिक सफलता है.नए सुरक्षा कैम्पों की स्थापना होने से नक्सल उन्मूलन में तेजी आई है, जिसके फलस्वरूप वर्ष 2024 से अब तक नक्सल विचारधारा को त्यागकर 518 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है. वहीं सुरक्षा बलों ने विभिन्न अभियानों में 64 माओवादियों को मार गिराए हैं व 451 माओवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है.जिला सुकमा के सुदूर अंचल क्षेत्रों में नक्सल उन्मूलन अभियान एवं विकासात्मक कार्यो में तेजी लाने सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, कमलोचन कश्यप पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज दंतेवाड़ा, आनंद सिंह राजपुरोहित उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज सुकमा के मार्गदर्शन एवं किरण चव्हाण पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा, राकेश चंद्र शुक्ला कमांडेंट 150 वाहिनी सीआरपीएफ, कमलेश कुमार कमांडेंट 02 वाहिनी सीआरपीएफ, अमित चौधरी कमांडेंट 201 कोबरा, पवन कुमार सिंह कमांडेंट 203 कोबरा, रोहित शाह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुकमा के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में छत्तीसगढ़ शासन से संचालित ''नियद नेल्ला नार'' योजना के तहत दो सुरक्षा कैंप स्थापित किया गया हैं.नए कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र में माओवादियों के अंतरजिला गतिविधियों पर अंकुश लगेगा व नक्सल विरोधी अभियान संचालन में तेजी आएगी।

# मैराथन दौड़ को विधायक नेताम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**कांकेर, 22 सितम्बर ।** सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आज नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री आशाराम नेताम ने हरी झंडी दिखाकर धावकों को रवाना किया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

दौड़ दो वर्गों में आयोजित हुई पुरुष वर्ग की दौड़ नरहरदेव विद्यालय से प्रारंभ होकर घड़ी चौक, नया बस स्टैंड, मस्जिद चौक होते हुए पुनः विद्यालय प्रांगण में समाप्त हुई। बालिका वर्ग की दौड़ विद्यालय से प्रारंभ होकर मस्जिद चौक, पुराना बस स्टैंड होकर पुनः विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुई। इस अवसर पर कांकेर विधायक श्री नेताम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवाओं को नशा त्यागने और इस सामाजिक बुराई से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशा किसी भी रूप में कैंसर से भी अधिक खतरनाक है। इससे दूर रहकर शिक्षा, खेल और रोजगार की दिशा में भविष्य संवारने आगे आना होगा। उन्होंने मैराथन में शामिल सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री भरत मटियारा ने युवाओं को नशे से दूर रहकर देश के विकास में योगदान देने की बात कही। नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरुण कौशिक ने भी अपने संबोधन में नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए सभी को प्रेरित किया।

# झोलाछाप डॉक्टर इलाज के नाम पर ग्रामीणों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे

**बीजापुर, 22 सितंबर।** ग्रामीण अंचलों में इलाज के नाम पर झोलाछाप डॉक्टरों का धंधा खुलेआम चल रहा है। बीएससी नर्सिंग कर झोलाछाप डॉक्टर मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खेल रहे हैं। इनकी झोलाछापगिरी का सीधा असर मरीजों और उनके परिवारों पर पड़ रहा है।

ताजा मामला भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम पेददामाटूर से सामने आया है। मट्टी समक्का बहुत दिनों से बुखार से पीड़ित थी नदी के उस पार बसे मीनूर गांव की निवासी हैं। बीमार होने पर वह अपने दामाद कोरम धर्मैया के यहां पेददामाटूर में रहकर इलाज करवा रही थीं। मद्देड़ के अजय शिंदे से इलाज कराया गया, इलाज के बाद 3 हजार रुपये लिए गए। लेकिन दूसरे ही दिन महिला के शरीर में सूजन आना चालू हुआ। उनके बेटे मटटी लिंगैया ने बताया कि इंजेक्शन लगाने के बाद से ही शरीर में सूजन चालू हुआ। 20-25 दिनों से शरीर में सूजन बना



हुआ है। जब सुधार नहीं हुआ, तो उनके पुत्र मटटी लिंगैया ने दोबारा अजय शिंदे को बुलवाया, जहां अजय शिंदे ने दो इंजेक्शन और लगाने की बात कही।जब इस विषय पर बीएससी नर्सिंग किए अजय शिंदे को पूछा गया तो उन्होंने बताया कि मरीज को बुखार और बीपी कम हुआ था जिसका इलाज मेरे द्वारा किया गया है इलाज के लिए 2500 और पुराना 500 मिलकर 3000 रुपये लिया गया।सूत्रों का कहना है कि करीब एक से डेढ़ माह पहले ही अजय शिंदे के पिता के घर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उनके अवैध क्लिनिक को सील किया था। सवाल उठता है कि इसके बावजूद अजय शिंदे कैसे दोबारा मरीजों का इलाज कर पा रहे हैं? क्या जिम्मेदार अधिकारियों की सतर्कता में कमी है या नियम लागू करने में लापरवाही इस मामले पर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. आर. पुजारी ने कहा कि कुछ लोग बिना अनुमति के अवैध रूप से इलाज कर रहे हैं। हाल ही में मद्देड़ में इस तरह की गतिविधि पाई गई थी, जिस पर हमारी ओर से कार्रवाई की गई। इसके बावजूद चेतावनी देने के बाद भी कुछ लोग अवैध प्रैक्टिस कर रहे हैं। विभाग जल्द ही कड़ी कार्रवाई करेगा

हालांकि सवाल यह भी है कि जब पहले ही क्लिनिक को सील किया जा चुका था, तो दोबारा इसे रोकने में स्वास्थ्य विभाग क्यों विफल रहा? ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर फायदा झोलाछाप डॉक्टर उठाते आ रहे हैं, यही कारण है कि मरीजों की जान खतरे में और परिवारों को आर्थिक नुकसान और मानसिक तनाव भी झेलना पड़ा रहा है।बीएससी नर्सिंग के झोलाछाप डॉक्टर पर जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही करते हैं या उन्हें संरक्षण देकर अन्य ग्रामीणों की बारी आने का इंतजार करते हैं यह अब देखने वाला विषय होगा।

# ट्रैक सूट खरीदी हो या सफाई टेंडर हर जगह चल रहा कमीशनखोरी का खेल:आदित्य

**जगदलपुर,22 सितंबर।** प्रदेश की राजनीति इस समय ट्रैक सूट खरीदी घोटाले को लेकर गरमा गई है। करोड़ों रुपये के इस घोटाले का खुलासा करने वाले युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला एवं हस्द्ध रायपुर जिलाध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी पर भाजपा सरकार ने झूठी स्रद्धक्र दर्ज कर राजनीतिक प्रतिशोध का घिनौना खेल खेला है।

भ्रष्टाचार को उजागर करने और फर्जी डिग्री माफियाओं के खिलाफ आवाज उठाने वालों पर कार्रवाई, भाजपा सरकार का असली चेहरा सामने लाती है। कांग्रेस का कहना है कि सरकार जनता के पैसे की बंदरबांट में लिप्त है और जब कोई सच सामने लाता है तो उस पर दमनचक्र चलाया जाता है।ट्रैक सूट खरीदी में करोड़ों रुपये का खेलसफाई कर्मचारियों का टेंडर केवल एक ही व्यक्ति को देकर कमीशनखोरी का खुला खेल।रोटी मशीन खरीदी, जग खरीदी और 3त्न कमीशन जैसे कई घोटाले।भाजपा के बालोद जि़ला महामंत्री सौरभ लूनिया का हर फाइल व निर्णय में सीधा हस्तक्षेप।



युवा कांग्रेस एवं NSUI ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संरक्षण में प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। विभाग की संचालक तनुजा सलाम तक गंभीर सवालों से बचती नजर आईं और घबराहट में चप्पल तक छोड़कर भागना इस बात का प्रमाण है कि विभाग में अनियमितताएँ गहरी हैं।

**दमनकारी रवैया**-भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने के बजाय भाजपा सरकार पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग कर रही है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने आए कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया, उन पर झूठे मुकदमे थोपे गए और विपक्षी आवाज को दबाने की कोशिश की गई।इसी दमन के विरोध में युवा कांग्रेस एवं हस्द्ध कार्यकर्ताओं ने जगदलपुर के संजय मार्केट में गृहमंत्री का पुतला दहन कर जोरदार विरोध दर्ज कराया।

बस्तर जिला युवा कांग्रेस (शहर) जिलाध्यक्ष अजय बिसाई ने कहा–भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि ट्रैक सूट खरीदी से लेकर सफाई टेंडर तक हर जगह कमीशन का खेल हो रहा है। भाजपा नेता सौरभ लूनिया जैसे लोग अधिकारियों पर दबाव बनाकर फैसले करवाते हैं। मगर कांग्रेस कार्यकर्ता किसी धमकी से डरने वाले नहीं, हम हर घोटाला जनता के सामने उजागर करेंगे। भाजपा शासन का चेहरा भ्रष्टाचार की गारंटी है। सच बोलने वालों पर स्रद्धक्र और मुकदमे दर्ज करना तानाशाही है। अगर सरकार ईमानदार है तो निष्पक्ष जांच क्यों नहीं कराती? हस्द्ध हर स्तर पर इस तानाशाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद करेगी।युवा कांग्रेस नेता आदित्य सिंह बिसेन ने कहा कि ÷भाजपा सरकार भ्रष्टाचार की जननी बन चुकी है। ट्रैक सूट खरीदी हो या सफाई टेंडर, हर जगह कमीशनखोरी का खेल चल रहा है। सच उजागर करने वाले भावेश शुक्ला और प्रशांत गोस्वामी पर झूठी स्रद्धक्र सरकार के राजनीतिक प्रतिशोध का सबूत है।भाजपा नेताओं के इशारे पर भ्रष्टाचार की फाइलें लिखी जाती हैं और अधिकारियों से फैसले करवाए जाते हैं। मगर कांग्रेस कार्यकर्ता किसी धमकी से डरने वाले नहीं हैं, हम हर घोटाले को जनता के सामने लाएंगे।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य,पूर्व विधायक रेखचन्द जैन,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बलराम यादव,महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद,प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य सिंह बिसेन,प्रदेश महासचिव मनोहर सेठिया,हस्द्ध प्रदेश महासचिव एम ज्योति राव,निगम पार्षद शुभम यदु,रविशंकर तिवारी,विजेंद्र ठाकुर,युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष संदीप दास,युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सायमा अशरफ,युका जिला महामंत्री तरनजीत रंधावा,महिला नेत्री एस नीला,माही श्रीवास्तव ,हस्द्ध प्रदेश सचिव आदर्श नायक,नई प्रदेश सचिव अभिषेक गुप्ता,हस्द्ध प्रदेश सचिव माज लीला,हस्द्ध प्रदेश सचिव सोनू कश्यप, जिला सोशल मीडिया समन्वयक शादाब अहमद,युका नेता आसिफ अली, युका नेता उस्मान रज़ा,विजय ध्रुव,पंकज केवट,कुणाल पाण्डे,तरुण शेट्टी ,समीर कुमार,कीषु बघेल,दक्ष साहू,अंकित नागवंशी,अविनाश कश्यप,समीर कुरैशी,आरो बघेल,हर्षवर्धन शर्मा,खीरेंद्र यादव,आदर्श तिवारी,आशीष बघेल,रेहान रिजवी,हसनैन रजा,अमित बघेल,राजू कश्यप,आकाश कश्यप, अविनाश श्रीवास्तव,अमित रैकवार, एवं अन्य उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### बस्तर के वरिष्ठ पत्रकार स्व. राजेंद्र बाजपेयी को दी गई श्रद्धांजलि



**जगदलपुर।** बस्तर के वरिष्ठ पत्रकार स्व. राजेंद्र बाजपेयी के निधन के उपरांत रविवार को नयापारा स्थित बस्तर जिला पत्रकार संघ भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत स्व. बाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके पश्चात उपस्थित पत्रकारों ने उनके साथ बिताए संस्मरणों को साझा किया और पत्रकारिता क्षेत्र में उनके योगदान को अनुकरणीय बताया।श्रद्धांजलि सभा में अध्यक्ष मनीष गुप्ता, सचिव धर्मेंद्र महापात्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव प्रकाश सीजी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष निरंजन दास, कोषाध्यक्ष सुब्बा राव, संयुक्त सचिव बादशाह खान सहित वरिष्ठ पत्रकार हेमंत कश्यप, गुप्तेश्वर सोनी, अनिल सामंत, संजीव पचौरी, सुनील मिश्रा समेत अनेक पत्रकार शामिल हुए।इस अवसर पर अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहा कि -बस्तर की पत्रकारिता में स्व. राजेंद्र बाजपेयी का योगदान अविस्मरणीय है। संघ इस दुख की घड़ी में बाजपेयी परिवार के साथ खड़ा है कार्यक्रम के अंत में सचिव धर्मेंद्र महापात्र ने जानकारी दी कि स्व. राजेंद्र बाजपेयी की तेरहवीं एवं शांतिभोज का आयोजन आगामी 1 अक्टूबर को पत्रकार संघ भवन परिसर में किया जाएगा।

### रजत महोत्सव मैराथन के प्रतिभागियों को मिला नगद पुरस्कार



**बीजापुर,22 सितंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने पर चल रहे रजत महोत्सव और सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों की कड़ी में समाज कल्याण विभाग बीजापुर ने रविवार को मैराथन दौड़ का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य फिटनेस को बढ़ावा देना, आत्मनिर्भर भारत का संकल्प मजबूत करना और नशामुक्त समाज का संदेश देना रहा है।दौड़ की शुरुआत कलेक्टर परिसर से हुई और समापन नवोदय विद्यालय, एजुकेशन सिटी परिसर में हुआ। कार्यक्रम में युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रतियोगिता में विजेताओं को नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरुष वर्ग में सुरेन्द्र मरकाम ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि राकेश भोगम दूसरे और नागेश वाचम तीसरे स्थान पर रहे। चौथे स्थान पर लक्ष्मण तेलम और पांचवें स्थान पर प्रकाश कड़ती रहे।महिला वर्ग में पूजा वाच्य ने पहला स्थान प्राप्त किया। पिंकी कुड़ियम दूसरे, लक्ष्मी वाचम तीसरे, विनीता तेलम चौथे और सावित्री कुहरामी पांचवें स्थान पर रहीं।प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पाँच हजार रुपये, द्वितीय स्थान पर तीन हजार, तृतीय को दो हजार, चौथे को एक हजार और पाँचवें स्थान पर रहे प्रतिभागी को पाँच सौ रुपये की नगद राशि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक कमलेश्वर पटेल ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### पितृपक्ष पर गायत्री शक्तिपीठ में श्रद्धालुओं ने किया तर्पण,पिंडदान



**बीजापुर,22 सितंबर।** पितृपक्ष श्राद्ध पर्व के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ बीजापुर में पितृ तर्पण और पिंडदान का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर से श्रद्धालु परिवारों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की और परंपरागत विधियों के साथ अपने पितरों को स्मरण किया।सुबह से ही श्रद्धालु शक्तिपीठ परिसर में जुटने लगे थे। वैदिक मंत्रोच्चारण और धार्मिक विधि-विधान के बीच 15 से अधिक परिवारों ने पिंडदान और तर्पण संपन्न किया। इस दौरान वातावरण श्रद्धा, भक्ति और गायत्री मंत्रों की गूंज से पावन हो उठा।शक्तिपीठ के उप ट्रस्टी रामयस विश्वकर्मा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पितृपक्ष के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इन दिनों किए गए तर्पण और श्राद्ध से पितरों की आत्मा को शांति और तृप्ति प्राप्त होती है, वहीं परिवार पर भी पुण्य और आशीर्वाद की वर्षा होती हैआयोजन के दौरान युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष,जिला समन्वयक तथा शक्तिपीठ परिवाजक दिलीप ने श्रद्धालुओं को समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने नशामुक्त जीवन अपनाने, पर्यावरण संरक्षण और सेवा कार्यों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।अंत में सभी श्रद्धालुओं ने सामूहिक संकल्प लिया और शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला के लिए 23 एवं 24 सितम्बर को होगा पंजीयन

**जगदलपुर, 22 सितम्बर ।** राज्य शासन ने प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के लिए एक बेहद खास पहल की है। इसके तहत बेरोजगारों के लिए 9 और 10 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में राज्य में काम कर रहीं 114 कंपनियां युवाओं को 8 से 10 हजार जॉब देगीं। इस रोजगार मेले के लिए रोजगार विभाग की वेबसाइट पर पंजीयन जारी हैं। इस बीच औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर में रोजगार पंजीयन शिविर का आयोजन 23 एवं 24 सितंबर 2025 को प्रातः 10 बजे सायं 05 बजे तक किया जाएगा, जो भी आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी पंजीयन नहीं करवाएं हैं इस संस्था के प्राचार्य श्री एके मंडले द्वारा उक्त रोजगार मेला में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थियों को अपना शैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड के साथ उक्त नियत तिथि पर उपस्थित होकर अपना पंजीयन करवाने का आग्रह किया गया है।

### सीईओ बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की

**राजनांदगांव 22 सितम्बर ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरुचि सिंह ने डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव में प्राचार्यों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की गहन समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने पाक्षिक, तिमाही एवं गत वर्ष के परीक्षा परिणाम की जानकारी ली तथा बच्चों को गंभीरतापूर्वक गुणत्तायुक्त शिक्षा देने कहा। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विनोबा एप के माध्यम से संचालित कार्यक्रमों को बेहतर बनाने के लिए मासिक एवं पाक्षिक परीक्षा आयोजन करने कहा।

## एक नजर

### नशामुक्त भारत मैराथन का आयोजन 23 सितंबर को

**महासमुन्द 22 सितंबर ।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव एवं सेवा पखवाड़ा दिवस 2025 के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्त भारत मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। मैराथन मंगलवार 23 सितंबर 2025 को प्रातः 07:00 बजे शासकीय बहुदिव्यांग विशेष विद्यालय, खैरा महासमुन्द से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट महासमुन्द तक आयोजित होगी।इस अवसर पर विभिन्न वर्गों में प्रतियोगिताएं होंगी, जिनमें प्रतिभागियों को आकर्षक नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। जिसमें प्रथम पुरस्कार 2100 रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार 1100 रुपए प्रदान किया जाएगा। नशामुक्त भारत मैराथन में ओपन वर्ग में समस्त महिला एवं पुरुष भाग ले सकेंगे। इसी प्रकार 60 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष प्रतिभागी होंगे। साथ ही दिव्यांगजनों के लिए मोटराइज्ड ट्रायसायकल मैराथन एवं ट्रायसायकल मैराथन का आयोजन किया जाएगा।उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती संगीता सिंह ने अधिक से अधिक दिव्यांगजन, वरिष्ठजन, स्कूली एवं महाविद्यालयीन दिव्यांग छात्र-छात्राओं से इस कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### मुख्यमंत्री साय ने विद्युतीकरण के लिए स्वीकृत किये 58 लाख

**जशपुरनगर 22 सितम्बर ।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्रामीणों की इस समस्या को दूर कर दी। सीएम साय ने जिले के कांसाबेल ब्लॉक के ग्राम पूसरा,पोंगरो,कांसाबेल,बाँसबहार,चोगरीबहार,देवरी,दोकड़ा,सारूकछार,बटईकेला,नरियलडांड,फरसाजुड़वाईन,खूंटीटोली,बेलटोली के कई आश्रित बस्तियों,मजरा टोली में अधूरे पड़े विद्युतीकरण के काम को पूरा कराने के लिए 58 लाख रूपये की स्वीकृति देते हुए राशि जारी कर दी है,जिसके बाद इन बस्तियों में विद्युत केबल तार लगाकर ग्रामीणों को अंधेरे से मुक्ति दिलाने का कार्य शुरू हो गया।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संज्ञान में जैसे ही जिले काँसाबेल ब्लाक में अधूरे पड़े विद्युतीकरण के काम का मामला आया,उन्होंने इसे पूरा कराने के लिए विभाग की निर्देशित कर किया था। विद्युतीकरण कार्य को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 58 लाख रुपये की स्वीकृति देकर उन्हें अंधेरे से मुक्ति मिलने के बाद ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। ग्रामीणों ने वर्षों की समस्या को दूर करने के लिए सीएम साय का आभार जताया है।

### महिला,पुरुषों ने मैराथन में भाग लेकर नशामुक्ति का संदेश दिया

**सूरजपुर, 22 सितंबर ।** नशामुक्ति भारत अभियान के तहत आज सूरजपुर में महिला एवं पुरुष वर्ग हेतु मैराथन का आयोजन किया गया। महिला वर्ग की दौड़ का शुभारंभ जिला संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया। जिसका समापन कोतवाली थाना के पास पुराने बस स्टैंड से हुआ, वहीं पुरुष वर्ग की मैराथन जिला संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर अग्रसेन चौक और श्याम मंदिर मार्ग से होते हुए अग्रसेन स्टेडियम ग्राउंड में संपन्न हुई। इस मैराथन के द्वारा नशा मुक्ति और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्री एस. जयवर्धन ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर डीएफओ श्री पंकज कमल, एसडीएम सूरजपुर श्रीमती शिवानी जायसवाल सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।मैराथन में विजयी प्रतिभागियों को सेवा पखवाड़ा के समापन अवसर 02 अक्टूबर को पुरस्कृत किया जाएगा।

### चुनिंदा लोगों को लाभ पहुँचाने एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल जनता पर थोप रही सरकार : विनोद

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि मोदी सरकार के ग्रीन एनर्जी के नाम पर ई-27 ब्लेंडिंग स्कीम (27 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रिम पेट्रोल) अब जनता के लिए बड़ी आफत बन गई है। आम जनता को मिलावटी पेट्रोल देकर अधिक दाम तो वसूला ही जा रहा है, साथ ही यह एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल गाड़ियों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। सरकार ने कहा था कि 27 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से अन्य देशों पर निर्भरता कम होगी तथा आम जनता को सस्ता पेट्रोल मिलने लगेगा। केंद्र सरकार के मंत्री नितिन गड़करी ने यह तक कह दिया था कि एथेनॉल का उपयोग कर हम पेट्रोल का दाम 15 रूपए प्रति लीटर तक पहुँचा देंगे। अब जब 27 प्रतिशत एथेनॉल मिक्स पेट्रोल आम जनता को उपलब्ध कराया जा रहा है तो, 15 रू. प्रति लीटर पेट्रोल ना सही कम से कम पेट्रोल की कीमतों में जो वर्तमान दर 100 रू. प्रति लीटर चल रहा है, उसमें तो 15 रु. की कमी लाई जा सकती है। लेकिन, वह भी नहीं किया गया।पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने 27त्न इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल जनता को बिना कोई विकल्प दिए थोप रही है। ज़्यादातर गाड़ियाँ तो इसके लायक भी नहीं हैं, फिर भी ये आम जनता के गले में उतार रहे हैं। मोदी सरकार के कार्यकाल को ही ले लीजिए आम जनता विगत 11 साल से रोड टैक्स, जीएसटी, टोल, इनकम टैक्स, पेट्रोल पर टैक्स भर रहे हैं। और बदले में मिलावट वाला ईंधन दिया जा रहा है। यूपीए शासन काल के दौरान, यही भाजपा 50 पैसे की बढ़ोतरी पर विरोध करती थी। लेकिन, आज जब रूस से खरीदे जाने वाले कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट आई है। उसके बाद भी पेट्रोल का दाम 100 रु. पर स्थिर है। और भाजपा के लोग इस मुद्दे पर खामोश हैं। यही नहीं, सरकार के गलत नीतियों का विरोध करने पर विरोध प्रदर्शनों को राजनीतिक साज़िशों के तौर पर पेश किया जाता है, और असली चिंताओं को नज़र अंदाज़ कर जनता का ध्यान भटकाया जाता है।

चंद्राकर ने कहा कि विशेषज्ञों के मुताबिक एथनॉल मिश्रित पेट्रोल से गाड़ियों की माइलेज में 25त्न तक की गिरावट देखी जा रही है।

धुरवा समाज के नुआखाई मिलन समारोह में

# सीएम साय ने भूमिका को दुलारा और कहा-राज्य की हर बेटी खूब पढ़े

**रायपुर, 22 सितम्बर ।** धुरवा समाज के नुआखाई मिलन समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आत्मीय और वात्सल्यपूर्ण रूप सभी ने देखा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने धुरवा समाज की नन्हीं बच्ची भूमिका बघेल को स्नेहपूर्वक अपने गोद में बिठाकर दुलार किया और उसे महुआ लड्डू खिलाया।

जगदलपुर विकासखंड के उलनार निवासी भूमिका बघेल अपने दादा सोनसारी बघेल के साथ कार्यक्रम में पहुंची थी। पारंपरिक पोशाक में सजी-धजी भूमिका ने सभी का मन मोह लिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्नेहपूर्वक उसका नाम पूछते हुए कहा– बिटिया, किस कक्षा में पढ़ाई कर रही हो मासूम मुस्कान के साथ भूमिका ने उत्तर दिया–मैं दीप्ति कान्वेंट स्कूल में एलकेजी में पढ़ती हूँ।



यह स्नेहिल दृश्य समारोह में उपस्थित सभी लोगों के मन को गहराई तक छू गया। एलकेजी में पढ़ रही भूमिका की निश्छल मुस्कान, पारंपरिक परिधान और मासूम नज़रों की चमक में बस्तर की संस्कृति और उसकी खुशियाँ झलक रही थी।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि समाज ने पिछले वर्ष ही अपने बच्चों के लिए कक्षा 12वीं तक की शिक्षा अनिवार्य करने का सराहनीय निर्णय लिया। यही शिक्षा और संस्कार हमारी आने वाली पीढ़ी का भविष्य संवारेंगे। उन्होंने कहा कि मैं यही कामना करता हूँ कि भूमिका और छत्तीसगढ़ की हर बेटी खूब पढ़े, आगे बढ़े, उड़ान भरे और अपनी संस्कृति से यूँ ही जुड़ी रहे।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जिस आत्मीयता और वात्सल्य से नन्हीं भूमिका बघेल से स्नेहपूर्ण वार्तालाप किया, उसने पूरे समारोह का वातावरण स्नेह और आत्मीयता से परिपूर्ण कर दिया।मुख्यमंत्री श्री साय का आत्मीय व्यवहार जनजातीय समाज के साथ उनके गहरे जुड़ाव और बच्चों के प्रति स्नेहपूर्ण हृदय का प्रमाण है। उनकी यह सरलता और अपनापन न केवल लोगों को विश्वास से भरता है, बल्कि यह भी संदेश देता है कि सरकार का नेतृत्व समाज के हर वर्ग और हर बच्चे के सुख-दुख में सहभागी है।

# शासकीय दर पर किया गया यूरिया का वितरण



**महासमुंद 22 सितंबर ।** कलेक्टर श्री विनय लंगेह के निर्देशानुसार एवं उप संचालक कृषि श्री एफ.आर. कश्यप के मार्गदर्शन में जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी को रोकने हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम लाफिनखुर्द के मेसर्स आर.के. ट्रेडर्स में जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मौके पर 72 बोरी यूरिया पाया गया, जिसे कृषकों को शासकीय दर 266 रुपये प्रति बोरी पर वितरित किया गया। वितरण के समय सहायक संचालक कृषि डॉ. परमजीत सिंह, उर्वरक निरीक्षक श्री उमेश चन्द्राकर, श्री ओमप्रकाश चन्द्राकर, श्री भूषण साहू एवं श्रीमती उषा मरावी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों को उर्वरक की उपलब्धता शासकीय दर पर ही सुनिश्चित की जाएगी और कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सूर्य घर योजना रोशनी के साथ आय का नया जरिया

**महासमुन्द 22 सितंबर ।** वो समय अब बीत चुका है जब बिजली के मीटर उपभोक्ताओं की जेब खाली कर देते थे। अब मीटर गवाही दे रहा है, ऊर्जा उपभोग की नहीं, ऊर्जा उत्पादन की। छत्तीसगढ़ की धरती पर सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना ने घर-घर में आशा की नई किरण जलाई है।महासमुंद के एकता चौक, इमली भाठा रोड निवासी श्री अमित इसका जीवंत उदाहरण हैं। कभी हर महीने 1,500 से 4,000 रुपये तक का बिल चुकाने वाले अब बिजली विभाग से आय प्राप्त कर रहे हैं। उनकी छत पर सजे 5 किलोवाट के सौर पैनल रोज 10 यूनिट ऊर्जा बुनते हैं, जिनमें से 7-8 यूनिट घर की रौनक में खप जाते हैं और बाकी की रोशनी बाजार में बिक जाती है। घर का हर पंखा, हर बल्ब, हर उपकरण अब सूर्य की मुस्कान से चलता है। स्मार्ट मीटर उनकी ऊर्जा कहानी पल-पल लिख रहा है। और तड़ित चालक, मानो आकाशीय बिजली से पहरेदार बनकर रक्षा कर रहा हो।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन ने इस योजना को डबल सब्सिडी की शक्ति दी है, जहां केंद्र और राज्य मिलकर हजारों की राहत दे रहे हैं। महासमुंद जिले के 550 घर अब सिर्फ जगमग नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की मिसाल बन गए हैं। श्री देवांगन के शब्दों में यह योजना केवल सौर ऊर्जा का विस्तार नहीं, बल्कि उज्ज्वल भविष्य की क्रांति है। उपभोक्ता अब केवल रोशनी के नहीं, बल्कि प्रगति के भी निर्माता हैं।प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ में उपभोक्ताओं को डबल सब्सिडी का लाभ दिया जा रहा है। जिसमें 1 किलोवाट पैनल पर 30 हजार रुपए केंद्र एवं 15 हजार रुपए राज्य सरकार द्वारा कुल 45 हजार रुपए सब्सिडी प्रदान किया जा रहा है।

प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के मार्गदर्शन में असाधारण प्रदर्शन करने वाली

# महासमुंद की पदमा कोरियन कोच किम से लेंगी प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा 22 सितंबर।** महासमुंद जिले की महिला तीरंदाजों में से एक पदमा साहू ने मुख्यमंत्री एवं प्रदेश तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में फॉरेन एक्सपोजर के माध्यम से कोरिया के लिए चयनित हुई है। प्रदेश आर्चरी असोसिएशन से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री कैलाश मुरारका जी के अथक प्रयासों के द्वारा यह असाधारण उपलब्धि पदमा साहू को मिल पायी है। आर्चरी इंडिया के समस्त सदस्यों सहित प्रदेश आर्चरी के सभी पदाधिकारियों ने इस उपलब्धि पर



खिलाड़ी सहित महासमुंद जिले को बधाई दी है। जिला क्रीड़ा अधिकारी मनोज घृतलहरे ने भी विजेता खिलाड़ी को सभी सम्भव सहायता एवं उपकरण आदि प्रदान किये जाने हेतु आश्वस्त किया है। चयनित खिलाड़ी पदमा साहू तथा जिला तीरंदाजी संघ महासमुंद ने समस्त सहयोगियों एवं मार्गदर्शकों का हृदय से आभार व्यक्त किया है।मुरारका ने बताया कि 2 साल पहले सोनीपत हरियाणा में sai तीरंदाजी अकादमी में पद्मा साहू का चयन किया था, जब रायपुर में थी इंडियन वर्ग से खेलती रही है, उसके पास अंतरराष्ट्रीय लेबल का इक्यूपमेंट नहीं था, सोनीपत अकादमी में इनकी प्रतिभा को देखते हुए तुरंत वर्ड क्लास का उपकरण मुहैया कराया गया और दो साल में ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की श्रेणी में आ गई, ये देश तीरंदाज है जो कोच और उपकरण के अभाव में दूसरे राज्य से खेल रहे है उल्लेखनीय है कि पदमा साहू 1 हफ्ते के लिए कोरिया विश्व के सुपर कोरियन कोच द्यद्बद्व से कोचिंग लेने के लिए रवाना हो रही है।

सभी जिला एसोसिएशन अपने अपने यहां इसे न्यूज पेपर में छपाए और इसे ही नहीं जो भी तीरंदाज राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय, स्तर पर मेडल ला रहा हो उनकी न्यूज़ प्रमुखता से छपाये।

# सरगुजा अंचल के विद्यार्थियों को मिल रहा एडवांस ड्रोन का प्रशिक्षण

**सरगुजा, 22 सितंबर।** लखनपुर के पीएम श्री स्कूल में पर्यटन मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने प्रशिक्षण का किया शुभारंभ

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जैसे दूरस्थ अंचल के विद्यार्थियों को ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने आज लखनपुर के पीएम श्री स्कूल में आज प्रशिक्षण की शुरूआत की। इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को एडवांस्ड ड्रोन टेक्नोलॉजी पर 30 घंटे का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान से जोड़ना है।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री अग्रवाल ने प्रशिक्षण सत्र के शुभारंभ समारोह को



सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शिक्षा, संस्कृति और युवाओं के कौशल विकास से जुड़ी नई योजनाओं पर काम कर रहे हैं, जिससे प्रदेश का आने वाला भविष्य और अधिक उज्ज्वल होगा। उन्होंने कहा कि ड्रोन प्रौद्योगिकी का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को नई दिशा देकर रोजगार और नवाचार के अवसरों से जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर व प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। पर्यटन मंत्री श्री अग्रवाल ने कार्यक्रम में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत 53 बालिकाओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की। इस मौके पर उन्होंने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया और विद्यालय में नए वाटर कूलर का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### मोर गाँव मोर पानी अभियान के तहत योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश

**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, 22 सितम्बर।** कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने मनरेगा योजनांतर्गत मोर गाँव मोर पानी अभियान के अंतर्गत जिले के क्रिटिकल एवं सेमी-क्रिटिकल ग्राम पंचायतों को लक्षित कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया है। साथ ही पूर्व से प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु श्रम बजट तैयार करने पर विशेष जोर दिया। जिला पंचायत के नर्मदा सभा कक्ष में शनिवार को आयोजित बैठक मे कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल-संरक्षण एवं भू-जल पुनर्भरण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। श्रमिकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा कार्यस्थल पर मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध हों। योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु नियमित निगरानी एवं निरीक्षण किया जाए। सभी अधिकारी एवं तकनीकी सहायक कार्य क्षेत्र पर रहकर कार्यों की गुणवत्ता एवं समय सीमा का पालन सुनिश्चित करें। बैठक में वर्ष 2026-27 हेतु श्रम बजट के प्रारूप पर विस्तृत चर्चा की गई तथा अधिकारियों को आगामी समय-सीमा में पूर्ण प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

# शिक्षा से ही खुलेगी प्रगति की राह मंत्री :टंकराम वर्मा



**बलौदाबाजार, 22 सितंबर।** बलौदाबाजार जिले के ग्राम मोहतरा के शाला प्रांगण में आज 26 लाख 42 हज़ार रुपए से बनने वाले आहाता निर्माण एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण का भूमिपूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास एवं उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंकराम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र की प्रगति का वास्तविक आधार है। विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आवश्यक है कि बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिले। अतिरिक्त कक्षों और आहाता निर्माण से विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए सुविधाजनक माहौल मिलेगा और गांव के बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा।कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत, जनपद पंचायत से जुड़े अनेक जनप्रतिनिधि शामिल हुए। स्थानीय ग्रामीणों ने इस निर्माण कार्य की शुरुआत पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि अब बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी।

### स्कूली बच्चों के युवा संसद में नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि शामिल हुए

**अंवरी।** नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षद हितेंद्र साहू,छबिलाल निर्मलकर, भूपेश्वरी चंदेल, चक्र सुदर्शन आदि जनप्रतिनिधियों ने स्कूली बच्चों द्वारा आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में बच्चों ने संसदीय परंपरा का जीवंत प्रदर्शन किया तथा लोकतंत्र की कार्यप्रणाली का परिचय दिया।अध्यक्ष ज्योति जैन ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता पैदा करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए बताया कि संसद केवल चर्चा और बहस का मंच ही नहीं, बल्कि समाज और देश की समस्याओं के समाधान का माध्यम भी है। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न मुद्दों पर विचार प्रस्तुत किए और प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से संसदीय प्रक्रिया को रोचक बनाया। अध्यक्ष ने बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक विषयों पर भी जागरूक रहने की प्रेरणा दी।अध्यक्ष ने बच्चों को प्रेरित किया कि वे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाकर नगर और देश का नाम रोशन करें।

# प्रधानमंत्री आवास योजना से सुदूर गाँवों में आवासहीन लोगों को मिला सुरक्षित आवास और सम्मानजनक जीवन

**जशपुर, 22 सितम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल पर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत सुदूर गाँवों में बसे जरूरतमंद ग्रामीण परिवारों को अब सुरक्षित छत और सम्मानजनक जीवन मिल रहा है। इस योजना ने न केवल आवासहीन परिवारों के सपनों को साकार किया है, बल्कि उन्हें सामाजिक सुरक्षा और आत्मसम्मान का नया आधार भी प्रदान किया है।

जशपुर जिले के मनोरा विकासखंड के ग्राम पंचायत बुमतेल निवासी श्री लखन उरांव इस योजना से लाभान्वित होकर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले एक सशक्त उदाहरण बने हैं। वर्षों तक कच्चे मकान में रहने के कारण उन्हें और उनके परिवार को बारिश और ठंड में असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। छत से पानी टपकना, बार-बार घर की मरम्मत करना और बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण का अभाव, इनके जीवन की सबसे बड़ी समस्या रही।प्रधानमंत्री आवास योजना से स्वीकृत आवास ने श्री लखन के इन सभी कष्टों को दूर कर दिया। उन्होंने समय पर मकान निर्माण पूरा किया और अब उनके परिवार के पास स्थायी व सुरक्षित घर है। हितग्राही श्री लखन ने भावुक होकर बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने हमें सुरक्षित छत दिया है। बरसात के दिनों में अब हमें पानी टपकने की चिंता नहीं होती और बार-बार मरम्मत के झंझट से भी मुक्ति मिल गई है। उन्होंने आगे बताया कि उन्हें शासन से आयुष्मान भारत कार्ड और राशन कार्ड



की सुविधा भी प्राप्त हुई है, जिससे उनके जीवन में और अधिक सहजता और सुरक्षा आई है। अब वे न केवल सुरक्षित घर में रह रहे हैं, बल्कि स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से भी लाभान्वित हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना केवल एक आवास निर्माण की योजना नहीं, बल्कि यह सम्मान और नई उम्मीद की आधारशिला है। इस योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवार भयमुक्त होकर सुरक्षित भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में जशपुर जिले में यह योजना ग्रामीण जीवन में स्थायी परिवर्तन ला रही है और हर गरीब परिवार के सपनों को साकार करने का माध्यम बन रही है।

# स्वस्थ और नशामुक्त भारत के लिए नमो युवा रन में युवाओं ने उत्साह से भाग लिया

**रायपुर, 22 सितम्बर।** उप मुख्यमंत्री ने झंडा लहराकर 'नमो युवा रन' का किया आगाज, विजेताओं को पुरस्कार बांटेउप मुख्यमंत्री ने झंडा लहराकर 'नमो युवा रन' का किया आगाज, विजेताओं को पुरस्कार बांटेखेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वस्थ और नशामुक्त भारत के लिए रायपुर और बिलासपुर में आयोजित 'नमो युवा रन' में युवाओं ने जोश और उत्साह से भागीदीरी की। युवाओं को फिट और नशामुक्त रखने देश के 75 शहरों में यह दौड़ आयोजित की गई। राजधानी रायपुर में तेलीबांधा तालाब से शुरू हुई यह दौड़ सुभाष स्टेडियम में समाप्त हुई। वहीं बिलासपुर में सीएमडी कॉलेज मैदान से प्रारंभ कर रीवर-व्यू रोड में इसका समापन किया गया।

उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने रायपुर के तेलीबांधा तालाब में झंडा लहराकर 'नमो युवा रन' को प्रारंभ किया। प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने युवाओं के साथ दौड़ लगाकर इसकी प्रतीकात्मक शुरूआत की। कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार मंत्री गुरू खुशवंत साहेब, विधायकगण सर्वश्री मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा तथा छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव भी इस दौरान उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने 'नमो युवा रन' का शुभारंभ करते हुए कहा कि देश का हर युवा स्वस्थ



हो, समर्थ हो, सक्षम हो और नशे से दूर रहे, इसकी जागरूकता के लिए इस दौड़ का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं और खेलों की तरक्की के लिए महत्वपूर्ण काम किए हैं। विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से भारत सरकार युवा शक्ति को तैयार करने का काम कर रही है। साव ने कहा कि हम हर युवा को फिट रहने के लिए खेल के मैदान से जोड़ना चाहते हैं। वे खेलों से जुड़ेंगे तो नशे से दूर रहेंगे। देश को समृद्ध बनाने के लिए युवा स्वस्थ रहें तथा उत्साह व आत्मविश्वास से भरे रहें, यह जरूरी है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों से स्वस्थ और नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए संकल्प लेने की अपील की।खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव श्री यशवंत कुमार ने कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि स्वस्थ और नशामुक्त भारत के निर्माण के उद्देश्य से 'नमो युवा रन' का आयोजन किया गया है। रायपुर और बिलासपुर में आयोजित इस दौड़ में भाग लेने के लिए 20 हजार खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा उच्च शिक्षा तथा आदिम जाति कल्याण विभाग के सहयोग से इसका आयोजन किया जा रहा है। रायपुर जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह, नगर निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप, खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक श्रीमती तनूजा सलाम, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव श्री विक्रम सिसोदिया, छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ के श्री जी.एस. बाम्बरा और केनोइंग-कयाकिंग एसोसिएशन के श्री प्रशांत रघुवंशी सहित अनेक खेल संघों के पदाधिकारी, खिलाड़ी एवं कॉलेज के विद्यार्थी बड़ी संख्या में 'नमो युवा रन' के शुभारंभ और समापन के मौके पर मौजूद थे।उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव और अन्य अतिथियों ने सुभाष स्टेडियम में आयोजित 'नमो युवा रन' के समापन कार्यक्रम में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। पुरूष वर्ग में अर्जुन राय को प्रथम, अक्षय कुमार को द्वितीय और चंद्रप्रकाश को तृतीय स्थान मिला। वहीं महिला वर्ग में वंशिका पटेल प्रथम, रूख्मणि साहू द्वितीय और चंचल यादव तृतीय स्थान पर रहीं। दोनों वर्गों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः 25 हजार रुपए, 15 हजार रुपए और दस हजार रुपए की पुरस्कार राशि दी गई। वहीं चतुर्थ और पंचम स्थान हासिल करने वालों को पांच-पांच हजार रुपए तथा छटवें से दसवें स्थान पर रहने वालों को दो-दो हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव की पहल पर 'नमो युवा रन' के सुभाष स्टेडियम में समापन के दौरान अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और बस्तर ओलंपिक के आइकॉन खिलाड़ियों ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों के साथ प्रथम पंक्ति में बैठकर मंच साझा किया। श्री साव ने खुद आग्रहपूर्वक सभी खिलाड़ियों को मंच पर अग्रिम पंक्ति में जगह दी और उनके साथ विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय वेट-लिफ्टर श्री रूस्तम सारंग, हॉकी खिलाड़ी श्री मृणाल चौबे, फुटबॉलर सुश्री किरण पिस्दा और वॉलीबाल खिलाड़ी श्री दीपेश सिन्हा सहित अन्य खिलाड़ियों हितेश निर्मलकर, प्रवीण कुमार, पलक नाग, राकेश कुमार, मानो ध्रुव, पंडुराम, मानबती बघेल, मनीष मौर्य, अमृत, चुम्मन सिंह, रूपाली साहू, सुनील मोडियाम, सरिता बघेल, अनिरूद्ध, भुनेश्वरी निषाद और दामिनी सिंह को सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### रोहित शर्मा बेंगलुरु में अंडर-19 प्लेयर्स से मिले, बीसीसीआई ने तस्वीरें पोस्ट की

मुम्बई, 22 सितम्बर (एजेंसी)। भारतीय वनडे क्रिकेट



टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने बीसीसीआई के सेंटर ऑफएक्सीलेंस (CoE) में अंडर-19 खिलाड़ियों के साथ मुलाकात की। रोहित हाल ही में बेंगलुरु स्थिति सेंटर ऑफएक्सीलेंस पहुंचे। जो पहले एनसीए (NCA) के नाम से जाना जाता था। यहां पहुंचकर रोहित ने भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के साथ समय बिताया। हिटमैन ने उनके साथ अपना अनुभव बांटा। बीसीसीआई ने शनिवार को अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर इससे जुड़ी कुछ फोटोज शेयर की। फिलहाल, अंडर-19 टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई है, जहां आज पहला वनडे खेला जा रहा है। एक फोटो में रोहित अंडर-19 प्लेयर्स के साथ पोज कर रहे हैं। फोटो में बिहार के 14 साल के क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी भी शामिल हैं। उनके अलावा मुंबई के बैटर आयुष म्हात्रे भी दिख रहे हैं।
**अंडर-19 टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई:** इंडिया अंडर-19 और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम के बीच पहला वनडे मैच भारत ने जीता है। सीरीज का दूसरा वनडे बुधवार (24 सितंबर) को होगा, जबकि तीसरा वनडे मैच 26 सितंबर को खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें 2 टेस्ट मैचों की सीरीज में टकराएंगी। सीरीज का पहला फोर-डे टेस्ट मैच 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक खेला जाएगा। जबकि दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच 7 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक खेला जाएगा।

# इंग्लैंड ने 2-0 से सीरीज जीती

## आखिरी टी-20 में 6 विकेट से हराया, जॉर्डन कॉक्स ने 55 रन बनाए

**डबलिन, 22 सितम्बर (एजेंसी)।** डबलिन के मलाहाइड में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में इंग्लैंड ने आयरलैंड को 6 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-0 से जीत ली। इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स ने करियर की पहली बड़ी पारी खेलते हुए 35 गेंदों पर 55 रन बनाए और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 154 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने 4 विकेट के नुकसान पर 155 रनों का टारगेट हासिल कर मैच को 6 विकेट से जीत लिया।



**10 महीने बाद जॉर्डन की टीम में वापसी हुई:** 23 साल के जॉर्डन कॉक्स के लिए यह मैच खास रहा। पिछले 10 महीनों से वे इंग्लैंड टीम में वापसी का इंतजार कर रहे थे। पिछले साल उन्हें सभी फॉर्मेट की टीमों में चुना गया था, लेकिन शुरुआती पांच पारियों में वे सिर्फ 37 रन ही बना पाए और शॉर्ट गेंदों के खिलाफ कमजोर नजर आए। नवंबर 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू से ठीक पहले नेट प्रैक्टिस के दौरान उनका अंगूठा टूट गया था, जिससे उनका डेब्यू टल गया। इस चोट के बाद उन्होंने खुद को मानसिक रूप से मजबूत करने के लिए मनोवैज्ञानिक की मदद ली।

इस सीजन कॉक्स ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। काउंटी चैम्पियनशिप में उन्होंने तीन शतक और टी-20 ब्लास्ट में एक शतक जड़ा। उन्हें आयरलैंड दौरे के लिए अंतिम समय पर टीम में शामिल किया गया। इस मैच में उन्हें मौका मिला क्योंकि सैम करन अपने दोस्त की शादी में शामिल होने के कारण उपलब्ध नहीं थे।

**आयरलैंड की ओर से रॉस अडायर ने 33 रनों की पारी खेली:** बारिश के कारण मैच की शुरुआत करीब एक घंटे देरी से हुई। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने आयरलैंड का पहला विकेट 30 रन के स्कोर पर गिरा। कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने सिर्फ 7 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उनके सलामी जोड़ीदार रॉस अडायर ने 23 गेंदों में 33 रनों की पारी खेली।

वहीं हैरी टैक्टर ने भी बेहद धीमी बल्लेबाजी करते हुए 27 गेंदों में 28 रन ही बनाए। बेंजामिन कैलिट्ज ने अंत में 22 रन तो वहीं गैरेथ डेलानी ने 29 गेंदों में 48 रन बनाए। जिसके कारण ही आयरलैंड की टीम ने 20 ओवरों में 8 विकेट गंवाकर 154 रन बनाए।

इंग्लैंड के लिए लियाम डॉसन और जेमी ओवरटन ने 2-2 विकेट अपने नाम किया। इसके अलावा आदिल रशीद ने भी 3 विकेट हासिल किया। रेहान अहमद ने भी 1 विकेट हासिल किया।

**इंग्लैंड की ओर से कॉक्स ने 55 और टॉम बैंटन ने नाबाद 37 रन बनाए:** इंग्लिश टीम जब 155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो शुरुआत बेहद खराब रही। विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। दूसरे सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट 29 रन बना कर आउट हो गए। कप्तान जैकब बेथेल ने भी 15 रन ही बनाए। जॉर्डन कॉक्स ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 35 गेंदों में 55 रनों की पारी खेली। वहीं, टॉम बैंटन ने नाबाद 37 रन बनाए। जिसके कारण ही इंग्लिश टीम ने 6 विकेट से मुकाबला जीत लिया। इसी के साथ सीरीज भी 2-0 से इंग्लैंड टीम के नाम हो गई।

# रऊफ से बहस पर अभिषेक शर्मा कहा-मैंने बल्ले से जवाब दिया

**दुबई, 22 सितम्बर (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच हो और इमोशन सातवें आसमान पर न पहुंचे ऐसा कम ही होता है। रविवार को इनके बीच दुबई में खेला गया एशिया कप का मैच भी कोई अपवाद नहीं था। पिछले मुकाबले में एकतरफा अंदाज में हारी पाकिस्तानी टीम इस बार ज्यादा अग्रेसिव बनने की कोशिश में थी। हालांकि, यह दांव उल्टा पड़ा और भारत ने एक बार फिर 6 विकेट से आसान जीत हासिल की।

वहीं, मैच के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दोनों देशों के बीच राइवलरी पर बात की। उन्होंने कहा, अब कहां की राइवलरी, सूर्या ने कहा- कोई टीम 10-12 मैच जीते और दूसरी 1-2 तो इसे राइवलरी नहीं कह सकते।

**पाकिस्तानियों ने की थी गिल और अभिषेक को उकसाने की कोशिश :** भारतीय पारी शुरू होते ही पाकिस्तानी फील्डर्स ने स्लेजिंग शुरू कर दी। वे भारतीय ओपनर्स अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल पर लगातार फब्तियां कस रहे थे। अभिषेक और गिल दोनों पंजाब से आते हैं और पाकिस्तान की टीम में भी पंजाब के बहुत सारे खिलाड़ी थे। लिहाजा वे अभिषेक और गिल को पंजाबी में गालियां भी दे रहे थे।

मैच के बाद अभिषेक शर्मा से इस बारे में सवाल भी पूछा गया। उन्होंने कहा- पाकिस्तान के प्लेयर्स बेवजह मुझसे बहस कर रहे थे, जो मुझे बिल्कुल पसंद नहीं आ रहा था। उनकी बातों का जवाब मैंने अपने बल्ले से दिया। उनके खराब व्यवहार ने मुझे अच्छा खेलने के लिए इन्सपायर किया। अभिषेक ने 39 गेंद पर 74 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। इस पारी में 5 छक्के और 6 चौके शामिल रहे। उन्हें प्लेयर ऑफद मैच का अवॉर्ड भी मिला।

**अंपायर ने किया था बीच-बचाव:** भारतीय पारी के दौरान अभिषेक शर्मा और पाकिस्तान के गेंदबाज हारिस रऊफ में बहस हो गई थी। दोनों मैदान में एक-दूसरे के खिलाफ गुस्से में बात करते नजर आए। इसके बाद फील्ड अंपायर ने बीच में आकर दोनों को अलग किया और मामला संभाला। हारिस से पहले शाहीन शाह अफरीदी भी अभिषेक शर्मा से बहस करते नजर आए थे।



### अभिषेक शर्मा की पूरी बात

आज जिस तरह से पाकिस्तान के खिलाड़ी बेवजह हमसे बहस कर रहे थे, मुझे वह बिल्कुल पसंद नहीं आया। इसीलिए मैंने खुलकर शॉट्स खेले। मैं बस अपनी टीम को जीत दिलाना चाहता था। मैं और शुभमन स्कूल के दिनों से एक-साथ खेल रहे हैं। हमें साथ बैटिंग करना पसंद है। आज हमारा दिन था। जिस तरह गिल पाकिस्तानियों की बातों का जवाब बैट से दे रहा था, मुझे बहुत पसंद आया। टीम मैनेजमेंट का सपोर्ट हमेशा रहता है, इसीलिए मैं इतना खुलकर खेल पाता हूं। अगर मेरा दिन रहता है तो मैं टीम को जीत दिलाकर ही मानता हूं।

### सूर्या ने कहा- कोई टीम 10-12 मैच जीते और दूसरी 1-2 तो यह राइवलरी नहीं

पाकिस्तान की टीम और उसके खिलाड़ियों को भारतीय कप्तान



सूर्यकुमार यादव ने मैच के बाद अलग अंदाज में जवाब दिया। सूर्या से भारत-पाकिस्तान राइवलरी के बारे में पूछा गया। इस पर भारतीय कप्तान बोले- कहां की राइवलरी। अगर दो टीम 14-15 खेलती है और दोनों 7-7 में जीते तो कह सकते हैं कि राइवलरी है। या फिर अगर एक टीम 8 जीते और दूसरी 7 तो भी कह सकते हैं कि राइवली है। लेकिन, अगर एक टीम ने 10-12 मैच जीते हों और दूसरी ने एक या दो तो इसे राइवलरी नहीं कह सकते। भारत और पाकिस्तान के बीच यह अब तक का 15वां टी-20 इंटरनेशनल मैच था। इसमें भारत ने 12 और पाकिस्तान ने सिर्फ3 मैच में जीत हासिल की है।

### पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा बोले- हमने अपना बेस्ट गेम नहीं खेला

पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने कहा, 'हमने अब तक अपना



बेस्ट गेम नहीं खेला है, लेकिन हम धीरे-धीरे वहां तक पहुंच रहे हैं। मैच अच्छा रहा, लेकिन पावरप्ले में उन्होंने पकड़ मजबूत कर ली। बैटिंग में 10 ओवर के बाद जिस सिचुएशन में हम थे, स्कोर 10-15 रन और होना चाहिए था। 170-180 एक अच्छा स्कोर है, लेकिन पावरप्ले में उन्होंने ज्यादा अच्छी बैटिंग कर ली। अगर आप गेंदबाजों की ओर देखें तो हर कोई रन दे रहा है। आपको उसी में बदलाव करना होता है। टी-20 क्रिकेट इसी तरह काम करता है। फखर और फरहान ने जिस तरह बैटिंग की, आगे के मैचों में यह हमारे काम आएगा। हारिस ने अच्छी बॉलिंग की। हमारा फोकस अब श्रीलंका से मैच पर है।'

### शानदार जीत के बाद कोच गंभीर ने लिखा- नन्हा, नन्हा, नन्हा



जीत के बाद भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोशल मीडिया पर एक शब्द में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं: नन्हा। गंभीर ने इंस्टाग्राम पर अभिषेक, शुभमन और भारतीय टीम की तस्वीरें साझा करते हुए हर पोस्ट को नन्हा शब्द के साथ कैप्शन दिया। BCCI उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने भी बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, 'भारत को एशिया कप में पाकिस्तान पर एक और जीत के लिए बधाई। शानदार प्रदर्शन, अभिषेक और शुभमन! '

# मिथुन मन्हास बीसीसीआई अध्यक्ष बनने की दौड़ में आगे

## 28 सितंबर को आधिकारिक ऐलान; 157 फर्स्ट क्लास मैच खेले, इंटरनेशनल मैच एक भी नहीं

**नई दिल्ली, 22 सितम्बर (एजेंसी)।** मिथुन मन्हास भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के अध्यक्ष बनने की दौड़ में सबसे आगे है। दिल्ली में शनिवार को एक केंद्रीय मंत्री के घर हुई मीटिंग में BCCI के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। इसमें सभी ने मिथुन के नाम पर सहमति जताई। हालांकि आधिकारिक घोषणा 28 सितंबर को बोर्ड की वार्षिक आम बैठक के बाद ही होगी।

मिथुन मन्हास ने रविवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। यह नामांकन मुंबई में BCCI मुख्यालय में दाखिल किया गया। नामांकन जमा करने की अंतिम तारीख रविवार दोपहर तक थी।

मिथुन मन्हास के अलावा BCCI के अन्य प्रमुख पदों के लिए भी नामांकन दाखिल किए गए हैं। BCCI सचिव देवजीत सैकिया, IPL गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष अरुण धूमल और कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के अध्यक्ष व पूर्व भारतीय क्रिकेटर रघुराम भट्ट ने भी अपने-अपने पदों के लिए नामांकन दाखिल किया है। रघुराम भट्ट को BCCI का नया कोषाध्यक्ष बनाए जाने की संभावना है। 2019 में BCCI के संविधान में संशोधन के बाद आम तौर पर इस तरह के नामांकन बिना किसी विरोध



के स्वीकार हो जाते हैं। BCCI का मानना है कि बोर्ड का नेतृत्व किसी क्रिकेटर को करना चाहिए। इससे पहले सौरव गांगुली और रोजर बिन्नी BCCI के अध्यक्ष रह चुके हैं।

हालांकि उनके पास 157 फर्स्ट क्लास मैचों का अनुभव है। वह दिल्ली डेयरडेविल्स, पुणे वॉरियर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में खेल चुके हैं। पिछले कुछ सालों में उन्होंने जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (JKCA) में प्रशासक के तौर पर काम किया है। बीसीसीआई की AGM में भी हिस्सा ले चुके हैं।

**इनके नाम भी चर्चा में थे :** अगले BCCI अध्यक्ष के लिए पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली और पूर्व भारतीय खिलाड़ी हरभजन सिंह के साथ ही कर्नाटक के पूर्व भारतीय टेस्ट क्रिकेटर रघुराम भट्ट और पूर्व भारतीय विकेटकीपर किरण मोरे के नाम पर चर्चा पर भी चर्चा चल रही थी।

**बिन्नी के पद छोड़ने के बाद राजीव शुक्ला एक्टिंग प्रेसिडेंट:** पिछले दिनों 70 साल के रोजर बिन्नी के BCCI प्रेसिडेंट का पद छोड़ने के बाद राजीव शुक्ला को एक्टिंग प्रेसिडेंट बनाया गया। लोढ़ा कमेटी के अनुसार 70 साल के बाद कोई उम्मीदवार BCCI में प्रेसिडेंट का पद नहीं संभाल सकता। इसलिए बिन्नी को पद छोड़ना पड़ा।

**एशिया कप फाइनल के दिन एजीएम:** BCCI की एनुअल जनरल मीटिंग (AGM) 28 सितंबर को मुंबई में होगी। यह बोर्ड की 94वीं AGM है। इसमें IPL और WPL के गवर्निंग काउंसिल का चुनाव भी होगा। 28 सितंबर को ही दुबई में एशिया कप का फाइनल भी होना है।

## व्यापार

# जीएसटी कटौती से दूध व डेयरी उत्पाद सस्ते होने पर आम जनता ने जताई खुशी

**नई दिल्ली, 22 सितम्बर (एजेंसी)।** जीएसटी 2.0 के लागू होने के पहले ही दिन दिल्ली में दूध और डेयरी उत्पादों पर जीएसटी दरों में भारी कटौती का असर दिखने लगा है। सरकार ने पनीर, छेना, अल्ट्रा-हीट ट्रीटमेंट (यूएचटी) दूध और अन्य डेयरी आइटम्स पर टैक्स को शून्य कर दिया है, जिसे लेकर स्थानीय लोगों ने खुशी जाहिर की है। स?थानीय निवासियों ने जीएसटी 2.0 को आम आदमी के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। केंद्र सरकार ने अर्थव्यवस्था को और भी मजबूत करने के लिए एक अच्छा कदम लिया है।

एक स्थानीय निवासी ने कहा, आज कीमतें कम हुई हैं और मुझे लगता है कि इसमें और भी राहत मिलनी चाहिए क्योंकि महंगाई बढ़ती ही जा रही है और ऐसे में हर कोई चाहता है कि सरकार इस पर फैसला ले। मेरा मानना है कि डेयरी उत्पादों में कमी अच्छी है और इससे ज्यादा फर्क पड़ेगा। एक अन्य निवासी ने कहा, केंद्र सरकार ने अर्थव्यवस्था को और भी मजबूत करने के लिए एक अच्छा कदम लिया है। जीएसटी की नई दरों से आम लोगों को राहत मिलेगी। साथ ही, व्हीकल और डेली प्रोडक्टस पर जीएसटी दरें कम होने से जनता को फायदा होगा।

आज से नया गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी 2.0)



पूरे देश में प्रभावी हो चुका है। बता दें कि भारत के टैक्स सिस्टम में आज एक ऐतिहासिक बदलाव लागू हो गया है। नया गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी 2.0) पूरे देश में प्रभावी हो चुका है, जो टैक्स ढांचे को सरल बनाने और आम नागरिकों को राहत प्रदान करने की दिशा में सरकार का बड़ा कदम है।

जीएसटी फैसलों के अनुसार, पनीर, दूध, ब्रेड, स्टेशनरी, जीवन रक्षक दवाएं और शैक्षिक सेवाओं समेत कई आइटम्स पर जीएसटी दर शून्य हो गई है।

जीएसटी फैसलों के अनुसार, पनीर, दूध, ब्रेड, स्टेशनरी, जीवन रक्षक दवाएं और शैक्षिक सेवाओं समेत कई आइटम्स पर जीएसटी दर शून्य हो गई है। ये बदलाव तत्काल प्रभावी आज से ही लागू होंगे, जिससे खुदरा कीमतों में कमी आएगी। नई जीएसटी दर के तहत पनीर और छेना (प्री-पैकेज्ड), दूध, रोटी, चपाती, पराठा, जीवन रक्षक दवाएं (33 प्रकार), स्वास्थ्य/जीवन बीमा और शैक्षिक सेवाएं (ट्यूशन, कोचिंग) पर जीरो टैक्स रहेगा। पहले इन सामानों पर 5 से 18 प्रतिशत तक टैक्स लगता था।*(इनपुट-आईएएनएस)*

# सोना 1392 बढ़कर 1.11 लाख के ऑल टाइम हाई पर, चांदी 1.32 लाख रु. किलो के रिकॉर्ड पर पहुंची

**नई दिल्ली, 22 सितम्बर (एजेंसी)।** सोने-चांदी के दाम में आज, यानी 22 सितंबर को, अपने नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,392 रुपए बढ़कर 1,11,167 पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 1,09,775 रुपए पर था। वहीं चांदी भी 4,170 रुपए बढ़कर 1,32,170 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पहले ये 1,28,000 रुपए पर थी।

**इस साल सोना 35,005 और चांदी 46,153 महंगी हुई :** इस साल अब तक सोने की कीमत 33,613 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,11,167 रुपए हो गया है।



चांदी का भाव भी इस दौरान 41,983 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,32,170 रुपए प्रति किलो हो गई है।

### सोने की कीमतों में तेजी के 5 कारण

**वैश्विक अनिश्चितता:** ट्रम्प के टैरिफ प्लान और व्यापार युद्ध के डर से निवेशक सोने को सुरक्षित मानकर खरीद रहे हैं।
**केंद्रीय बैंकों की खरीद:** चीन और रूस जैसे देश बड़ी मात्रा में सोना खरीद रहे हैं, जिससे मांग बढ़ी है।
**युद्ध और तनाव:** रूस-यूक्रेन के युद्ध खत्म न होने से अस्थिरता से लोग सोने में निवेश बढ़ा रहे हैं।
**महंगाई और कम ब्याज दरें:** मुद्रास्फीति के डर और फेडरल रिजर्व की कम ब्याज दरों से सोना आकर्षक हो गया है।
**डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट:** डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट के चलते भी सोना महंगा हो रहा है।

# इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स और कुवैत के बीच एमओयू साइन, द्विपक्षीय व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली, 22 सितम्बर (एजेंसी)।** भारत और कुवैत के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) और कुवैत स्थित गल्फ कंसल्ट के प्रतिनिधिमंडल के बीच मुंबई में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू दोनों देशों के बीच व्यापार, संस्कृति और वित्तीय संबंधों को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

गल्फ कंसल्ट के डायरेक्टर और सीएफओ कैसर शाकिर ने इस एमओयू को गर्व का क्षण बताया। कैसर शाकिर ने न्यूज़ एजेंसी से बातचीत में कहा, हम इंडियन बिजनेस एंड प्रोफेशनल काउंसिल कुवैत का प्रतिनिधित्व करते हैं। हम भारत और कुवैत के बीच व्यापार, संस्कृति और वित्तीय संबंधों को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। इस संदर्भ में, इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर करना हमारे लिए सम्मान की बात है। यह एमओयू दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों और व्यापार को मजबूत करेगा। उन्होंने आगे कहा, हम दोनों संगठन, चैंबर ऑफ कॉमर्स और कुवैत आईबीपीसी, का एक ही मिशन है। दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देना, संस्कृति का प्रचार करना तथा व्यवसायिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना। यह एमओयू



हमें विचारों का आदान-प्रदान करने, आईसीसी के प्रतिनिधिमंडलों और भारतीय कंपनियों को कुवैत आमंत्रित करने में मदद करेगा। शाकिर ने भारत-कुवैत संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कुवैत में भारतीय समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान है। कुवैत ने हमेशा भारतीय प्रतिभा का स्वागत किया है।

इंडियन बिजनेस एंड प्रोफेशनल काउंसिल कुवैत (आईबीपीसी) की स्थापना 2001 में भारत के कुवैत राजदूत के संरक्षण में हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य कुवैत और भारत के बीच व्यापार, निवेश तथा व्यवसायिक सहयोग को बढ़ावा देना है। यह एक गैर-लाभकारी, गैर-व्यावसायिक और स्वैच्छिक संगठन है, जिसमें कुवैत में रहने वाले भारतीय प्रवासी समुदाय के प्रमुख सदस्य शामिल हैं। आईबीपीसी ने पिछले कई सालों में भारत की प्रमुख चैंबर्स जैसे फिक्की और सीआईआई तथा कुवैत चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के बीच संस्थागत संबंध स्थापित किए हैं। इसके अलावा, संगठन ने विभिन्न भारतीय कंपनियों और कुवैती व्यवसायियों तथा कंपनियों के बीच सीधे संपर्क बनाए हैं। *(इनपुट-आईएएनएस)*

### अब क्रेडिट कार्ड से नहीं भर पाएंगे घर का किराया

# रिजर्व बैंक की नई गाइडलाइन के बाद पेमेंट एप्स ने रेंट पेमेंट सर्विस बंद की

**नई दिल्ली, 22 सितम्बर (एजेंसी)।** अगर आप फोनपे, पेटीएम, क्रेड और अमेजन पे जैसे मोबाइल एप्स से अपने घर का किराया देते हैं तो अब ऐसा नहीं कर पाएंगे। क्योंकि, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) ने भुगतान सेवाओं से जुड़े नए नियम लागू किए हैं। नए नियमों के तहत, फिनटेक प्लेटफॉर्म्स ने अपने एप्स पर क्रेडिट कार्ड से रेंट पेमेंट सर्विस बंद कर दी है। आगे हम RBI के नए नियम के बारे में जानेंगे। साथ ये भी जानेंगे कि क्रेडिट कार्ड के जरिए रेंट पेमेंट करने का चलन क्यों बढ़ा और RBI ने नए नियम क्यों लागू किए...

***सबसे पहले समझते हैं RBI ने क्या किया?***

जवाबः RBI ने रेंट सर्विज के लिए नया सर्कुलर जारी किया। इसके मुताबिक, पेमेंट एग्रीगेटर्स और पेमेंट गेटवे अब सिर्फ उन व्यापारियों से लेनदेन कर सकते हैं, जिनके साथ उनका डायरेक्ट कांटेक्ट है या जिनकी ?? पूरी हो चुकी है। यानी मकान मालिक आमतौर पर रजिस्टर्ड मर्चेंट नहीं होते, इसलिए इन प्लेटफॉर्म्स के जरिए उनके खाते में क्रेडिट कार्ड से पैसे नहीं भेजे जा सकते।

***क्रेडिट कार्ड से किराया भुगतान क्यों रोका?***

जवाबः पहले कुछ लोग बिना पूरी ?? के रेंट के नाम पर अपने दोस्तों या रिश्तेदारों के खाते में नाम, बैंक डिटेल्स डालकर क्रेडिट कार्ड से पैसे ट्रांसफर कर देते थे। एप तुरंत पैसे ट्रांसफर कर देती थी और आपको रिवॉर्ड पॉइंट या कैशबैक मिल जाता था, लेकिन RBI को यह सिस्टम ठीक नहीं लगा क्योंकि, मकान मालिकों की पूरी KYC नहीं हो रही थी। फिनटेक कंपनियां बीच में मार्केट प्लेस की तरह काम कर रही थी, जिसे RBI ने गैरकानूनी माना। अब यह सर्विस बंद हो गई है




और फिनटेक कंपनियों को सख्त नियम फॉलो करने होंगे। इस तरह के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए भी यह सुविधा बंद की गई है।

***क्या बैंक पहले से ही सख्ती कर रहे थे?***

जवाबः RBI के नए नियमों से पहले ही बैंक क्रेडिट कार्ड से किराया भुगतान पर सख्ती करने लगे थे। जून 2024 में HDFC बैंक ने क्रेडिट कार्ड से किराया भरने पर 1% अतिरिक्त शुल्क शुरू किया, जिसकी अधिकतम सीमा ?3,000 थी। ICICI बैंक और SBI कार्ड्स ने ऐसे भुगतानों पर रिवॉर्ड पॉइंट्स देना बंद कर दिया।

SBI कार्ड्स ने 2023 में बताया कि उनके कुल रिटेल खर्च का एक बड़ा हिस्सा (लगभग मिड-टीन्स) किराया भुगतान से आता था, जिसमें औसतन हर ट्रांजैक्शन 20,000-21,000 का था। इसके बाद SBI कार्ड्स ने अपनी फीस 99 से बढ़ाकर पहले 199 और फिर 200 कर दी। कंपनी ने यह भी कहा कि किराया भुगतान की बढ़ोतरी बाकी रिटेल खर्च की तुलना में धीमी हो रही है।

***किन प्लेटफॉर्म्स ने सर्विस बंद की?***

जवाबः मार्च 2024 में फोनपे, पेटीएम, मोबिक्विक, फ्रीचार्ज और अमेजन पे ने क्रेडिट कार्ड से किराया भुगतान की सुविधा बंद कर दी। इसके बाद सितंबर 2025 में RBI के नए नियमों के कारण क्रेड सहित बाकी सभी प्लेटफॉर्म्स ने भी इस सुविधा को पूरी तरह से हटा दिया।

**एक नजर**

### शारदीय नवरात्रि पर्व पर महापौर ने दी शुभकामनाएं

**रायपुर, 22 सितबंर।** राजधानी शहर की प्रथम नागरिक रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर मीनल चौबे, नगर निगम सभापति सूर्यकान्त राठौड़, नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी ने समस्त नगरवासियों को दिनांक 22 सितम्बर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक होने जा रहे शारदीय नवरात्रि पर्व की अग्रिम हार्दिक शुभकामनायें देते हुए आदिशक्ति जगदम्बा माता से सभी नागरिकों को जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और शान्ति प्रदान करने राजधानी शहर रायपुर सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में समृद्धि और खुशहाली लाने कार्य करने सकारात्मक ऊर्जा शक्ति प्रदान करने हेतु जगतमाता के दिव्य श्रीचरणों में विनम्र प्रार्थना की है. शारदीय नवरात्रि पर्व में आदिशक्ति जगतमाता जगदम्बा की विशेष पूजा- आराधना की जाती है. यह पर्व सभी नागरिकों को जीवन में सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने का एक श्रेष्ठ सुअवसर प्रदान करता है.

### राजधानी से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में बिल्डर कालोनी बसाने के नाम पर कर रहे कब्जा

**रायपुर, 22 सितबंर।** राजधानी में इन दिनों भूमाफिया सक्रिय हो गये है। विकास अनुज्ञा पत्र लेकर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि योग्य जमीन में कालोनाइजर लाइसेंस लेकर आवासीय बनाने का खेल शुरू हो गया है। गुढ़ियारी के पास सोनडोंगरी में एक नामी बिल्डर के द्वारा दस एकड़ में ऐसे ही कालोनी बनाई जा रही है। इसके अलावा धमतरी रोड तथा नये धमतरी रोड एवं अन्य स्थानों पर आवासीय कालोनी वालों की पौबारह हो गई है। नगर निगम के नगर निवेशक से मिली जानकारी के अनुसार इस समय कालोनाइजर लाइसेंस लेकर विकास अनुज्ञा पत्र लेकर कृषि योग्य भूमि पर आवासीय कालोनी बनाने का खेल चल रहा है। राजधानी के अनेक बिल्डर जिन्हें राजनेताओं का आशीर्वाद प्राप्त है। इस समय आवासीय कालोनी बनाने के लिए सक्रिय हो गये है। वर्ष 2013 के कालोनाइजर्स लाइसेंस के अनुसार गरीबों तथा निम्न आय वर्गों के लिए भूखंडों का आरक्षण किया जाता है। इस तरह के कई आवेदन प्राप्त हो गये है।

### सरोना तालाब की श्रमदान से सफाई कर जन-जन को दिया स्वच्छता का संदेश

**रायपुर, 22 सितबंर।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार नगर निगम रायपुर स्वास्थ्य विभाग और स्वच्छ भारत मिशन शाखा द्वारा सभी 10 जोनो के समस्त 70 वार्डो में दिनांक 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चन्द्राकर, आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश अनुसार चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाडा के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 8 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन क्षेत्र अतर्गत संत रविदास वार्ड कमांक 70 अंतर्गत सरोना में तालाब की सफाई श्रमदान कर संत रविदास वार्ड क्रमांक 70 के पार्षद श्री अर्जुन यादव के नेतृत्व और नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री गोपीचंद देवांगन एवं स्वच्छता निरीक्षक श्री रितेश झा की उपस्थिति में रहवासी नागरिकों सहित करते हुए स्वच्छता को लेकर जागरूक अभियान चलाकर और विशेष सफाई अभियान चलाकर कचरा उठवाकर स्वच्छता कायम करते हुए स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों की सहभागिता से रहवासी नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाया और जन- जन को स्वच्छ सरोवर का सकारात्मक स्वच्छता सन्देश दिया।

### मोदी के विकास कार्यों पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन

**रायपुर, 22 सितबंर।** प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। आज राजधानी के टाउनहॉल में मोदी सरकार निर्माण, विकास कार्यों को लेकर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, जिसे देखने के लिए भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे। भाजपा के कार्यालय मंत्री अशोक बजाज द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मोदी का जन्म दिवस सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है, इस अवसर पर रक्तदान शिविर तथा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। अनेक नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर इस कार्यक्रम को मनाया जा रहा है।

### प्रदेश में हल्की से मध्यम वर्षा होने का पूर्वानुमान

**रायपुर, 22 सितबंर।** उत्तरी भारत से यहां मानसून की विदाई के अनुकूल परिस्थितियां बन गई हैं, वहीं छत्तीसगढ़ में एक चक्रीय चक्रवात बनने के कारण हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है, वर्षा का मुख्य केन्द्र दक्षिण छत्तीसगढ़ में रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक से मिली जानकारी के अनुसार गुजरात के कुछ और भाग, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब, उत्तर प्रदेश के कुछ भाग, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर से दक्षिण पश्चिम मानसून की विदाई के लिए अगले दो-तीन दिनों में अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है। एक कम दबाव का क्षेत्र उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास स्थित है तथा इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 5.8 की किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में अगले 24 घंटे में आगे बढ़ते हुए उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक दूसरा नया कम दबाव का क्षेत्र पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर बंगाल की खाड़ी के ऊपर 25 सितंबर को बनने की संभावना है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए और ज्यादा प्रबल होकर और दाब के रूप में उत्तर पश्चिम बंगाल के खाड़ी और उससे लगे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी- दक्षिण उड़ीसा और उत्तर आंध्र प्रदेश के तट से दूर 26 सितंबर को बनने की संभावना है।

# रायपुर का वीआईपी रोड आज से हुआ वन-वे

## एयरपोर्ट से लौटते समय सर्विस रोड से आना होगा, मेन-रोड पर गाड़ी चलाई तो 5000 का चालान कटेगा







**रायपुर, 22 सितम्बर।** रायपुर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने और सड़क हादसों को रोकने के लिए वीआईपी चौक से एयरपोर्ट तक की करीब 9 किलोमीटर लंबी सेंट्रल रोड को आज से वन-वे कर दिया गया है। अब इस मार्ग से केवल एयरपोर्ट और नवा रायपुर की दिशा में ही वाहन जा सकेंगे, जबकि शहर की ओर लौटने की अनुमति नहीं होगी। शहर की ओर आने के लिए अब लोगों को सर्विस रोड का उपयोग करना होगा। यह नया ट्रैफिक नियम आज सुबह 8 बजे से लागू कर दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि शुरुआती दिनों में लोगों को इस नई व्यवस्था के बारे में जागरूक किया जाएगा और समझाइश दी जाएगी।

यह निर्णय लगातार हो रहे सड़क हादसों को देखते हुए लिया गया है। नियमों का उल्लंघन कर यदि कोई वाहन चालक मुख्य सड़क से शहर की ओर आता है, तो उस पर ?2,000 से ?5,000 तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

**2000 से 5000 तक लगेगा जुर्माना:** रायपुर ट्रैफिक पुलिस नियम तोड़ने पर जुर्माने की कार्रवाई करेगी। पहली बार नियम तोड़ने 2000 रुपए जुर्माना लगेगा। दूसरी बार पकड़े जाने पर 5000 रुपए का चालान कटेगा। जबकि तीसरी बार गलती करने वालों का ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड करने की कार्रवाई होगी। यातायात पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस सख्ती का मकसद ट्रैफिक को ठीक करना है और सड़क हादसों को रोकना है।

**सर्विस रोड पर होटलों की पार्किंग:** वीआईपी रोड में सेंट्रल रोड के लेफ्ट और राइट साइड में 7-7 मीटर चौड़ी सर्विस रोड बनाई गई है। इन सर्विस रोड पर रेस्टोरेंट, क्लब, पब, होटल और फार्महाउस हैं। यहां आने वाले वाहन सड़क पर ही पार्क हो जाते हैं, जिससे लंबी कतार लगती है।

### साइन बोर्ड और अतिरिक्त ट्रैफिक स्टाफ की होगी तैनाती

ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, वीआईपी रोड पर एयरपोर्ट और नवा रायपुर की ओर जाने वाले वाहनों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। एयरपोर्ट से आते समय रॉन्ग साइड चलने के कारण अक्सर जाम और हादसों की स्थिति बन जाती थी। अब वन-वे व्यवस्था लागू होने से इन समस्याओं पर काफी हद तक नियंत्रण मिलेगा। पुलिस ने अपील की है कि लोग नए नियम का पालन करें और शहर लौटते समय सर्विस रोड का उपयोग करें। इसके साथ ही लोगों को अवेयर करने के लिए सड़क के किनारे साइन बोर्ड और अतिरिक्त ट्रैफिक स्टाफभी तैनात किया जाएगा।

### 7 साल पहले वन-वे के कॉन्सेप्ट पर बना था एयरपोर्ट रोड

वीआईपी तिराहा से माना एयरपोर्ट तक सड़क पहले सिंगल लेन थी। एक ही सड़क पर वाहन दोनों ओर से आते-जाते थे। रमन सरकार ने इस सड़क को चौड़ा करने का फैसला किया, लेकिन शर्त थी कि सड़क किनारे लगे पेड़ों को नहीं काटा जाएगा। तब बिना पेड़ काटे चौड़ीकरण की योजना बनाई गई। इसमें तीन सड़कें बनीं। बीच में 10 मीटर चौड़ी मुख्य सड़क और दोनों ओर 7-7 मीटर की सर्विस रोड। प्लानिंग के समय ही तय किया गया था कि सेंट्रल रोड को वन-वे रखा जाएगा, ताकि लोग जल्दी एयरपोर्ट पहुंच सकें। सर्विस रोड पर पार्किंग बैन किया गया और कारोबारियों को ड्रेनेज पार अपनी पार्किंग बनाने की शर्त रखी गई। फुंडहर, टेकरी चौक, पीटीएस चौक पर अंडरपास बनाने का प्रस्ताव था, जो अब तक पूरा नहीं हुआ। डिवाइडर को कहीं भी खुला नहीं रखने का भी निर्णय लिया गया था।

# कारोबारी सुबोध सिंघानिया के खाते में ठगों ने लगाई सेंध

## ठगों ने मैनेजर-असिस्टेंट से फोन में बात की, कंपनी का लेटर भेजा

■ कोलकाता के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करवाए 8.70 लाख



**रायपुर, 22 सितम्बर।** रायपुर के कारोबार सुबोध सिंघानिया बनकर साइबर ठगों ने बैंक की असिस्टेंट मैनेजर को गुमराह किया और कारोबारी के खाते से 8 लाख 70 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए।

साइबर ठगों ने असिस्टेंट बैंक मैनेजर को गुमराह करने के लिए उनसे पहले फोन में करोड़ों रुपए जमा करने का झांसा दिया और फिर वॉट्सऐप में फर्जी लेटर भेजकर पैसा ट्रांसफर करवाया।

असिस्टेंट बैंक मैनेजर ने पैसा ट्रांसफर होने पर कारोबारी की पत्नी से संदेह होने पर चर्चा की, तो उन्हें इस ठगी के बारे में पता चला। असिस्टेंट बैंक मैनेजर ने मामले की शिकायत पुलिस में की है। पुलिस ने चार दिन बाद केस दर्ज करके मामले में जांच शुरू कर दी है।

**इस तरह हुई ठगी:** शिकायतकर्ता असिस्टेंट बैंक मैनेजर अमकी मुर्मू ने पुलिस को बताया, कि वो टाटीबंध स्थित इंडियन ओव्हर सीज बैंक में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत है। ब्रांच मं हर्षित अर्बन सिटी बिल्डकॉन का खाता है। कंपनी क डायरेक्टर सुबोध सिंघानिया बैंक के शाखा की हाई वैल्यू कस्टमर है इसीलिये उक्त कम्पनी को हमारी शाखा द्वारा यथासंभव शीघ्रातिशीघ्र प्राथमिकता के आधार पर बैंकिंग सेवा प्रदान करती है।

17 सितंबर को बैंक के मुख्य प्रबंधक मुकेश कुमार ट्रेनिंग के लिए चेन्नई में थे। ट्रेनिंग के दौरान प्रबंधक को कॉल आया। कॉल करने वाले शख्स ने खुद को सुबोध सिंघानिया बताया और दो करोड़ रुपए फिक्सड डिपॉजिट करने की बात कही। प्रबंधन ट्रेनिंग में थे, उन्होंने मुझे कॉल किया और उक्त कॉलर का नंबर देकर उनसे बात करने के लिए कहा।

मैने कॉल किया, तो रिसीवर ने अपने आपको कारोबारी सुबोध सिंघानिया बताया और चर्चा के दौरान नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि बैंक की तरफसे उनके काम में लापरवाही बरती जा रही है। उक्त फोनकर्ता के उक्त नाराजगी की बातचीत से मैं अत्यंत घबरा गयी।। इस दौरान उन्होंने चर्चा जारी रखी और कहां कि मेरे ऑफिस में एक पार्टी बैठी है जिसे तत्काल पैसे का भुगतान किया जाना आवश्यक है।

फोन पर बात करते करते उन्होंने मेरे वाट्स एप पर लेटर हेड भेजा, जिसमें बैंक को निर्देश था, कि उक्त पार्टी जिसका नाम अवतार सिंह उसके खाते में 8 लाख 95 हजार ट्रांसफर कर दे। खाता चेक करने पर उसमें राशि कम निकली तो कॉलर ने लेटर सुधारकर 8 लाख 70 हजार रुपए ट्रांसफर करने के लिए कहा। मैने पैसा ट्रांसफर कर दिया, तो कुछ देर की चर्चा के बाद कुछ और खातों में पैसा ट्रांसफर करने के लिए कहा और कंपनी के अन्य खातों की जानकारी मांगी। संदेह होने पर आरटीजीएस शाखा को उक्त अंतरण के 15-20 मिनट के भीतर ही ई-मेल कर उक्त आरटीजीएस की गई राशि को रोकने का निवेदन किया परन्तु हमारी आरटीजीएस शाखा द्वारा जाँच कर बताया गया कि उक्त राशि बैंक ऑफइंडिया के उक्त खाते में अंतरित हो चुकी थी ।

### कारोबारी का पैसा कोलकाता हुआ ट्रांसफर

पुलिस की जांच में सामने आया है, कि कारोबारी का पैसा कोलकाता की महिंद्रा बैंक में ट्रांसफर हुआ है। असिस्टेंट बैंक मैनेज की शिकायत पर पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। एएसपी दौलत राम पोर्ते ने घटना की पुष्टि की है। आपको बता दे कि इस तरह से ठगी का राजधानी में यह पहला मामला नहीं है। इससे पूर्व भी इसी पैटर्न पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के बेटे नितिन अग्रवाल के खाते से 58 लाख रुपए दूसरे दूसरे अकाउंट में साइबर ठगों ने बैंक अधिकारियों से ट्रांसफर करवा लिए। इस मामले में आजाद चौक पुलिस ने केस दर्ज किया था, लेकिन आज तक जांच जारी है।

# सरेंडर करने तीसरी बार कोर्ट पहुंचे पूर्व आईएएस आलोक शुक्ला

■ नान घोटाले के आरोपी हैं, रिमांड पर ले सकती है ईडी, सुनवाई जारी



**रायपुर, 22 सितम्बर।** छत्तीसगढ़ के रिटायर्ड आईएएस नान घोटाला केस में सरेंडर करने के लिए 5 दिनों से श्वष्ठ कोर्ट का चक्कर लगा रहे हैं। आलोक शुक्ला तीसरी बार सरेंडर करने कोर्ट पहुंचे हैं। ED के अधिकारियों की मौजूदगी में कोर्ट में अभी सरेंडर करने की प्रक्रिया चल रही है। कोर्ट के बाहर CRPF जवानों की तैनाती है। मिली जानकारी के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर के बाद रायपुर की श्वष्ठ कोर्ट में सुनवाई चल रही है। घोटाले के आरोपी रिटायर्ड IAS अनिल टुटेजा भी कोर्ट पहुंचे हैं। श्वष्ठ ने कोर्ट में प्रोडक्शन वारंट का आवेदन लगाया है। प्रोडक्शन वारंट एक्सेप्ट होने के बाद श्वष्ठ आलोक और टुटेजा को रिमांड पर लेगी इसके पहले आलोक शुक्ला 18 सितंबर को भी कोर्ट पहुंचे थे, लेकिन कोर्ट ने सरेंडर कराने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि अभी सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर अपलोड नहीं हुआ है। सरेंडर नहीं करा सकते हैं। इसके बाद 19 सितंबर को शुक्ला फिर कोर्ट पहुंचे थे, लेकिन ED के वकील केस डायरी लेकर नहीं पहुंचे थे।

**जानिए सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा था :** दरअसल, नान घोटाला केस में रिटायर्ड आईएएस आलोक शुक्ला को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी, लेकिन ED ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। ED ने कोर्ट में बताया कि आरोपियों ने 2015 में दर्ज नान घोटाला मामले और जांच को प्रभावित करने की कोशिश की थी। हमारी जांच अभी पूरी नहीं हुई है।

जस्टिस सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने सुनवाई के बाद हाईकोर्ट से आलोक शुक्ला और अनिल टुटेजा को मिली अग्रिम जमानत को रद्द कर दी। कोर्ट ने ED की कस्टडी के लिए आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि पहले 2 हफ्ते ED की हिरासत और उसके बाद 2 हफ्ते न्यायिक हिरासत में रहना होगा। इसके बाद ही उन्हें जमानत मिल सकेगी।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- 3 महीने में जांच पूरी करे ईडी

इसके साथ ही जस्टिस सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने ED और EOW को जांच पूरी करने के लिए तय समय सीमा दी है। बेंच ने ED को तीन महीने और EOW को 2 महीने में जांच पूरी करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि पेंडिंग मामलों का निपटारा समय पर होना चाहिए।

## शोरूम से मोटरसाइकिल और नकदी पार

**रायपुर, 21 सितम्बर।** चंपारण चौकी नयापारा स्थित बजाज शोरूम का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 1 पल्सर बाइक, मोबाइल फोन और नकदी 1508 रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मोहम्मद साहिद रिजवी 32 वर्ष गांधी चौक नयापारा का रहने वाला है। प्रार्थी का चंपारण चौकी नयापारा में बाइक शोरूम है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने बीती रात शोरूम के शटर का ताला तोड़कर 1 पल्सर बाइक, मोबाइल फोन और नकदी 1508 रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## जीएसटी 2.0 : आज से सस्ते दिन शुरू

# अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई रफ्तार मिलेगी: चौधरी



■ ऐसा जीएसटी रिफॉर्म सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संभव

**रायपुर, 22 सितम्बर।** पूरे देश में आज से गुड्स एन्ड सर्विस टैक्स (GST) रिफॉर्म लागू हो गया है. दिवाली पर्व से पहले उपभोक्ताओं को मिली सौगात से बाजार गुलजार हो गया है. जीएसटी रिफॉर्म को लेकर छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बड़ा बयान दिया है. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि आज से GST की नई दरें लागू होंगी. कई समान सस्ते होंगे. GST 2.0 रिफार्म के माध्यम से पीएम मोदी और निर्मला सीता रमन ने देश के 140 करोड़ जनता को एक ऐतिहासिक उपहार दिया है. 12 लाख तक की इनकम टैक्स छूट के बाद सरकार ने अब इससे भी बड़ा तोहफ़ा सभी वर्गों के लोगों को दिया है. रोज़मर्रा की जरूरत की चीज़ें जैसे तेल, शैम्पू, साबुन, टूथब्रश, इसके साथ ही एसी, फ्रिज, टीवी और किसानों के लिए ट्रैक्टर और कृषि यंत्र पर दाम घटा दिए गए हैं. इस ऐतिहासिक फैसले से आम जनता की बचत बढ़ेगी और उनकी क्रय शक्ति (पर्चेसिंग पावर) मजबूत होगी. अर्थव्यवस्था को भी नई रफ्तार मिलेगी. ऐसा सिर्फ पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो सकता है. साथ ही, उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि जिन श्रेणियों में कीमतें कम की गई हैं, उसका पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाए.

**प्रदेशवासियों को नवरात्री पर्व की दी बधाई:** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि शक्ति की भक्ति का पर्व नवरात्री की आज से शुरुआत होने जा रही है. यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता:, जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देवता वास करते हैं, ऐसा भाव हमारी संस्कृति में रहा है. इस अवसर पर में सभी मातृ शक्ति को प्रणाम है. मातृ शक्ति के प्रति हमारी सरकार समर्पित है. जिसका एक उदाहरण हमारी महत्वकांशी योजना महतारी वंदन योजना है. इस योजना के लाभान्वित हो रही माताएं सारंगढ़ जिले के दानसरा गांव में श्री राम मंदिर का निर्माण कर रही है. योजना का पैसा आज प्रदेश की 70 लाख महतरियों को मिलने से मातृ शक्ति को नया आत्मविश्वास और ऊर्जा मिली है.

## कचरा फैलाने पर नगर निगम ने की कार्रवाई, शराब दुकान का अहाता और दो कबाड़ी दुकान सील

**रायपुर, 22 सितम्बर।** नगर निगम की टीम ने कचरा फैलाने पर शराब दुकान के अहाते और दो कबाड़ी दुकान को सील किया है. रायपुर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 1 के जोन कमिश्नर डा. दिव्या चंद्रवंशी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई. कार्यपालन अभियंता डीके पैकरा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल देवांगन की उपस्थिति में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यतियतनलाल वार्ड क्रमांक 4 के अंतर्गत भनपुरी मुख्य मार्ग में शराब दुकान के अहाते की स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान प्राप्त जनशिकायत सही पाई गई. सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग और कचरा फैलाया जाना पाया गया. इस पर जोन कमिश्नर के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने भनपुरी मुख्य मार्ग पर शराब दुकान के अहाते को तत्काल सीलबंद करने की कार्रवाई की. इसी प्रकार नगर निगम जोन 1 अंतर्गत वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक 16 क्षेत्र अंतर्गत संतोषी नगर खमतराई में दो कबाड़ी दुकानों में कचरा फैलाया जाना पाया. इस संबंध में प्राप्त जनशिकायत निरीक्षण में सही पाए जाने पर जोन 1 जोन कमिश्नर के निर्देश पर संबंधित दो कबाड़ी दुकानों को भी तत्काल सीलबंद करने की कार्रवाई की गई और प्राप्त जनशिकायतों का त्वरित निदान किया गया.

# गरबा आयोजन की अनुमति के लिए एनएसयूआई की पहल



**रायपुर, 22 सितम्बर।** सेंट विन्सेन्ट पलोट्टी महाविद्यालय, रायपुर में गरबा जैसे सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम की अनुमति प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय छात्र संघ (NSUI) द्वारा प्राचार्य को आवेदन सौंपा गया। विद्यार्थियों और संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि गरबा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह भारतीय संस्कृति, परम्परा और सामूहिक एकता का प्रतीक है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है जहाँ हर नागरिक को अपनी संस्कृति और परम्पराओं का पालन करने का अधिकार है। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण विधानसभा के एनएसयूआई उपाध्यक्ष अंकित बंजारे के नेतृत्व में आवेदन प्रस्तुत किया गया। उनके साथ एनएसयूआई के कार्यकर्ता व छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंकित बंजारे ने कहा कि विद्यार्थियों को न केवल शिक्षा बल्कि अपनी संस्कृति और परम्पराओं का भी सम्मानपूर्वक पालन करने का अवसर मिलना चाहिए। गरबा आयोजन से महाविद्यालय में भाईचारे और सामूहिक एकता की भावना को बढ़ावा मिलेगा। एनएसयूआई ने आशा जताई है कि महाविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए गरबा आयोजन की अनुमति प्रदान करेगा। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे महासचिव आलोक खरे, उपाध्यक्ष मनीष बाँधे, सचिव साहिल ख़ान, सचिव विनय साहू, तरुण, समीर, योगेन्द्र, केशव, हिमांशु तथा अन्य छात्र-छात्राएं।

**समापन** आम्रपाली स्थित अभिनंदन स्वामी मंदिर परिसर में गतिमान रविवारीय अध्यात्म शाला

# माता-पिता देते हैं बच्चों को संस्कार : शोभनतिलक



**रायपुर, 22 सितम्बर।** आम्रपाली स्थित अभिनंदन स्वामी मंदिर परिसर में गतिमान रविवारीय अध्यात्म शाला के 21 सितम्बर समापन समारोह में सहभागी बच्चों के साथ उपस्थित उनके पालकों को बोधित करते हुए मुनिराज शोभनतिलक विजय ने कहा कि बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण करने का प्रथम उत्तरदायित्व पाल्य का होता है, गुरु तो उन्हें सिंचित कर विकास में सहायक निमित्त मात्र होता है। वर्तमान समय में पालकों की विशेष समस्या रहती है कि बच्चे संस्कारित व आज्ञाकारी नहीं है जबकि हकीकत यह है कि हमारे पास हमारे बच्चों के लिए समय ही नहीं है। पालक जिन्हें इनके सिंचन की जवाबदेही है वह धन अर्जन व अन्य भौतिक सुख सुविधाओं के संग्रहण में व्यस्त हैं और मान रहे हैं कि हम अपने पाल्य को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करा कर अपना कर्तव्य निर्वहन कर रहे हैं। मुनिराज ने आगे फ़रमाया कि बच्चे जो देखते हैं वहीं सिखते है या उनका अनुसरण करने लगते हैं। समापन समारोह में उपस्थित पालकों ने मुनिराज की सन्निधि में उपस्थित सभी के समक्ष अपने अनुभव व बच्चों में अध्यात्म शाला के माध्यम से आए परिवर्तन के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कि। अध्यात्म शाला समापन समारोह अंत में सहयोगियों का बहुमान कर स्वादिष्ट स्वल्पाहार कराया गया।




स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26